RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 326 ■ मुंबई, मंगलवार 17 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



भारतीय खेती के आधुनिकीकरण का नया अध्याय
पेज-4



योगी सरकार पहली बार किसानों से MSP पर खरीदेगी मक्का
पेज-6



बहुत शुभ मानी जाती है केले के पेड़ की पूजा
पेज-8



महिला क्रिकेट विश्व कप का आया पूरा शेड्यूल
पेज-9

## ईरान ने की युद्ध विराम की अपील

### इजराइल अब आर-पार के मूड में, बोला- हम जीत के रास्ते पर, खाली कर दो राजधानी



**ईरान ने कहा कि अमेरिका युद्ध रुकवाने की पहल करे**

दूसरी ओर ईरान ने कतर, सऊदी अरब और ओमान से ट्रंप से इजरायल पर तत्काल युद्ध विराम के लिए दबाव बनाने के लिए कहा है। ईरान ने अरब देशों से कहा कि है कि वो अमेरिका से बात करे ताकि, अमेरिका, इजरायल को युद्ध विराम के लिए तैयार करे।

**महानगर नेटवर्क**

**तेहरान**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अब तेहरान के कई इलाकों को खाली करने की चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा है कि अब तेहरान का एयरस्पेस इजरायल के कब्जे में आ गया है। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल जीत के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद ईरान भी इजरायल पर हमले कर रहा है। इजरायल का कहना है कि वह ईरान को परमाणु हथियार बनाने से किसी भी कीमत पर रोकना चाहता है। वहीं ईरान का कहना है कि वह केवल सिविल कामों के लिए ही यूरोनियम एनरिजमेंट प्रोग्राम चला रहा था। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम जल्द ही अपने दोनों लक्ष्य हासिल कर लेंगे। ईरान से परमाणु हथियारों और मिसाइल हमलों की चुनौती पर हमारी जीत होने वाली है। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की राजधानी को खाली करने का समय आ गया है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचे ऐड्री ने भी एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके कहा कि तेहरान के लोगों को कहीं सुरक्षित जगहों पर चले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इजरायल तेहरान के सैन्य इलाकों में हमला करने वाला है। उन्होंने पोस्ट किया, प्यारे नागरिकों, आपकी सुरक्षा के लिए कहा जा रहा है कि तेहरान के कुछ इलाकों को आप तुरंत खाली कर दें। शहर का मैप देख लीजिए। इन इलाकों में रहने से आपके जीवन को खतरा हो सकता है।

## पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं : FATF



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

आतंकी फंडिंग की निगरानी करने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमला आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसमें टेरर फंडिंग की गई है।

FATF का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया है। ग्लोबल टेरर वॉच डॉग ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, उन्हें अंपग बनाते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं।

FATF का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। संस्था ने इसके पीछे एक गहरा और संगठित फाइनेंशियल नेटवर्क का संदेह जताया है। संस्था ने कहा कि कैसे पैसों की फंडिंग की वजह से ही आज के समय भी आतंकवाद जिंदा है। जब तक फंडिंग होती रहेगी, तब तक आतंकवाद जिंदा रहेगा।

सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को FATF की 'ग्रे लिस्ट' में डाला जा सकता है। FATF की एशिया-पैसिफिक ग्रुप (APG) की बैठक 25 अगस्त को होनी है। इसके बाद FATF के वर्किंग ग्रुप की बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इन बैठकों से पहले भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक डोजियर तैयार कर रहा है। FATF के उक्त बयान के बाद पाकिस्तान की नींद हराम होनी स्वाभाविक है।

## पीएम मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

# 'यह युद्ध का युग नहीं'



**महानगर नेटवर्क**

**निकोसिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III से सम्मानित किया। ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय साइप्रस की ओर से प्रदान किया जाने वाला नाइटहुड सम्मान है, जिसका नाम साइप्रस के प्रथम राष्ट्रपति आर्कबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया था। साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए साइप्रस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू की गई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह दो दशकों से अधिक के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा है। यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के निरंतर समर्थन के लिए आभारी हैं। आतंकवाद, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए हमारी एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र विकसित किया जाएगा।

**'भारत जल्द बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था**

मोदी ने भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। पिछले 11 सालों में भारत ने तेज़ी से आर्थिक प्रगति की है। टैक्स सुधार, जीएसटी, कॉरपोरेट टैक्स में कटौती और व्यापार करने में आसानी जैसे कदमों ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है।

## Short News एक नजर

### ED ने रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के व्यवसायी पति रॉबर्ट वाड्रा को ब्रिटेन स्थित हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। उन्हें 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है, ताकि इस मामले में उनका बयान दर्ज किया जा सके। इस मामले की जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

### पेट्रोल-डीजल से लेकर खाने-पीने के समानों की कीमत में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोमवार को थोक महंगाई दर के आंकड़े जारी किये गये। आंकड़ों के अनुसार, मई महीने के दौरान थोक महंगाई दर में भी कमी आई है और यह 0.39% रही। मई महीने में थोक महंगाई दर माह-दर-माह आधार पर 0.85% से घटकर 0.39% पर आ चुकी है। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'मुख्य तौर पर फूड प्रोडक्ट, इलेक्ट्रिसिटी, अन्य मैनुफेक्चरिंग, केमिकल्स व केमिकल प्रोडक्ट्स, अन्य ट्रांसपोर्ट इक्विपमेंट और नॉन-फूड प्रोडक्ट के मैनुफेक्चरिंग आदि की कीमतों में तेजी इसकी मुख्य वजह रही।'

### अस्पताल में सोनिया गांधी की हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट में परेशानी के चलते रविवार रात सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांधी (78 साल) को रात करीब 9 बजे गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है। डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है।

### सोना ऑलटाइम हाई पर, 10 ग्राम 99,214 का हुआ

**नई दिल्ली।** सोना सोमवार को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार सोना 156 रुपए बढ़कर 99,214 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोना पर 99,058 था। वहीं 13 जून को सोने ने 99,170 का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत 323 बढ़कर 1,06,490 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,06,167 पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## अधिसूचना : दो फेज में होगी जनगणना



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत सरकार ने सोमवार को जनगणना 2027 को अधिसूचित कर दिया है। इससे अब आधिकारिक तौर पर जनगणना का प्रोसेस शुरू हो गया है। यह 2011 के बाद देश की पहली जनगणना होगी। जनगणना का काम दो फेज में पूरा होगा। पहला फेज लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए 1 अक्टूबर, 2026 को शुरू होगा। देश के बाकी हिस्सों के लिए दूसरा फेज 1 मार्च, 2027 को शुरू होगा।

**जनगणना क्यों है जरूरी?**

जनगणना का होना बहुत ही जरूरी है। इसी के आधार पर चुनावी निर्वाचन क्षेत्र बनाए जाते हैं और एससी और एसटी कैटेगरी के लिए सीटें रिजर्व की जाती हैं। शिक्षा से लेकर ग्रामीण विकास तक के मंत्रालय स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का पता लगाने के लिए जनगणना के आंकड़ों का इस्तेमाल करते हैं। संविधान का अनुच्छेद 82 सबसे हालिया जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन अनिवार्य करता है। अनुच्छेद 330 और 332 एससी और एसटी के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात के आधार पर विधानसभाओं में सीटें रिजर्व करते हैं।

**कांग्रेस ने पूछे सवाल**



कांग्रेस पार्टी ने 16वीं जनगणना की अधिसूचना को निराशाजनक बताया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि इसमें जाति को शामिल करने पर कोई बात नहीं की गई है। कांग्रेस ने सरकार से पूछा है कि क्या यह एक और 'यू-टर्न' है। पार्टी ने केंद्र सरकार से तेलंगाना मॉडल अपनाने की मांग की है। पार्टी के अनुसार यह मॉडल जाति जनगणना और जाति के आधार पर सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों को जुटाने में मदद करेगा।

## मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में तेज बारिश



**मुंबई के निचले इलाकों में भरा पानी**

मुंबई में सुबह से ही लगातार बारिश होने से निचले इलाकों में पानी भर गया। मुंबई में मेट्रो 1 की सेवा सोमवार दोपहर बाधित हुई। आजाद नगर रेलवे स्टेशन पर ओवरहेड में तिरपाल फंसने के कारण यह तकनीकी खराबी आई। 15 मिनट बाद यातायात बहाल हो गया। भूस्खलन के कारण रत्नागिरी काशेडी सुरंग ढह गई है। लोनावला में भुशी डैम ओवरफ्लो हो गया है और पर्यटकों का हुजूम उमड़ रहा है। पुणे में जगबुडी नदी खतरे के निशान को पार कर गई है।

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

पिछले दो दिनों से मुंबई समेत पूरे राज्य में भारी बारिश हो रही है। इस बारिश का सीधा असर मुंबई लोकल पर पड़ा है। पुणे की कुछ नदियां भी खतरे के निशान को पार कर गई हैं। पूरे राज्य में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 16 घंटे में रायगढ़, पुणे और सतारा जिलों के घाट वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि मुंबई के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

(संबंधित खबरें पेज-3 पर)

**उल्हासनगर में नाले पर बना पुल ढहा**

उल्हासनगर में 500 से अधिक घरों तक पहुंच अवरुद्ध हो गई है। भारी बारिश के कारण नाले पर बना पुल टूट गया है। भारी बारिश के कारण उल्हासनगर के गणेश नगर इलाके में नाले पर बना पुल ढह गया है। इस घटना के कारण लोग अपने घरों से भी नहीं निकल पाये। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण चिपलून में वशिष्ठी नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

**इन इलाकों में भारी बारिश**

छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, पुणे, पिंपरी चिंचवड़, कल्याण, ठाणे, लातूर, नांदेड़ और कोंकण में भारी बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके चलते नागरिकों को जब तक बहुत जरूरी न हो, घरों से बाहर निकलने से बचना चाहिए।

## UPI-पेमेंट की रफ्तार अब फास्ट




**नई दिल्ली।** UPI पेमेंट 50% फास्ट हो गई है। यानी, अब आपका पेमेंट मैक्सिमम 15 सेकेंड में पूरा हो जाएगा, पहले की तरह 30 सेकेंड इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी, NPCI ने बीते महीने UPI से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किए थे जो 16 जून से लागू हो गए हैं। बैलेंस की जांच करने से लेकर ऑटो-पेमेंट के तरीके तक, कई चीजों को अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि लोगों के लिए पेमेंट करना और भी आसान बनाया जाये। ये सुविधा 1 जुलाई, 2025 के बाद से लागू होगी।

## भारत को मिला तेल-भंडार

### पेट्रोलियम मंत्री ने कहा- इससे भारत की GDP बढ़कर 20 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



भारत को अंडमान सागर में करीब 2 लाख करोड़ लीटर का क्रूड ऑयल का भंडार मिल सकता है। यह बात केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कही है। हरदीप सिंह ने कहा कि यह अनुमान सही निकला तो इससे भारत की GDP करीब 5 गुना तक बढ़ सकती है। हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि अंडमान सागर में कच्चे तेल और गैस का यह बड़ा भंडार दिखा है और सरकार ने इसे निकालने की तैयारियां शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इसके मिलने के बाद हमारी एनर्जी की जरूरतें एक झटके में पूरी हो जाएंगी। मंत्री ने कहा कि यह पेट्रोलियम भंडार हाल ही में गुयाना में मिले (11.6 बिलियन बैरल) कच्चे तेल के रिजर्व जितना हो सकता है।

**ONGC जैसी कंपनियों ने सर्वे और ड्रिलिंग का काम शुरू किया**

हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि अभी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कच्चा तेल निकालने का काम चल रहा है। जहां ऑयल इंडिया और ONGC जैसी कंपनियों ने नए भंडारों की तलाश में सर्वे और ड्रिलिंग का काम शुरू कर दिया है।

## अनंत यात्रा पर विजय रुपाणी...

### 21 तोपों की दी गई सलामी, शाह सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**महानगर नेटवर्क**

**अहमदाबाद/राजकोट**

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हो गया। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। उनके अंतिम संस्कार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित और सीएम भूपेंद्र पटेल भी शामिल हुए। अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे में उनकी जान गई थी। रविवार (15 जून) को विजय रूपाणी का डीएनए मैच हुआ था।

राजकोट में पूर्व सीएम विजय रूपाणी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले राजकोट शहर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर रूट डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की थी। सुरक्षा और प्रबंधन के लिए 1,500 से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया था। वहीं बीजेपी नेता विजय रूपाणी के निधन पर राजकीय शोक के तहत सोमवार को राज्य की अहम इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुकाया गया। गुजरात विधानसभा, स्वर्णिम कॉम्प्लेक्स 1, गांधीनगर (चौक) में तिरंगा आधा झुकाकर फहराया गया। पूर्व मुख्यमंत्री विजय उसी एयर इंडिया फ्लाइट में थे, जो 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुई। इसमें चालक दल समेत 241 यात्रियों की जान चली गई।

## सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाक नहीं भेजेगी SGPC



**महानगर नेटवर्क**

**अमृतसर**

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी 29 जून को मनाई जा रही शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सिख श्रद्धालुओं का जत्था नहीं भेजेगी। एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर पाकिस्तान जाने के लिए सिख श्रद्धालुओं ने अपने पासपोर्ट एसजीपीसी कार्यालय के यात्रा विभाग में जमा करवा दिए हैं।

उन्होंने बताया कि हर साल एसजीपीसी महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाने के लिए सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजती है, लेकिन दोनों देशों में तनावपूर्ण माहौल और भारत सरकार द्वारा यात्रा पर लगाई गई पाबंदियों और जारी दिशा-निर्देशों को देखते हुए एसजीपीसी ने इस बार यह जत्था नहीं भेजने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु अधिक जानकारी के लिए शिरोमणि कमेटी के यात्रा विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## एअर इंडिया का विमान हांगकांग लौटा




**तकनीकी खराबी बताई गई, शनिवार को भी दो एयरलाइंस की उड़ानें लौटी थीं; तीनों बोइंग ड्रीमलाइनर**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

हांगकांग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट (नंबर AI315) सोमवार को वापस लौट गई। इसमें तकनीकी खराबी की बात सामने आई है। यह उड़ान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की थी।

वहीं, रविवार को भारत आ रहे बोइंग के दो ड्रीमलाइनर प्लेन भी बीच रास्ते से लौट गए थे। इनमें से एक फ्लाइट लंदन से चेन्नई और दूसरी जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही थी। दोनों की सोमवार को लैंडिंग होनी थी।

ब्रिटिश एयरवेज के चेन्नई आ रहे बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को तकनीकी खराबी के चलते लौटना पड़ा। लुफ्थांसा एयरलाइन (जर्मनी) के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके चलते प्लेन को लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली और लौटना पड़ा।

अहमदाबाद में 12 जून बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान दो मिनट में क्रैश हो गया था। इसमें पायलट-क्रू समेत 242 लोगों में से 241 की जान चली गई थी। हादसे में सिर्फ एक पैसेंजर बचा।

## ईरान से आर्मेनिया के रास्ते लौटेंगे भारतीय छात्र

### इजराइल से टकराव के बीच 1500 स्टूडेंट्स फंसे; ईरान बोला- बॉर्डर खुले, विदेशी नागरिक जा सकते हैं

**महानगर नेटवर्क**

**तेहरान/तेल अवीव**

इजराइल से लगातार चौथे दिन जारी लड़ाई के बीच ईरान ने सोमवार को विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं लेकिन लैंड



बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिए ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी।

ईरान में करीब 1500 भारतीय स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इनमें करीब 1300 कश्मीरी हैं। 15 जून को इजराइल की एयरस्ट्राइक में तेहरान का हुजत दोस्त अली हॉस्टल भी निशाना बना। ये कश्मीरी स्टूडेंट्स का ठिकाना है। हमले में कुछ स्टूडेंट्स जख्मी भी हुए हैं। इसके बाद से इनके परिवार वापसी के लिए परेशान हैं।

श्रीनगर की रहने वाली सजादा अख्तर का बेटा तेहरान में पढ़ रहा है। वे कहती हैं 'बच्चे भले ही हमसे परेशान न होने को कह रहे हैं, लेकिन पिछले 3-4 दिनों से जो हालात बने हैं, उसे देखकर हम डरे हुए हैं।

# आज से शुरू हुआ नया शैक्षणिक सत्र

## मुख्यमंत्री ने पालघर के स्कूल में छात्रों को दिए गुलाब के फूल

## शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से छात्रों का किया स्वागत

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

विदर्भ को छोड़कर राज्य के सभी विभागों में सोमवार से स्कूल खुल गए। इस मौके पर विद्यालय प्रवेशोत्सव के माध्यम से गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में छात्रों का स्वागत किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जिला परिषद केंद्रीय प्राथमिक स्कूल दुर्वेस, जिला पालघर में गुलाब के फूल देकर स्कूली छात्रों का स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सातारा तालुका की कोडोली जिला परिषद प्राथमिक स्कूल में तथा उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दौंड तालुका जिला परिषद स्कूल आलेगांव में छात्रों का फूल देकर स्वागत किया। विदर्भ में सोमवार 23 जून से स्कूल खुलेंगे।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पालघर के जिला परिषद केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय दुर्वेस में गुलाब के फूल भेंट कर विद्यार्थियों का स्वागत किया। स्कूल प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की और उनसे बातचीत की।

स्कूल के पहले दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत विद्यार्थियों ने भी बड़े उत्साह के साथ बातचीत में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पौधरोपण भी किया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोडोली जिला परिषद प्राथमिक स्कूल में नव प्रवेशित छात्रों को गुलाब और चॉकलेट देकर छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें मन लगाकर पढ़ाई कर देश और राज्य का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय संस्थाओं के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र आज उच्च पदों पर काम कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय एपीजे अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकारी स्कूल में पढ़े हैं।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शाला प्रवेशोत्सव 2025 कार्यक्रम के तहत दौंड तालुका के जिला परिषद स्कूल आलेगांव में विद्यार्थियों का फूलों से स्वागत किया। पवार ने कहा कि आज स्कूली जीवन की यादें ताजा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को गढ़ने के लिए विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना तथा सभी विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। इस संबंध में विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, गणवेश, जूते उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसके लिए राज्य सरकार शिक्षा पर काफी खर्च कर रही है। उन्होंने छात्रों से कम से कम एक वृक्ष लगाने की अपील की।





# स्कूल के पहले दिन बच्चों का शानदार स्वागत

- बच्चों को फूल, चॉकलेट और स्कूली सामग्री मिली
- बच्चो के चेहरे पर खुशी की बहार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

सोमवार को राज्य के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल शुरू हुए। मुंबई मनपा के स्कूल भी सोमवार से शुरू हुए। मनपा प्रशासन की ओर से स्कूलों को रंगोली, फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। हर विद्यार्थी का गुलाब के फूल और चॉकलेट से स्वागत किया गया। नृत्य, ढोल-ताशे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों का जोश दोगुना हो गया। पहले ही दिन बच्चों को नया बैग, किताबें, नोटबुक और अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

राज्य के सांस्कृतिक कार्य मंत्री ॲड. आशीष शेलार ने बांद्रा (पश्चिम) के मुंबई पब्लिक स्कूल में बच्चों से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। वहीं, बांद्रा (पूर्व) स्थित स्कूल में शालेय शिक्षण राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर उपस्थित रहे। उन्होंने भी छात्रों को गुलाब, चॉकलेट और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यार्थियों ने ढोल-ताशों की गूंज और नृत्य के साथ स्वागत किया। शाला परिसर में रंगोली सजाई गई थी और वरिष्ठ विद्यार्थियों ने छोटे बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। बोरा बाजार स्थित मुंबई पब्लिक स्कूल में अतिरिक्त आयुक्त अमित सैनी की प्रमुख उपस्थिति में बच्चों को गुलाब और चॉकलेट देकर स्वागत किया गया और शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी आंचल गोयल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। मनपा द्वारा आयोजित इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों में उत्साह भर दिया, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के मन में भी संतोष और गर्व की भावना जागृत की।





मनपा आयुक्त ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और बच्चों को 27 वस्तुएं दी। बोरिवली (पश्चिम) स्थित पोयसर महापालिका विद्यालय में 'स्कूल प्रवेश उत्सव' और शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन आयुक्त गगराणी की प्रमुख उपस्थिति में किया गया।

# मुंबई में बारिश, लेकिन तालाब परिसर सूखे

- सातों तालाब में सिर्फ 8 .60 प्रतिशत पानी
- अतिरिक्त कोटे का पानी लेने की शुरुआत

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

26 मई को मुंबई में हुई भारी बारिश के बाद मुंबई में मानसून के आगमन की घोषणा हो गई। मानसून आने की घोषणा हो जाने के बाद रविवार 15 जून से मुंबई में दोबारा बारिश शुरू हुई और पिछले चौबीस घंटे में मुंबई में शहर के कई हिस्सों में 100 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग के कुलाबा केंद्र ने सोमवार सुबह 8:30 बजे तक 100.4 मिमी बारिश दर्ज की जबकि सांताक्रुज केंद्र पर 86 मिमी बारिश हुई। बारिश से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,लेकिन इस दौरान तालाब क्षेत्रों में काफी कम बारिश हुई,इसके कारण तालाबों के जलस्तर में कोई इजाफा नहीं हुआ है। मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली सातों तालाब में 16 जून को सुबह 6 बजे तक साफ 8.60 प्रतिशत पानी शेष रह गया है। मनपा को मुंबई में पानी सप्लाई के लिए राज्य सरकार के अतिरिक्त कोटे का पानी की शुरुआत की। मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले दो झीलों को छोड़कर ज्यादातर तालाब मुंबई से बाहर हैं। मुंबई को पानी आपूर्ति करने तालाब में 16 जून की सुबह 6 बजे तक सिर्फ 124471 एमएलडी पानी शेष है। सात तालाबों में मोडक सागर, तानसा, मध्य वैतरणा, अपर वैतरणा, भातसा , विहार और तुलसी की कुल क्षमता 1447363 एमएलडी का सिर्फ 8.60 प्रतिशत है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाले तालाबों में जलस्तर कम होने बाद अप्रैल में राज्य सरकार ने रिजर्व कोटे का पानी इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। मनपा को भातसा झील से 1.4 लाख एमएलडी और अपर वैतरणा झील से 93500 एमएलडी अतिरिक्त पानी रिजर्व कोटे से मिला है। इसका उपयोग सोमवार 16 जून से किया जाने लगा है। रिजर्व कोटे का पानी इस्तेमाल करने से 31 जुलाई तक पानी कटौती की नौबत नहीं आयेगी। इस पानी के लिए मनपाराज्य सरकार को अतिरिक्त शुल्क भी दे रही है।



| तालाबों में 16 जून को उपलब्ध पानी |
|---|
| वर्ष 2025 -124471 एमएलडी- 8.60 प्रतिशत |
| वर्ष 2024- 78499 एमएलडी-5 .42 प्रतिशत |
| वर्ष 2023-125055 एमएलडी- 8 .64 प्रतिशत |

# मनपा चुनाव से पहले कई विधायक छोड़ सकते हैं शरद पवार का साथ

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**



मुंबई मनपा और स्थानीय चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद गुट) पार्टी में बड़ा भूकंप आ सकता है। शरद पवार की पार्टी के कई विधायक अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और दूसरे पार्टी में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राकांपा (शरद गुट) के बड़ी संख्या में विधायक नाराज है, विरोधी दल होने के कारण विधायकों का काम नहीं हो रहा है,सत्ता में बैठे महायुति के मंत्री शरद पवार की पार्टी के विधायकों के विकास काम तो छोड़ दीजिए अन्य कोई भी काम नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर विधायक अस्वस्थ्य हैं, इसलिए विधायकों ने सत्ता के साथ जाने का मूड बना लिया है। नाराज चल रहे विधायक समय का इंतजार कर रहे हैं, सूत्रों का कहना है कि मुंबई मनपा और स्थानीय चुनाव से पहले कई विधायक शरद पवार का साथ छोड़कर अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अन्य पार्टी में शामिल हो सकते हैं। शरद पवार गुट के विधायक सत्ता न मिलने से बेचैन हैं। वे सत्ता में आने के लिए आतुर हैं। इसलिए पार्टी प्रमुख शरद पवार से सत्ता में शामिल होने की मांग कर रहे हैं, लेकिन शरद पवार सत्ता के साथ जाने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे एक बार फिर शरद पवार गुट में भूकंप आने की संभावना है। क्योंकि विपक्षी दल में रहने के कारण विधायकों का उनके क्षेत्र में काम नहीं हो रहा हैं,जबकि सत्ताधारी विधायकों के क्षेत्र में विकास काम जोरो पर है। सरकार की तरफ से विकास काम के लिए पर्याप्त निधि मिल रही है। शरद पवार के विधायकों का कहना है कि क्षेत्र में विकास काम नहीं होगा तो आने वाले चुनाव में क्या मुद्दे लेकर हम जनता के बीच जांएगे।

# गिरगांव मेट्रो स्टेशन के पास सड़क धंसी

## बेस्ट बस का पिछला पहिया गड्ढे में धंसा, कोई हताहत नहीं



**मुंबई।** मुंबई में सोमवार सुबह गिरगांव इलाके में मेट्रो स्टेशन के पास सड़क धंसने की घटना घट गई। सड़क धसने की घटना में बेस्ट की बस का पिछला पहिया फंस गया। जिस समय यह घटना घटी बेस्ट बेस में लगभग 35 यात्री सफर कर रहे थे। सुदैव से इस घटना में किसी को कोई चोट लगने की घटना नहीं घटी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे बाबासाहेब जयकर मार्ग पर ठाकुरद्वार सिग्नल के पास चल रहे मेट्रो स्टेशन के कार्य स्थल पर सड़क धसने की घटना घट गई। जिस समय सड़क धसी बेस्ट की बस गुजर रही थी। अचानक सड़क धंसने से बस का पिछला पहिया गड्ढे में फंस गया और बस एक ओर झुक गई और यात्रियों में दहसत फ़ैल गई। यात्रियों को बीच रास्ते में ही बस से उतरना पड़ा। इस वजह से सुबह के समय ट्रैफिक जाम की स्थिति भी उत्पन्न हुई। बेस्ट की यह बस 121 नंबर रूट की थी और बॅकबे डिपो से जे. मेहता मार्ग की ओर जा रही थी। हालांकि इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही टोइंग वैन मौके पर पहुंची और बस को गड्ढे से निकालकर डिपो वापस भेज दिया गया। गौरतलब है कि पिछले महीने 26 मई को वर्ली मेट्रो स्टेशन पर बारिश का पानी भर जाने की घटना सामने आई थी। अब गिरगांव में सड़क धंसने की घटना ने फिर एक बार मेट्रो निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि गिरगांव में प्रस्तावित पुनर्वास भवन के बेसमेंट में पानी रिसने की जानकारी मिली है। आशंका जताई गई है कि इमारत के पास जमीन के नीचे से पानी का रिसाव हो रहा है जिससे जमीन कमजोर होकर धंस गई। मेट्रो प्राधिकरण के अधिकारी मुंबई महापालिका के साथ मिलकर जांच कर रहे हैं कि यह पानी रिसाव किस कारण से हुआ। पानी की पाइपलाइन, सीवेज लाइन या बारिश के पानी की निकासी लाइन में से किससे हुआ इसे जल्द से जल्द ठीक करने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए जरूरी कदम उठाया जाएगा। प्रभावित सड़क की मरम्मत का काम मेट्रो के द्वारा शुरू कर दिया गया ।

# मुंबई के दो इंटरनेशनल स्कूलों को मिले धमकी भरे मेल

## शहर में भी धमाके की दी वार्निंग

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई के दो इंटरनेशनल स्कूलों को धमकी भरे मेल मिलने का मामला सामने आया है। वहीं घटना के बारे में सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस की टीम सूचना मिलने के बाद से जांच में जुटी हुई है। मुंबई के जिन दो स्कूलों को धमकी भरे मेल आए हैं,उनमें देवनार स्थित कनाकिया इंटरनेशनल स्कूल और कांदिवली के समतानगर स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल का नाम है। इन दोनों ही स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है। मेल भेजने वाले ने स्कूलों के अलावा मुंबई में बम धमाके की धमकी दी है।

**अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज**

वहीं दो स्कूलों को धमकी भरा मेल मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। घटना के बाद पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। हालांकि, पुलिस जांच में अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। फिलहाल इस मामले को लेकर मुंबई के देवनार और समतानगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मोदी सरकार की योजना तो बहाना है मनपा में भाजपा का झंडा फहराना है

- योजना के बहाने भाजपा का मनपा चुनाव की तैयारी

## जिला स्तर पर अलग -अलग माध्यम से भाजपा का कार्यक्रम

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

विधानसभा की तर्ज पर मुंबई मनपा की सत्ता पर भगवा फहराने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत के साथ मनपा चुनाव में की तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार के 11 साल पूरा होने पर सरकार की योजनाओं को अलग - अलग माध्यम से जन -जन तक पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के बाद अब जिला उसके बाद मंडल स्तर पर अलग - अलग माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर मोदी सरकार के योजनाओं को भाजपा जन -जन तक पहुंचा रही है।



सोमवार को मुंबई के दो अलग-अलग जिले में भाजपा की तरफ से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर मुंबई और उत्तर - पश्चिम जिले में भाजपा के नेताओं और पदाधिकारियों ने मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां गिनाई,जिले के बाद मंडल उसके बाद वार्ड स्तर पर जाकर भाजपा के कार्यकर्ता मोदी सरकार को योजनाओं को लोगों तक पहुचाएंगे। मोदी सरकार के योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के नाम पर भाजपा मनपा चुनाव की तैयारी में लग गई है। किसी भी हालत में मुंबई मनपा को जितना है,इसलिए पार्टी ने अभी से चुनाव की तैयारी में जुट गई है। प्रेस कांफ्रेंस में उत्तर -पश्चिम जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्व नगरसेवक ज्ञानमूर्ति शर्मा,विधायक अमित साटम,विधायक राजहंस सिंह,जबकि उत्तर पूर्व मुंबई में जिलाध्यक्ष दीपक तावड़े, विधायक प्रवीण दरेकर, विधायक योगेश सागर,वरिष्ठ नेता भाई गिरकर, विनोद शेलार, गणेश खनकर, महासचिव बाबा सिंह, प्रचार प्रमुख नीला कनुभाई राठोड़ और सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वसई-विरार में अगले 3-4 दिनों तक पानी की किल्लत

**महानगर संवाददाता**
**विरार**

वसई-विरार शहर महानगरपालिका ने घोषणा की है कि अगले तीन से चार दिनों तक शहर में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। नागरिकों से पानी का सावधानी से उपयोग करने और महानगरपालिका के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया गया है। पिछले कुछ दिनों से हो रही तेज बारिश और आंधी-तूफान के कारण बिजली आपूर्ति में लगातार रुकावटें आ रही हैं। विशेष रूप से, कवडास पंपिंग स्टेशन, सूर्या नगर जलशुद्धिकरण केंद्र (कासा-विक्रमगड), मासवण, और धुकटण के जलशुद्धिकरण केंद्रों पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) द्वारा बिजली की आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। इस वजह से पानी पंप करने और उसे शुद्ध करने का काम प्रभावित हो रहा है।



वर्तमान स्थिति मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की सूर्या 403 एमएलडी योजना से 16 जून की सुबह 8 बजे से जलापूर्ति पूरी तरह से रुक गई है। इसका सीधा असर वसई-विरार क्षेत्र पर पड़ रहा है, जहां पानी कम मात्रा में और कम दबाव के साथ पहुंच रहा है।

नागरिकों से अपील वसई-विरार शहर को सूर्या टप्पा-1 और 3 योजनाओं से प्रतिदिन 200 मिलियन लीटर पानी मिलता है, जबकि एमएमआरडीए की योजना से प्रतिदिन 150 एमएलडी पानी की आपूर्ति होती है। उप आयुक्त दीपक झिंजाड ने नागरिकों से अपील की है कि आने वाले 3 से 4 दिनों तक जलापूर्ति सीमित रहेगी, इसलिए वे पानी का अधिकतम बचाव करें और महानगरपालिका के साथ सहयोग बनाए रखें। इस दौरान पानी का उपयोग अनुसार करना महत्वपूर्ण है ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सके।

# पीजी हॉस्टल में रह रही युवती ने की आत्महत्या, सुरक्षा पर उठे सवाल

## कैमरे न होने से परिजनों को अनहोनी की आशंका

**नवी मुंबई।** ऐरोली सेक्टर 1 स्थित ओमकार हाइट्स सोसायटी में एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत 22 वर्षीय युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान नंदिनी तिवारी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर की निवासी थी और नवी मुंबई के विप्रो आईटी पार्क में कार्यरत थी। नंदिनी ऐरोली में एक पेइंग गेस्ट हॉस्टल में तीन अन्य युवतियों के साथ रह रही थी। हालांकि छुट्टी के कारण अन्य लड़कियां अपने-अपने घर चली गई थीं और वह कमरे में अकेली थी। सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे तक दरवाजा न खुलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर पुलिस ने जब अंदर प्रवेश किया, तो युवती का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया।

प्रारंभिक जांच में रबाले पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव की बातें लिखी गई हैं। पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और विस्तृत जांच जारी है।

**कैमरे नहीं, सुरक्षा पर गंभीर सवाल**

इस घटना के बाद पीजी हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# मेट्रो कारशेड का विरोध हुआ और तेज



**भायंदर।** मेट्रो के लिए बन रहें कारशेड के विरोध में शहर के लोगों ने मनपा आयुक्त को निवेदन पत्र देकर अपना विरोध दर्ज कराया हैं। इस मेट्रो के लिए भायंदर (पश्चिम) स्थित डोंगरी परिसर में कारशेड प्रस्तावित हैं। इस कारशेड के लिए यहां के 12400 पेड़ो को काटा जाएंगा। इसके अलावा कई लोगों के घर भी इस कारशेड के लिए तोड़े जाएंगे। शहर के लोगों ने इस कारशेड के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया था,इस हस्ताक्षर अभियान में 21 हजार से ज्यादा लोगों ने अपने हस्ताक्षर करके इस कारशेड का विरोध किया हैं। इसके अलावा शहीद मेजर कौस्तुभ राणे की मां ज्योती राणे , कोली समाज , आधार दिव्यांग संस्था,सत्य काम फाउंडेशन एवं अन्य संस्थाओं एवं नागरिकों द्वारा भी अलग-अलग निवेदन पत्र दिया गया हैं। । पर्यावरण प्रेमी लोगों का कहना है की इस कारशेड की वजह से यहां के पेड़ों को काट कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का काम हो रहा हैं । इस कारशेड के कारण वन्य जीवों एवं पक्षियों का आशियाना उजड़ जाएंगा । ग्लोबल वार्मिंग का विचार करते हुए इस प्रस्ताव को रद्द करके इस कारशेड को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना चाहिए । मनपा आयुक्त के अलावा इस मामले में महाराष्ट्र के राज्यपाल , मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,वनमंत्री गणेश नाईक , परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक , महाराष्ट्र के मुख्य सचिव,पुलिस महासंचालन रश्मि शुक्ला , वन पर्यावरण प्रधान सचिव, जिल्हाधिकारी अशोक शिनगारे को भी निवेदन पत्र दिया गया हैं ।

# बरसात में शहर के कई परिसरों में हुआ जल जमाव



**भायंदर।** बरसात के शुरूआत में ही शहर के कई इलाकों में जल जमाव हो गया। इस जल जमाव के कारण यहां के रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा । भायंदर ( पश्चिम ) के राई गांव , डि मार्ट रोड़ , स्पेन हाइट्स परिसर , बेकरी गली भायंदर ( पूर्व ) में जेसल पार्क इन्द्रलोक परिसर के आजाद नगर एवं मिरारोड के कई इलाकों में पानी जमा हुआ था। कई जगहों पर गटर पुरे भर कर पानी बाहर आ रहा था। इस जल जमाव के बाद शहर के लोगों ने नाला सफाई ठेकेदार एवं मनपा के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की हैं। लोगों का कहना है कि मनपा हर साल नाला सफाई के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च करती हैं उसके बावजूद बरसात के आरंभ में ही नाले भर जाते हैं तो फिर नाला सफाई का क्या फायदा । कुछ लोगों ने ठेकेदार पर इस काम में लापरवाही का आरोप भी लगाया हैं। हालाकि बरसात के पहले मनपा आयुक्त एवं परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने नाला सफाई के काम का जायजा भी लिया था।

# उल्हासनगर में गर्माने लगी राजनीति

## राजनीतिक पार्टियों के बैठकों का दौर जारी

**महानगर संवाददाता**
**उल्हासनगर**

मनपा चुनाव नजदीक शहर की राजनीति गर्माने लगी है,और मनपा की सत्ता हासिल करने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां बैठकों का दौर अभी से शुरू कर दी है। इसके साथ ही उल्हासनगर मनपा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने अपने समर्थकों के साथ लगातार बैठक करके शहर की राजनीति को और गर्मा दिया है। पिछले कई सप्ताह से कालानी के भाजपा में प्रवेश लेने या भाजपा के साथ मनपा चुनाव में टीम ओमी कालानी के गठबंधन की सुगबुगाहट तेज हो गई थी। परंतु गत सप्ताह युवा नेता ओमी



पप्पू कालानी अपने समर्थक प्रवक्ता कमलेश निकम के साथ राज्य के उपमुख्यमंत्री शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर राजनीतिक रणनीति को नया मोड़ दे दिया है। हालांकि अभी तक कन्फ्यूजन के तहत कालानी किस पार्टी में जायेंगे किसके साथ गठबंधन करेंगे यह असमंजस बना हुआ है। बता दे कि उल्हासनगर में वर्षो से गठबंधन की सत्ता बनती आ रही है, गत मनपा चुनाव में पूर्व विधायक पप्पू कालानी के बेटे ओमी कालानी द्वारा गठित की गई टीम ओमी कालानी से भाजपा ने गठबंधन कर 32 नगरसेवकों को जिताने में दोनो पार्टियों ने सफलता हासिल की थी, इतिहास में पहली बार भाजपा ने उल्हासनगर मनपा में अपना महापौर बनाया था। ढाई वर्ष में विधानसभा चुनाव के दौरान ओमी कालानी की पत्नी पूर्व महापौर पंचम कालानी को भाजपा द्वारा विधानसभा का टिकट नहीं देने से ओमी कालानी ने गठबंधन तोड़कर पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शिवसेना का महापौर बनाने में मदद कर राजनीति में हलचल तेज कर दिया था,ध्यान देने की बात है महाराष्ट्र की सत्ता में शामिल शिवसेना शिंदे गुट और भाजपा दोनो पार्टियों की नजर उल्हासनगर मनपा की सत्ता पर टिकी है।

# सोशल मीडिया पर अश्लील मॉर्फ्ड तस्वीरें शेयर की, मामला दर्ज

**मुंबई।** एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने डिजिटल उत्पीड़न और मानहानि के मामले में उसके पूर्व बॉयफ्रेंड पर एफआईआर दर्ज किया है। आरोपी ने उसकी छवि खराब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर अश्लील मॉर्फ्ड तस्वीरें शेअर की हैं। आरोपी की पहचान राहुल (25) के रूप में हुई है, वह सूरत का रहने वाला है। पंत नगर पुलिस ने उसपर छेड़छाड़ और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता अपने परिवार के साथ घाटकोपर में रहती है और उसकी मुलाकात राहुल से दो साल पहले हुई थी। जल्द ही दोनों के बीच दोस्ती प्यार में बदल गई और राहुल अक्सर सूरत से मुंबई आकर उससे मिलने लगा। वे महीने में चार से पांच बार मिलते थे और साथ में कई निजी तस्वीरें भी ली गई थीं,जो राहुल के मोबाइल फोन में थीं। हालात तब बिगड़ने लगे,जब महिला को पता चला कि राहुल शराब पीने लगा है। उसके शराब के नशे में गाली-गलौज करने और दुर्व्यवहार से परेशान होकर महिला ने फरवरी 2025 में रिश्ता समाप्त कर दिया। ब्रेकअप के बाद उसने राहुल से सभी प्रकार के संपर्क खत्म कर दिए और उसे सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया।

# पर्यटकों की सुरक्षा पर देंगे अधिक ध्यान: फडणवीस

## पुल हादसे से भविष्य में सीखने की कई बातें

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

रविवार को पुणे जिले की मावल तालुका में इंद्रायणी नदी पर बना पुल गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। सीएम फडणवीस ने कहा कि इस दुर्घटना से भविष्य से सीखने की कई बातें हैं। अब पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर अधिक सजगता से काम करना होगा। पालघर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर 10 जून को ठेका मिलने के बाद पुल का काम शुरू भी हो जाता तो इतनी जल्दी काम पूरा नहीं हो पाता। जिला कलेक्टर ने इस पुल को खतरनाक घोषित किया था, गांव वालों ने भी वहां बोर्ड लगाया था कि पुल खतरनाक है। फिर भी वहां पर्यटक जमा हो गए। अक्सर ऐसी बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता। इससे भविष्य के लिए सीखने वाली बातें हैं। पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर अधिक सजगता से काम करना होगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि 500 जगहें ऐसी हैं, जो मानसून के दौरान खतरनाक हो जाती हैं। इसमें केवल पुल की नहीं, अन्य चीजें भी हैं। पर्यटक प्रकृति की खूबसूरती देखने जाते हैं। हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि उन्हें कैसे सुरक्षित रखा जाए। बता दें कि इंद्रायणी नदी पर बना पुल 30 साल पुराना था। माना जा रहा है कि पुल पर पर्यटकों की भारी भीड़ जमा होने के कारण यह पुल गिर गया।



### पुल हादसे की हो उच्च स्तरीय जांच: सपकाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि इंद्रायणी नदी पुल हादसे की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कुंडमला का लोहे का पुल पहले से ही कमजोर हो चुका था, और सरकार खुद कह रही है कि इसके लिए एक साल पहले फंड मंजूर किया गया था तो फिर एक साल तक काम क्यों नहीं हुआ? क्या सरकार हादसे का इंतजार कर रही थी? प्रशासन कहता है कि पुल पर चेतावनी बोर्ड लगाया गया था, लेकिन इस तरह केवल बोर्ड लगाकर सरकार और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। इस हादसे में 55 पर्यटक बह गए, जिनमें से कई को बचा लिया गया, लेकिन चार की मौत हो गई और छह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसका जिम्मेदार कौन है? मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने से सरकार की जिम्मेदारी खत्म नहीं होती। जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलेगी, तब तक कोई इसे गंभीरता से नहीं लेगा, और इसी तरह मासूम लोग मरते रहेंगे।

### राज ठाकरे ने सरकार को सुनाई खरी-खरी

पुल हादसे पर मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने सरकार को खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि आपको सत्ता का अनुभव होगा, लेकिन इसका राज्य के लिए क्या उपयोग हैं? ठाकरे ने कहा कि अगर यह पुल खतरनाक था, तो वहां प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया गया, यह सवाल है। अगर पुल खतरनाक था, तो इसे तोड़कर नया पुल क्यों नहीं बनाया गया? हर घटना के बाद सरकार में बैठे लोगों की एक निश्चित प्रतिक्रिया होती है कि बचाव कार्य तेजी से चल रहा है और सरकार प्रभावित नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ी है। ठाकरे ने सवाल किया कि ऐसी घटना आखिर होती क्यों हैं? सरकार के इतने सारे विभाग हैं, आखिर वे करते क्या हैं? उन्होंने लोगों को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें अपने उत्साह पर थोड़ी लगात लगानी चाहिए।



# रविवार से शुरू हुई बारिश का सोमवार को भी बना रहा जोर

- **कई जगह पेड़ और दीवार गिरी**
- **चार लोग घायल,एक व्यक्ति की हालत गंभीर**

**मुंबई।** रविवार से शुरू हुई बारिश का जोर सोमवार को भी बना रहा, जिससे मुंबई के निचले इलाकों अंधेरी सबवे सहित सायन आदि इलाकों में पानी भर गया। इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या रही और पैदल चलने वालों को परेशानी हुई। बारिश की वजह से कई इलाकों में पेड़ गिरने और इमारतों के कुछ हिस्से गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मुंबई में दिनभर में 36 जगहों पर पेड़ और पेड़ की टहनियां गिरने की घटनाएं हुईं।

भारतीय मौसम विभाग के कुलाबा केंद्र ने सोमवार सुबह 8:30 बजे तक 100.4 मिमी बारिश दर्ज की, जबकि सांताक्रुज केंद्र पर 86 मिमी बारिश हुई। दोनों आंकड़े "जोरदार बारिश" की श्रेणी में आते हैं। मनपा के स्वचालित मौसम केंद्रों के अनुसार रविवार सुबह 8 बजे से सोमवार सुबह 8 बजे तक वडाला में सबसे अधिक 161.4 मिमी बारिश हुई, इसके बाद माटुंगा में 147.55 मिमी, लोअर परेल में



143.46 मिमी और वर्ली फायर स्टेशन पर 140.73 मिमी वर्षा दर्ज की गई। पश्चिमी उपनगरों में बांद्रा में 134.59 मिमी और बीकेसी फायर स्टेशन पर 103.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। पूर्वी उपनगरों में, चेंबूर में 111 मिमी, कुर्ला में 86 मिमी और पवई में 83 मिमी बारिश हुई। इस बारिश के कारण भांडुप एलबीएस मार्ग, कुर्ला रेलवे स्टेशन पश्चिम परिसर, सायन गांधी मार्केट, चेंबूर शैल कॉलोनी, मानखुर्द, पवई के कुछ हिस्से, चूनाभट्टी इलाके जैसे निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। इसके कारण इन इलाकों में वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। पैदल चलने वालों का चलना भी नामुमकिन हो गया। हालांकि, पानी निकालने के लिए पंप लगाने के बाद पानी जल्दी ही निकल गया।

**इमारतें गिरने की भी घटनाएं हुईं**

मुंबई के कुछ इलाकों में पेड़ के साथ-साथ इमारतें गिरने की भी घटनाएं हुईं। सोमवार सुबह करीब 11:45 बजे अंधेरी ईस्ट के ताकपाड़ा में 48 वर्षीय जय बसु पर पेड़ गिर गया, जिससे वे घायल हो गए। सेवन हिल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है।

**पेड़ों और घरों का गिरना**

सोमवार को मुंबई में पेड़ और टहनियाँ गिरने की 36 घटनाएं हुईं। इनमें से 22 पश्चिमी उपनगरों में, आठ पूर्वी उपनगरों में और छह शहर में हुईं। जबकि घर और घर की दीवारें गिरने की चार घटनाएं शहर में और दो-दो पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में हुईं। जबकि शॉर्ट सर्किट की तीन घटनाएं हुईं।

### 24 घंटों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने अगले 16 घंटे में रायगढ़ और पुणे एवं सतारा जिलों के घाट वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि मुंबई के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार दोपहर को अगले पांच दिन के लिए जिला पूर्वानुमान और चेतावनी जारी की। इसमें मंगलवार सुबह 8:30 बजे तक रायगढ़ जिले में कुछ स्थानों पर और पुणे और सतारा जिलों के घाट वाले क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा और कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है।

### इन इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

मुंबई, ठाणे, पालघर, रत्नागिरी और कोंकण क्षेत्र के सिंधुदुर्ग जिले और विदर्भ क्षेत्र के अमरावती, भंडारा, गोंदिया और नागपुर जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। इसमें कुछ या अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की अशंका जताई गई है। आईएमडी के अनुसार, पूर्वानुमान और चेतावनी मंगलवार सुबह 8.30 बजे तक मान्य होगी। 'रेड अलर्ट' 'कार्रवाई करने' का संकेत देता है, वहीं 'ऑरेंज अलर्ट' अधिकारियों को 'कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने' का संकेत देता है।

# अस्थाई रूप से बंद होंगे खतरनाक पर्यटन स्थल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

सरकार ने इंद्रायणी नदी पर बने पुल ढहने की घटना से सबक लेते हुए मानसून के दौरान सभी खतरनाक पर्यटक स्थलों को अस्थाई तौर पर बंद करने का निर्णय लिया है।

मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने निर्देश दिए कि मानसून के दौरान जिन स्थानों पर पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं, वहां पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए। खतरनाक पर्यटन स्थलों पर साइन बोर्ड लगाने के साथ-साथ उन पर्यटन स्थलों को अस्थायी रूप से बंद किया जाना चाहिए, जब तक कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मरम्मत न हो जाए। इसके साथ ही, प्रशासन या पुलिस व्यवस्था के निर्देश के बाद भी सावधानी न बरतने वाले पर्यटकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि मानसून के दौरान कुछ पर्यटन स्थलों पर पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं। ऐसे स्थानों पर प्रशासन को अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। पर्यटकों की जान को नुकसान से बचाने के लिए उन स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए, जहां खतरा है और यदि आवश्यक हो तो पर्यटकों के आने पर अस्थायी रोक लगाई जानी चाहिए। यदि इसके बाद भी कुछ पर्यटक प्रशासन के निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो ऐसे पर्यटकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

# मुंबई वाटर मेट्रो का काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए

**बंदरगाह मंत्री नितेश राणे का अधिकारियों को निर्देश**

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई में वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था बनाने की दृष्टि से वाटर मेट्रो परियोजना महत्वपूर्ण है इसलिए इस परियोजना का काम जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए. सोमवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में राज्य के मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने ऐसा अधिकारियों को निर्देश दिया है. राणे ने कहा कि वॉटर मेट्रो की विकास योजना का प्रारूप तीन महीने के भीतर प्रस्तुत की जानी चाहिए, नितेश राणे ने कहा कहा कि मुंबई में वाटर मेट्रो शुरू करने का काम कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड को दिया गया है.जिसकी रिपोर्ट कंपनी ने मंत्री राणे को सौपी।



इस अवसर पर महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी. प्रदीप, प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप बडिये और कोच्चि मेट्रो रेल कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री राणे ने कहा कि नागरिकों के लिए वाटर मेट्रो की सेवा जल्द से जल्द शुरू हो इसके लिए हमने विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए हैं। अब जल्द ही मुंबईकरों की सेवा के लिए वाटर मेट्रो शुरू की जाएगी। मुंबई में जल परिवहन के लिए काफी अवसर हैं राणे ने कहा कि वाटर परिवहन के क्षेत्र में खास तौर पर बांद्रा, वर्ली, वर्सोवा, दक्षिण मुंबई और नवी मुंबई में काफी अवसर हैं। वाटर मेट्रो के रूट चुनते समय इन अवसरों पर पूरी तरह से विचार किया जाना चाहिए।

# गुरुवार को अंधेरी में बंद रहेगी 11 घंटे पानी सप्लाई

**मुंबई।** अंधेरी पश्चिम और वर्सोवा इलाके में जलापूर्ति करने वाली पाइपलाइन पर वाल्व बदलने का काम गुरुवार दो बजे से लेकर शुक्रवार की रात 1 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य के दौरान अंधेरी के कुछ इलाकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। मनपा प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस मरम्मत कार्य की अवधि के दौरान पानी का भंडारण करें और सावधानीपूर्वक उपयोग करें। बता दें कि अंधेरी पश्चिम के गोपालकृष्ण गोखले पुल के नीचे स्थित बांद्रा जलवाहिनी पर 1350 मिमी व्यास की फ्लो कंट्रोल वाल्व की मरम्मत और वेसावे जलवाहिनी पर 900 मिमी व्यास की बटरफ्लाई वाल्व को बदलने का कार्य किया जाएगा,जिसके चलते गुरुवार शाम 2 बजे से रात 1 बजे तक जलापूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।

**इन इलाको में जलापूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी**

**पश्चिम विलेपार्ले क्षेत्र:** लल्लूभाई उद्यान, लोहिया नगर, पार्ले गांव, मिलन सबवे, जुहू-विलेपार्ले विकास योजना (JVPD स्कीम), जुहू गांव क्रमांक 03, वी.एम. रोड विले पार्ले (पश्चिम) मोरागांव, जुहू गांव क्रमांक 01 व 02, विलेपार्ले (पश्चिम) गिल्बर्ट हिल, अंधेरी पश्चिमः जुहू गली, धनगरवाड़ी, सागर सिटी सोसायटी, अंधेरी (पश्चिम)

# सोशल मीडिया के फोटो का इस्तेमाल कर अश्लीलता फैलाने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** दहिसर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लीलता फैलाने और बदनाम करने के गंभीर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दहिसर साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई करते हुए, कर्नाटक के बेल्लारी जिले के सांडूर से आरोपी को गिरफ्तार किया है। 31 जनवरी को युवती ने दहिसर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात आरोपी ने उनके नाम से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर उस



पर अश्लील संदेश और स्टोरीज पोस्ट की हैं। आरोपी ने उन्हें बदनाम करने और ब्लैकमेल करने के लिए गंदी भाषा का प्रयोग किया। पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी की जानकारी फेसबुक और गूगल से प्राप्त कर तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान की।

# कुष्ठ रोगियों के लिए काम करने वाले 11 एनजीओ को अनुदान

**कुल 94,39,383 का सहायक अनुदान वितरित**

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

कुष्ठ रोगियों के लिए अस्पताल के आधार पर काम करने वाले 11 गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को सहायक अनुदान प्रदान करने के लिए बजट में 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। इस अनुदान में से 94,39,383 रुपए 11 एनजीओ को वितरित किए गए हैं।

इस संबंध में सोमवार को जारी महाराष्ट्र लोक स्वास्थ्य विभाग के शासनादेश के अनुसार जिन 11 एनजीओ को सहायक अनुदान दिया गया है, उनमें बाबा आमटे की संस्था महारोगी सेवा समिति आनंदवन, वरोरा जिला चंद्रपुर, कुष्ठरोग निवारण समिति शांतिवन नेरे, जिला रायगड, अहमदनगर जिला कुष्ठरोग निवारण समिति अहमदनगर, रिचर्डसन लेप्रसी हॉस्पिटल मिरज, जिला सांगली, कुष्ठ निवारण दवाखाना, वडोली तालुका तलासरी, जिला पालघर, विदर्भ महारोगी सेवा मंडल, तपोवन, जिला अमरावती, लेप्रोसी मिशन, लेप्रसी अस्पताल कोठारा, तालुका अचलपुर, जिला अमरावती, लेप्रसी रिहैबिलिटेशन सेंटर, निंभोरा जिला अमरावती, महारोगी सेवा समिति, महात्मा गांधी शिक्षण संस्था वावर्दा, तालुका मोताला, जिला बुलढाणा शामिल हैं।

# वारकरियों को टोल माफी

**मुंबई।** पिछले साल की तरह इस साल भी पंढरपुर जाने वाले वारकरियों को टोल माफी देने का निर्णय लिया गया है। आषाढी एकादशी के अवसर पर 18 जून से 10 जुलाई के बीच टोल माफी प्रदान की जाएगी। सोमवार को सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी किया। टोल माफी पंढरपुर जाने वाली 10 प्रतिष्ठित पालखी मार्ग पर दी जाएगी। इसका लाभ वारकरी, पालकियों और आम भक्तों को मिलेगा। पंढरपुर जाने वाले हल्के और भारी वाहनों को टोल से छूट मिलेगी। टोलमाफी का लाभ देने के लिए वाहन नंबर, चालक का पंजीयन कर परिवहन या पुलिस विभाग से स्टीकर्स उपलब्ध कराए जाएंगे। पिछले 28 मई को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में आषाढी वारी के लिए पंढरपुर जाने वाली पालकियों सहित भक्तों की सुविधाओं के लिए टोलमाफी सहित पालकी मार्ग की मरम्मत आदि को लेकर निर्णय लिए गए थे।

# राउत को उचित समय पर सही दवा दी जाएगी : पाटिल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत अपने तीखे बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। इस बीच भाजपा ने उनपर पलटवार किया है। महाराष्ट्र के मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राउत राजनीतिक पीलिया से लगते हैं, क्योंकि उन्हें हर चीज में दोष दिखाई देता है। उचित समय पर उन्हें सही दवा दी जाएगी।

पाटिल ने महाराष्ट्र के सांगली में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, उन्होंने



व्यंग्य के साथ एक मराठी मुहावरे का इस्तेमाल करते हुए कहा, ''संजय राउत को हर चीज पीली दिखाई देती है। जब किसी को पीलिया होता है, तो उसे सब कुछ पीला दिखाई देता है। वह राजनीतिक पीलिया से पीड़ित लगते हैं, क्योंकि उन्हें हर चीज में दोष दिखाई देते हैं, मुझे दवा पता है और मैं उन्हें सही समय पर वह दवा दूंगा।''

**मोदी सरकार की गिनाई उपलब्धियां**

मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए पाटिल ने कहा कि पीएम मोदी ने 26 वर्षों तक शीर्ष पद पर रहकर एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की है, जिसकी वैश्विक स्तर पर कोई तुलना नहीं है. वो 15 वर्षों तक गुजरात के मुख्यमंत्री और 11 वर्षों से प्रधानमंत्री हैं. उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी ने दिखाया कि कैसे मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और आयुष्मान भारत योजना के तहत घर, एलपीजी कनेक्शन, नल का जल कनेक्शन, मुफ्त खाद्यान्न और स्वास्थ्य सेवा प्रदान की है।

# ठाणे में गुरुवार को पानी नहीं

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

एसटीईएम प्राधिकरण द्वारा ठाणे नगर निगम को तत्काल मरम्मत कार्य के कारण गुरुवार, 19 जून को सुबह 9 बजे से शुक्रवार, 20 जून को सुबह 9 बजे तक ठाणे मनपा द्वारा पानी की आपूर्ति बंद की जाएगी। सोमवार को ठाणे मनपा ने एक बयान जारी कर आव्हान किया है कि तकनीकी कारणों से ठाणे के कुछ इलाकों में 12 घंटे के लिए पानी की आपूर्ति नहीं हो सकती है। इस अवधि के दौरान, ठाणे नगर निगम की अपनी जल आपूर्ति योजना का प्रबंधन करके चरणबद्ध तरीके से ठाणे शहर को पानी की आपूर्ति जारी रखने की योजना बनाई गई है। इस क्रम में, घोड़बंदर रोड, पाटलीपाड़ा, पवार नगर, कोठारी कंपाउंड, आजाद नगर, डोंगरीपाड़ा, वाघविल, आनंद नगर, कासरवडवली, ओवला आदि स्थानों पर गुरुवार दिनांक 19.06.2025 को सुबह 09.00 बजे से 09.00 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी। इसके साथ ही, समता नगर, रितु पार्क, सिद्धेश्वर, इटरनिटी, जॉनसन, जेल, साकेत, उथलसर, रेतीबंदर, कलवा और मुंब्रा के कुछ हिस्सों में शुक्रवार दिनांक 19.06.2025 को रात 9.00 बजे से सुबह 09.00 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी। इस तरह, कुछ समय के लिए चरणों में जलापूर्ति जारी रखने की योजना बनाई गई है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**के/पश्चिम वार्ड**
**घनकचरा प्रबंधन**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

'स्वच्छ मुंबई प्रबोधन अभियान' योजना लागू करने हेतु स्थानीय पंजीकृत श्रमिक सहकारी संस्था, सेवा सहकारी संस्था, बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों आदि, जो के/पश्चिम वार्ड की सीमा में पंजीकृत हैं, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पात्र संस्थाओं की सूची तैयार की जाएगी और कार्य हेतु संस्थाओं के चयन के लिए पात्र सूची से लॉटरी निकाली जाएगी.

विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र और आशय पत्र के लिए इच्छुक संस्थाएं http://portal.mcgm.gov.in वेबसाइट या सहायक अभियंता (घनकचरा प्रबंधन), के/पश्चिम वार्ड के कार्यालय से संपर्क करें.

संस्था को निविदा फॉर्म 24.06.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक विभागीय कार्यालय में खरीदना अनिवार्य है तथा निविदा फॉर्म 25.06.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक विभागीय कार्यालय में जमा करना आवश्यक है.

हस्ता./-
सहायक अभियंता
(घनकचरा प्रबंधन)
के/डब्ल्यू वार्ड

पीआरओ/688/विज्ञा. /2025-26

जहां तक संभव हो घर पर तैयार ताजे खाद्य पदार्थ ही खायें


# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर कटे 269 करोड़ के चालान, वसूली मात्र 9 प्रतिशत



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर पिछले वर्ष 19 जुलाई को 'इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' (आईटीएमएस) के सक्रिय होने के बाद से यातायात उल्लंघन के लिए 269.47 करोड़ रुपये के 17 लाख ई-चालान काटे गये, लेकिन मार्च 2025 तक वसूली मात्र 9 प्रतिशत रही. अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

**8.89 प्रतिशत ई-चालान का किया गया भुगतान**

अधिकारियों के दस्तावेजों के अनुसार, 1.51 लाख या 8.89 प्रतिशत ई-चालान का भुगतान कर दिया गया, जिससे 25.17 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जो भुगतान की जाने वाली कुल राशि का 9.33 प्रतिशत है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन से मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार ने पिछले वर्ष 19 जुलाई से 31 दिसंबर के बीच जारी किए गए 8.84 लाख ई-चालान के लिए आईटीएमएस ऑपरेटर को 57.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया है. महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरटीसी) ने इस परियोजना का क्रियान्वयन किया है. इस एक्सप्रेसवे का निर्माण निगम ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत आरटीओ और राजमार्ग पुलिस के सहयोग से किया है। राज्य परिवहन विभाग ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना के लिए सड़क सुरक्षा कोष से 45 करोड़ रुपये की व्यवहार्यता अंतर निधि दी है. निगम ने आईटीएमएस के हिस्से के रूप में 40 लोहे के ढांचे और सैकड़ों सीसीटीवी, जिसमें गति का पता लगाने वाले कैमरे, वाहन में भार का पता लगाने वाले सेंसर, मौसम सेंसर, एक कमांड एवं नियंत्रण कक्ष और एक्सप्रेसवे के कई स्थानों पर सहायक सुविधा केंद्र का निर्माण शामिल है।

# बुजुर्ग को तेज रफ्तार रिक्शे ने मारी टक्कर, मौत

**मुंबई ।** अंधेरी-कुर्ला रोड पर सड़क पार कर रहे 60 वर्ष के बुजुर्ग को एक तेज रफ्तार रिक्शा ने टक्कर मार दी। इस हादसे में शख्स बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद घायल बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**भोजन के लिए मेट्रो स्टेशन के पास बुजुर्ग मांगता था भीख**

इस पूरे मामले में मुंबई के सहार पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें सूचना मिली कि अंधेरी कुर्ला रोड,उत्तर की ओर, मेट्रो स्टेशन नंबर 4 के पास एक दुर्घटना हुई है। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और देखा कि व्यक्ति सड़क पर बेहोश पड़ा था। पुलिस ने उसे डॉ। आर एन कूपर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेक करते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें दिखा कि एक तेज रफ्तार रिक्शा ने उसको उड़ाया और मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई। मृतक अपनी मौत से दो तीन दिन पहले मेट्रो स्टेशन क्षेत्र में घूम रहा था और भोजन के लिए भीख मांग रहा था।


**पश्चिम रेलवे**

**मरम्मत/रिकंडीशनिंग/ओवरहॉलिंग कार्य**

वरि. डीईई/टीआरएस/बीएल, इलेक्ट्रिक लोको शेड, वलसाड द्वारा **ई-निविदा क्र. : ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/22, दिनांक : 12.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान :** दो वर्षों की अवधि हेतु वलसाड स्थित लोकोमोटिव्ज में सुसज्जित मेसर्स ईएलजीआई मेक 1750 एलपीएम ऑइल लुब्रिकेटेड मेन कम्प्रेसर्स की मरम्मत/रिकंडीशनिंग/ओवरहॉलिंग. **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹6,36,82,806.84. **ईएमडी :** ₹ 4,68,400/-. **जमा करने की तिथि एवं समय :** 08.07.2025 को 12.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय :** 08.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0260

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ओवरहॉलिंग, सफाई, पेंटिंग कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे, कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013 द्वारा **निविदा सूचना क्रमांक : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/65, दिनांक : 12.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम :** दर की अनुसूची तथा कार्य के विस्तार के अनुसार लोअर परेल वर्कशॉप, मुंबई में बीएलडीसी कैरिएज फैन्स की ओवरहॉलिंग, क्लीनिंग, पेंटिंग और परिवहन. **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹43,22,188.08. **ईएमडी :** ₹ 86,500/-. **जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 02.07.2025 को 12.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय :** 02.07.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0264

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**(पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन)**
3री मंजिल, वर्ली गैरेज भवन, डॉ. ई. मोजेस रोड, वर्ली, मुंबई - 18

**मु. अभि./पर्या. एवं जल. परि./515, दि. 16.06.2025**

**ई-निविदा सूचना (पुनर्निविदा)**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य का नाम | ईएमडी राशि (₹ में) | निविदा जांच शुल्क (₹ में) | बोली की आरंभिक तिथि एवं समय | बोली समाप्ति तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई में प्रतिमा विसर्जन स्थलों (लो टाइड लाइंस) पर सम्पूर्ण मूरिंग एक्सेसरीज और सोलर लैंटर्न्स के साथ-साथ मरीन नैविगेशन बूईज की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. **निविदा आईडी:(2025_एमसीजीएम_1185681_2)** | 2,16,100/- | 19,470/- | 17.06.2025 (सुबह 09.00 बजे) | 23.06.2025 (सायं. 4.00 बजे) |

निविदा प्रति, महाराष्ट्र सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (महाटेंडर्स) (https://mahatenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है. साथ ही, निविदा प्रति, बीएमसी के पोर्टल पर ई-निविदा अनुभाग से भी डाउनलोड की जा सकती है.

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन) - I, प्रभारी

पीआरओ/693/विज्ञा./2025-26

बुखार ? तत्काल कदम उठाईये, सही और सम्पूर्ण उपचार के लिये अपने डॉक्टर से संपर्क करिये

# सिस्टम में फंसी जिंदगियां

15 जून की सुबह जब देश नींद से जाग रहा था,तभी उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम के पास एक बार फिर आसमान से मौत बरसी। आर्यन एविएशन का एक हेलीकॉप्टर जिसमें महाराष्ट्र से आए श्रद्धालु, एक 2 साल की बच्ची, मंदिर ट्रस्ट का कर्मचारी और पायलट सवार थे, गोरिकुंड के जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सातों की मौत हो गई। यह केवल एक हादसा नहीं बल्कि उस पूरी प्रणाली पर सवाल है जो तीर्थ को पर्यटन में बदलकर व्यावसायिक मुनाफे के तराजू में श्रद्धा की सांसें तोल रही है। केदारनाथ हिंदू धर्म का एक प्रमुख तीर्थस्थल है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस पवित्र स्थान की यात्रा पर आते हैं,लेकिन क्या हमारी सरकार, प्रशासन और निजी सेवा प्रदाता इतने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त तैयारी रखते हैं? जवाब है नहीं। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद हमने वादे तो बहुत किए,लेकिन उनका क्रियान्वयन आज भी सवालों के घेरे में है। 2013 की त्रासदी में लगभग 5800 लोग मारे गए, हजारों लापता हुए। तब यह महसूस हुआ कि पर्वतीय क्षेत्रों में तीर्थाटन केवल भावनात्मक मामला नहीं, एक संपूर्ण व्यवस्थागत चुनौती है लेकिन बीते 10 वर्षों में सैकड़ों करोड़ खर्च कर भी हमने क्या हासिल किया? तीर्थ यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा अब लग्जरी नहीं, जरूरत बन गई है। बुजुर्ग, बीमार, बच्चे और सीमित समय वाले लोग इन सेवाओं पर निर्भर हैं,लेकिन इन सेवाओं की गुणवत्ता कैसी है? हालिया क्रैश इसका जवाब खुद है। लगातार खबरें सामने आ रही हैं कि हेलीकॉप्टर कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रही हैं। मौसम खराब होने के बावजूद उड़ानों का संचालन,पायलटों की थकावट, तकनीकी जांच में कोताही, ये सब एक धीमा जहर हैं जो यात्रियों की ज़िंदगियों को दांव पर लगा रहा है। क्या श्रद्धालु हेलीकॉप्टर में बैठते समय जानते हैं कि पायलट का लाइसेंस जांचा गया है या नहीं? या हेलीकॉप्टर का अंतिम मेंटेनेंस कब हुआ था? वे नहीं जानते। वे केवल भगवान के नाम पर भरोसा कर यात्रा पर निकलते हैं लेकिन उनकी जान किसी ऐसे तंत्र के हवाले कर दी जाती है जो भगवान से ज्यादा मुनाफा देखता है। उत्तराखंड के पहाड़ों का मौसम अप्रत्याशित होता है। कुछ ही मिनटों में साफ आसमान से घना कोहरा और फिर मूसलाधार बारिश हो सकती है। जून, जुलाई और अगस्त में ये स्थितियां और विकट हो जाती हैं। ऐसे में क्या उड़ानों की पूर्वानुमान प्रणाली मजबूत है? क्या मौसम विभाग और एविएशन कंपनियों के बीच सटीक समन्वय है? उत्तर है: नहीं। केदारनाथ अब केवल धार्मिक यात्रा नहीं रहा। यह 'चारधाम टूर पैकेज' का हिस्सा है। यहां श्रद्धा से अधिक ट्रैफिक,पैकेज, होटल, सोशल मीडिया पोस्ट और 'स्पिरिचुअल सेल्फी' का बोलबाला है। सरकारें इस धार्मिक उन्माद का आर्थिक दोहन करती हैं लेकिन क्या इतनी भीड़ इस संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्र के लिए अनुकूल है? क्या यह पारिस्थितिकीय संतुलन के खिलाफ नहीं है? क्या यहां सीमित संख्या में यात्रियों की अनुमति नहीं होनी चाहिए? हजारों हेलीकॉप्टर उड़ानें, हर रोज़ सैकड़ों यात्री इस पूरी प्रक्रिया ने केदारनाथ को एक मेला बना दिया है और जब श्रद्धा मेले में बदल जाती है तो ईश्वर पीछे छूट जाते हैं और हादसे सामने आ जाते हैं। प्रश्न है ? कौन जिम्मेदार है? राज्य सरकार जो एसओपी लागू करने में विफल रही? नागर विमानन निदेशालय जिसने कंपनियों की निगरानी नहीं की? हेलीकॉप्टर ऑपरेटर, जिन्होंने मौसम के खिलाफ उड़ान भरी? या श्रद्धालु, जो बिना सोचे समझे सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं? जवाब है? सब जिम्मेदार हैं लेकिन सबसे अधिक जिम्मेदारी उस तंत्र की है जो धर्म और व्यावसायिकता के बीच एक रेखा नहीं खींच सका। समाधान क्या? हेलीकॉप्टर ऑपरेशनों पर सख्त निगरानी। हर उड़ान से पहले मौसम क्लीयरेंस, पायलटों की शिफ्ट, मशीन की जांच अनिवार्य हो। सीमित दर्शन नीति, अमरनाथ यात्रा की तरह यहां भी प्रतिदिन सीमित लोगों को अनुमति दी जाए। हेलीकॉप्टर कंपनियों के लाइसेंस की सार्वजनिक पारदर्शिता कि कौन सी कंपनी कितनी बार हादसे का शिकार हुई, इसकी जानकारी सार्वजनिक पोर्टल पर हो। मौसम आधारित एल्गोरिदम नासा और इसरो जैसी संस्थाओं से मिलकर उत्तराखंड में सटीक मौसम चेतावनी प्रणाली विकसित की जाए। केदारनाथ का रास्ता भक्ति का है लेकिन उसकी राह सुरक्षा और विवेक से होकर ही जाती है। हर हादसे के बाद कुछ दिन की जांच और फिर वही ढर्रा, यही अब तक का सच रहा है। अब जरूरी है कि इस तीर्थ को केवल भगवान पर नहीं छोड़ा जाए। श्रद्धा को सुरक्षा का सहारा चाहिए नहीं तो अगली बार कोई और बच्ची अपनी पहली उड़ान में अंतिम सांस लेती मिलेगी। इस दुर्घटना ने इसलिए और अधिक चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि उत्तराखंड में इसी वर्ष ऐसा ही एक और हादसा हुआ था, जिसमें छह श्रद्धालुओं की जान गई थी। इसके अतिरिक्त पिछले दो माह में तीन ऐसे भी मौके आए हैं जब हेलीकाप्टर की आपात लैंडिंग करानी पड़ी। गौरीकुंड में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे खराब मौसम को जिम्मेदार माना जा रहा है। ऐसा लगता भी है, क्योंकि पायलट बहुत अनुभवी थे, लेकिन प्रश्न यह है कि खराब मौसम के बाद भी हेलीकाप्टर को उड़ान भरने की अनुमति क्यों दी गई। क्या हेलीकाप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाली आर्यन एविएशन निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रही थी। इसका उत्तर इसलिए मिलना चाहिए, क्योंकि यह पाया जा चुका है कि विमान सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियां निर्धारित मानकों की अनदेखी कर रही थीं। इसके लिए उन पर जुर्माना भी लगाया गया था। जुर्माना आर्यन एविएशन समेत कुछ और कंपनियों पर लगा था, क्योंकि वे मानकों की अनदेखी करने के साथ और भी गड़बड़ियां कर रही थीं। क्या जुर्माना लगाकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई। इसका जवाब डीजीसीए एवं केंद्र सरकार के साथ उत्तराखंड सरकार को देना होगा। देश में हेलीकाप्टर सेवाएं देने वाली निजी कंपनियां पहले भी कठघरे में खड़ी की जा चुकी हैं-ठीक वैसे ही जैसे विमान कंपनियां। स्पष्ट है कि विमान एवं हेलीकाप्टर सेवाएं देने वाली कंपनियों की निगरानी बढ़ाना अति आवश्यक है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*धूं-धूं-धूं यूक्रेन है, सुलग रहा ईरान*
*तहस-नहस गाजा हुआ, सिसके पाकिस्तान*
*सिसके पाकिस्तान, पुतिन भी पीटें छाती*
*इजरायल पर भी छाई है साढ़ेसाती*
*कह सुरेश जित देखो आग लगी है हर सूं*
*बुद्ध रोकिए युद्ध जल रही दुनिया धूं-धूं*

# कभी गहरे दोस्त भी थे ईरान और इजराइल


ईरान ने इज़राइल को उसकी स्थापना के बाद सार्वजनिक रूप से तत्काल मान्यता नहीं दी थी, लेकिन 1950 में इज़राइल को "डि-फैक्टो" मान्यता दे दी गई थी। इसका मतलब था कि दोनों देशों ने औपचारिक रूप से दूतावास नहीं खोले, लेकिन व्यावसायिक और कूटनीतिक संबंध धीरे-धीरे स्थापित होते रहे। इस मैत्री के पीछे कारण था साम्य हित। दरअसल दोनों की स्थिति उस समय अरब राष्ट्रों से घिरे हुए देशों की थी।



ईरान और इजराइल एक दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। दोनों के बीच इस समय जो वार-पलटवार चल रहा है उसको देखते हुए ऐसा लगता है कि दुनिया में एक-दूसरे के यही सबसे बड़े दुश्मन देश हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दशकों से एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए ईरान और इजराइल कभी गहरे मित्र भी थे? वैसे ईरान और इजराइल की मित्रता की बात भले कोरी कल्पना लगे लेकिन इतिहास इस दोस्ती का गवाह है। हम आपको बता दें कि 1948 में जब इज़राइल की स्थापना हुई थी तब बहुत से मुस्लिम बहुल देशों ने उसे मान्यता देने से इंकार कर दिया था। लेकिन उस दौर में ईरान एक अपवाद था। यह बात आज के ईरान-इज़राइल संबंधों को देखते हुए चौंकाने वाली लग सकती है, लेकिन 1948 से 1970 के बीच ईरान और इज़राइल के बीच गहरे परन्तु छुपे हुए मैत्री संबंध थे, जो कूटनीति, सैन्य सहयोग और व्यापार पर आधारित थे। वैसे ईरान ने इज़राइल को उसकी स्थापना के बाद सार्वजनिक रूप से तत्काल मान्यता नहीं दी थी, लेकिन 1950 में इज़राइल को "डि-फैक्टो" मान्यता दे दी गई थी। इसका मतलब था कि दोनों देशों ने औपचारिक रूप से दूतावास नहीं खोले, लेकिन व्यावसायिक और कूटनीतिक संबंध धीरे-धीरे स्थापित होते रहे। इस मैत्री के पीछे कारण था साम्य हित। दरअसल दोनों की स्थिति उस समय अरब राष्ट्रों से घिरे हुए देशों की थी। यह दोनों अरब देशों के दुश्मन थे इसीलिए इनके बीच एक रणनीतिक साझेदारी की जरूरत महसूस हुई। हम आपको यह भी बता दें कि इज़राइल और उस समय के ईरान के शाह (मोहम्मद रज़ा पहलवी), दोनों ही अमेरिका और पश्चिमी शक्तियों के करीबी माने जाते थे। यह एक और कारण था जो दोनों देशों को एक-दूसरे के करीब लाया। इसके अलावा, इज़राइल को तेल की ज़रूरत थी, जोकि ईरान के पास भरपूर मात्रा में था। इस साझेदारी के ज़रिए इज़राइल को गुप्त रूप से तेल की आपूर्ति होती रही। इसके बदले में इज़राइल ने ईरान को कृषि, जल प्रबंधन और तकनीकी मदद दी। 1950-70 के दशक में ईरान में शाह मोहम्मद रजा पहलवी की सरकार के दौरान इजराइल ने तेल के बदले ईरान को हथियार भी दिए थे। इसके अलावा, इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद और ईरान की सवाक (SAVAK) के बीच भी घनिष्ठ सहयोग था। मोसाद ने सवाक को खुफिया ट्रेनिंग दी और तकनीकी उपकरण भी उपलब्ध कराए। यह सहयोग विशेष रूप से 1960 के दशक में मजबूत हुआ। साथ ही "Trident" परियोजना एक गुप्त योजना थी जिसमें इज़राइल और ईरान ने मिलकर मिसाइल टेक्नोलॉजी और सैन्य शोध पर काम किया। साथ ही इज़राइली विशेषज्ञों ने ईरान में कृषि सुधार, सिंचाई प्रणाली और जल प्रबंधन से जुड़ी परियोजनाओं में भी अहम भूमिका निभाई। हम आपको बता दें कि 1970 के दशक में यह संबंध अपने चरम पर था, लेकिन ईरान में इस्लामी आंदोलन के जोर पकड़ने के साथ इसमें दरार आने लगी। शाह के शासन के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा था और 1979 की इस्लामी क्रांति इस मैत्री का अंत लेकर आई। शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाकर आयतुल्ला खामेनेई के नेतृत्व में ईरान में एक धार्मिक सरकार बनते ही इजराइल को दुश्मन घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही इजराइल के दूतावास को बंद करके उसे फिलिस्तीनी संगठन PLO को दे दिया गया। इजराइल को इस्लाम का भी दुश्मन घोषित करने के बाद ईरान ने हिजबुल्ला और हमास को मदद देनी शुरू की जोकि आज तक जारी है। वैसे इस तरह की भी रिपोर्टें समय-समय पर आती रहीं कि ईरान और इजराइल के बीच दुश्मनी के दौर में भी गुप्त रूप से कारोबार चलता रहा। बताया जाता है कि 1980 में जब ईरान और इराक के बीच जंग हुई, तो इजराइल को महसूस हुआ कि इराक ज्यादा खतरनाक है। इसलिए अमेरिका और इजराइल ने गुपचुप तरीके से ईरान को लड़ने के लिए हथियार भेजे थे। लेकिन जब 1990 के दशक में ईरान ने अपना परमाणु कार्यक्रम शुरू किया तो इजराइल ने उसे सबक सिखाने की ठान ली और अब जब तेहरान परमाणु बमों के निर्माण से चंद कदम ही दूर रह गया था तो इजराइल ने बड़ा हमला करते हुए आयतुल्ला खामेनेई के सपनों को तोड़ डाला। इजराइल ने सीधा हमला करने से पहले ईरान के हमास और हिज्बुल्ला जैसे सहयोगियों की कमर तोड़ी और पिछले कुछ महीनों में कई अभियानों के माध्यम से अपनी मारक क्षमता को भी परखा, उसके बाद यह बड़ी कार्रवाई की गयी।बहरहाल, देखा जाये तो 1948 से 1970 तक का ईरान-इज़राइल संबंध एक ऐसा अध्याय है जो आज के उथल-पुथल भरे पश्चिम एशिया की राजनीति में लगभग भुला दिया गया है। इस काल में दोनों देशों के बीच गहरे रणनीतिक और आर्थिक संबंध थे, जो आज की स्थिति को देखते हुए विरोधाभासी प्रतीत होते हैं। वैसे ईरान और इज़राइल का वह गुप्त मैत्री संबंध इस बात का प्रमाण है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी दोस्त और दुश्मन नहीं होते, केवल हित और परिस्थितियाँ ही दोस्त या दुश्मन बनाती हैं। इजरायल और ईरान के बीच 1950 से 1979 तक दोस्ती रही. क्योंकि ईरान के शाह रजा पहलवी के पश्चिम से अच्छे संबंध थे. शाह ने आयतुल्ला खोमनेई को देश से निकाल दिया था. खोमनेई इराक, तुर्की व फ्रांस में अपना समय बिताया लेकिन ईरान की सत्ता में उसकी दखल खत्म नहीं हुई थी. शाह की राजशाही और निरंकुशता के कारण ईरान की जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही थी. जब 1978 में वहां एक सिनेमा हॉल में आग लगी और 400 लोगों की मौत हो गई तो उसमें आरोप शाह की सेना पर आया. इसी के बाद शाह के विरुद्ध आंदोलन शुरू हो गया. ये आंदोलन इतनी तेजी से जनआंदोलन में बदल गया कि शाह को देश छोड़कर भागना पड़ा. इस तरह 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति हो गई और अयातुल्लाह खोमनेई वापस आ गए. उन्होंने ईरान में इस्लामिक शासन की स्थापना की।

# चीन की नीतियों से तिब्बती संस्कृति संकट में

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की तिब्बत में लागू की जा रही सांस्कृतिक और राजनीतिक नीतियों को लेकर एक नई अमेरिकी रिपोर्ट में गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शासनकाल में तिब्बती बच्चों को जबरन चीन की संस्कृति और भाषा में ढालने की कोशिश हो रही है, जिससे उनकी पारंपरिक पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता को गहरा आघात पहुंच रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन सरकार ने तिब्बती बच्चों को कम उम्र में ही उनके परिवारों और समुदायों से अलग करके आवासीय बोर्डिंग स्कूलों में भेजना शुरू कर दिया है, जहां उन्हें सिर्फ मंदारिन भाषा सिखाई जा रही है और तिब्बती भाषा, संस्कृति और बौद्ध परंपराओं से दूर रखा जा रहा है। लगभग दस लाख तिब्बती बच्चे अब इन सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, जहां उनका संपर्क पारंपरिक तिब्बती शिक्षा और धार्मिक वातावरण से कट जाता है। रिपोर्ट कहती है कि यह सिर्फ भाषा की शिक्षा नहीं है, बल्कि यह तिब्बती पहचान को मिटाने की एक संगठित कोशिश है। रिपोर्ट के अनुसार, धार्मिक मामलों पर निगरानी रखने वाले अधिकारियों द्वारा बौद्ध भिक्षुओं और ननों पर कड़ा नियंत्रण रखा जा रहा है। उन्हें सरकार की अनुमति के बिना धार्मिक शिक्षा देने की मनाही है। यहां तक कि बच्चों को मठों में प्रवेश करने या धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से भी रोका जा रहा है। कई मठों पर निगरानी कैमरे लगाए गए हैं, और भिक्षुओं को अपनी धार्मिक निष्ठा के बजाय चीन के प्रति 'देशभक्ति' दिखाने के लिए मजबूर किया जाता है। शी जिनपिंग द्वारा बार-बार 'राष्ट्रीय एकता' और 'चीनी राष्ट्र की एकता' की बात की जाती है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि इसके नाम पर सांस्कृतिक विविधता को खत्म किया जा रहा है। तिब्बत, शिनजियांग और इनर मंगोलिया जैसे क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं और परंपराओं को दबाकर चीनी पहचान को थोपने का प्रयास किया जा रहा है। तिब्बती के साथ-साथ उइगर मुसलमानों और मंगोलियन सभ्यता और संस्कृति के लोगों को भी इसी तरह से थोपी गई नीतियों से दबाया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2014



से अब तक शी जिनपिंग ने बार-बार यह दोहराया है कि सभी जातीय समूहों को एक साझा राष्ट्रीय पहचान के तहत आना चाहिए। इस विचारधारा के तहत स्थानीय पहचान और विविधता को कम किया जा रहा है। भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती सरकार (सेंट्रल तिब्बती एडमिनिस्ट्रेशन) ने इस अमेरिकी रिपोर्ट का समर्थन करते हुए कहा है कि तिब्बती बच्चों को जबरन मंदारिन सिखाकर और उनकी मातृभाषा को हटाकर चीन उनकी सांस्कृतिक जड़ों को नष्ट करना चाहता है। भारत के धर्मशाला स्थित प्रशासन ने यह भी कहा कि तिब्बती बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही है, वह न केवल उनकी भाषाई पहचान मिटा रही है, बल्कि उनके धार्मिक और नैतिक मूल्यों को भी तोड़ रही है। यूएन ह्यूमन राइट्स कमीशन और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों ने चीन के इस रवैये की पहले भी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, तिब्बत में धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और सरकार द्वारा नियंत्रित शिक्षा प्रणाली में बच्चों को 'देशभक्त नागरिक' के रूप में ढाला जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और उसके बाहर रहने वाले तिब्बती बच्चों के लिए हजारों आवासीय स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों का मकसद बताया जाता है कि यह आधुनिक शिक्षा और जीवन कौशल प्रदान करते हैं, लेकिन आलोचक कहते हैं कि ये स्कूल एक तरह से 'री-एजुकेशन कैंप' हैं, जहां बच्चों को चीनी संस्कृति में ढालने का प्रयास होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूलों में न केवल मंदारिन को मुख्य भाषा बनाया गया है, बल्कि पाठ्यक्रम भी इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि उसमें तिब्बती इतिहास, धर्म या संस्कृति के लिए कोई स्थान नहीं है। तिब्बत में धार्मिक गतिविधियों, साहित्य, सोशल मीडिया और यहां तक कि पारिवारिक समारोहों तक पर सरकार की सख्त निगरानी है। किसी भी असहमति को 'अलगाववाद' या 'राष्ट्रविरोधी गतिविधि' मानकर दंडित किया जा सकता है। कई मामलों में भिक्षुओं और धार्मिक नेताओं को हिरासत में लिया गया है या उन्हें जबरन 'देशभक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया है। यह प्रशिक्षण उन्हें उनकी संस्कृति से काटने का एक जरिया है। अमेरिकी रिपोर्ट में बताया गया है कि तिब्बत में शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि वे बच्चों को 'राष्ट्रीय एकता' और 'देशभक्ति' का पाठ पढ़ाएं। शिक्षकों पर दबाव डाला जाता है कि वे बच्चों की वैचारिक सोच को चीन के अनुसार ढालें। इस प्रक्रिया में बच्चों को न केवल उनके धार्मिक विश्वासों से अलग किया जाता है, बल्कि पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी दूर किया जा रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रक्रिया जारी रही तो अगली पीढ़ी के तिब्बती युवा अपनी भाषा, धर्म और संस्कृति से पूरी तरह कट जाएंगे। इससे न केवल उनकी पहचान पर संकट मंडराएगा, बल्कि तिब्बती समुदाय की सामाजिक संरचना और आत्मसम्मान पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा। एक तिब्बती मानवाधिकार कार्यकर्ता के शब्दों में, हमारी संस्कृति को मिटाने की यह प्रक्रिया गुप्त नहीं, बल्कि खुलेआम हो रही है- स्कूलों, मठों, और हर सार्वजनिक स्थान पर। हालांकि अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश तिब्बती मुद्दों पर चीन से सवाल करते रहे हैं, लेकिन चीन की आर्थिक और राजनीतिक ताकत के कारण कोई भी देश निर्णायक हस्तक्षेप नहीं कर पा रहा है। तिब्बती नेताओं और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे केवल बयानबाजी न करें, बल्कि चीन पर दबाव बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं। दरअसल राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'राष्ट्रीय एकता' की नीति ने तिब्बत की सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर गहरा असर डाला है।

**– ओम प्रकाश सिंह**

# हमने तलाक की प्रक्रिया को भीषण कठिन बना रखा है

सनसनी पैदा करने वाले राजा हत्याकांड में राजा रघुवंशी की पत्नी को अन्य सहयोगियों के साथ आपराधिक षड़यंत्र रच कर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में मूल प्रश्न यह है कि सोनम ने अपने पति की हत्या का षड़यंत्र क्यों रचा, वह भी सिर्फ शादी के महीने भर के भीतर। पुलिस की कथा अनुसार सोनम का प्रेमी राज था जिसके कहने पर सोनम ने षड़यंत्र रचा और हत्या कर दी। अगर सोनम को राजा पसंद नहीं था तो वह उससे तलाक ले सकती थी लेकिन ऐसा क्यों नहीं किया? ऐसा इसलिए क्योंकि हमने तलाक की प्रक्रिया को भीषण कठिन बना रखा है। सहमति से तलाक के लिए भी पति पत्नी को दसों चक्कर फैमिली कोर्ट के लगाने होते हैं। जो जज अपने घर के सुलह नहीं करवा सकते, वह बार बार पति पत्नी के सुलह करवाते हैं. उन्हें बार बार मिलवा कर मानसिक दबाव डाला जाता है। एक फैमिली कोर्ट में तो एक ऐसा अजीब जज देखा जो सहमति से मांगे गए तलाक को भी ख़ारिज कर देता है। छः महीने उन्हें लटकाया जाता है और बार बार सामना करवा कर झगड़ा करवाया जाता है. सुलह तो होती नहीं , झगड़ा ज्यादा होता है क्योंकि घूस देकर सुलहकर्ता की नौकरी पाए लोग अपने पुत्रों में भी सुलह करवाने में सक्षम नहीं होते हैं। इन ही परेशानियों के चलते लोग मारना पसंद करते हैं लेकिन अदालत जाकर तलाक नहीं लेते हैं। कितना आसान था, सोनम साफ मना कर देती और तलाक के किये पेशकश रख देती. तब एक माँ की कोख नहीं उजड़ती, एक भला व्यक्ति नृशन्स प्रकार से मारा नहीं जाता। अगर इस केस में अगले ही हफ्ते तलाक की अर्ज़ी लग जाती तो इतना भयंकर हत्याकांड नहीं होता लेकिन अदालत की कार्यवाही उफ्फ। हमने इस आधुनिक युग में तलाक को इतना कठिन क्यों बना रखा है? महिलाएं बदल गयी, समाज बदल गया लेकिन अदालत बदलना नहीं चाहती। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अर्शदीप हरवीन कौर के मामले में साफ कर दिया कि कूलिंग पीरियड वेव किया जा सकता है लेकिन फिर भी फैमिली कोर्ट के जज लोगों को परेशान कर रहें हैं और जमकर कर रहें। लोग तलाक से घबराते हैं, मुक़दमे से घबरातें हैं, अदालत से घबरातें हैं इसलिए हत्या कर देते हैं। सब कुछ बदल रहा है तो हमें भी बदलना होगा, तलाक इतनी बुरी चीज़ नहीं है जितनी बुरी हत्या है। हत्या दुनिया उजाड़ कर रख देती है। समझना होगा पार्लियामेंट को भी ,अदालत को भी। बातें तो पचास हैं, इसलिए मारा, उसलिए मारा लेकिन वास्तविकता यही है सोनम तलाक से घबरायी, समाज से घबरायी और उसने यह कांड कर दिया जबकि कितनी आसानी से रास्ता निकल सकता था।

**– शादाब सलीम**


आज का कार्टून




साभार

# भारतीय खेती के आधुनिकीकरण का नया अध्याय

सरकार ने केंद्र और राज्य सरकारों की सभी कृषि. संबंधी निवेश योजनाओं को एक मंच पर लाने के लिए कृषि निवेश नामक एक नया पोर्टल लॉन्च किया। पोर्टल को आधिकारिक तौर पर सितंबर 2024 में लॉन्च किया गया था और कृषि मंत्रालय ने मई के अंतिम सप्ताह में इसकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। दरअसल कृषि निवेश एक सिंगल.विंडो प्लेटफ़ॉर्म है जहां उपयोगकर्ता निवेश करने वाले विभिन्न सरकारी योजनाओं को ढूंढ़ सकते हैं और उनके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसका उद्देश्य किसानों, कृषि.व्यवसायों और निवेशकों को जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करके और आवेदन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाना है। अभी पोर्टल में सात केंद्रीय मंत्रालयों की योजनाएं शामिल है जिसमें कृषि एवं किसान कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, ग्रामीण विकास, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, जल शक्ति, रसायन एवं उर्वरक मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय शामिल हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, सहकारिता, पंचायती राज, वाणिज्य एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास जैसे अन्य मंत्रालयों के भी जल्द ही इसमें शामिल होने की उम्मीद है। कृषि मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं संबंधित मंत्रालयों से कहा है कि वे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में निवेश को समर्थन देने वाली अपनी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का विवरण साझा करें ताकि उन्हें भी पोर्टल में जोड़ा जा सके। यह ओपन सोर्स, ओपन स्टैंडर्ड का



उपयोग करने वाला और इंटरऑपरेबल, बिजनेस इंटेलिजेंस,एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वास्तविक समय में अपडेट प्रदान करने और उपयोगकर्ताओं को आवेदन की स्थिति को ट्रैक करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**क्यों है महत्वपूर्ण**

अधिकारियों का कहना है कि यह पोर्टल कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इससे निवेश के अवसरों और सूचनाओं को केंद्रीकृत करना, प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना, किसानों और निवेशकों को सबसे उपयुक्त योजनाएं चुनने में मदद करना, निजी निवेश को बढ़ावा देना, उत्पादकता में सुधार करना और कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आसान हो जाएगा। कृषि मंत्रालय के अनुसार प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की है ताकि उपयोगकर्ता आसानी से समझ सकें और सबसे अच्छी योजना का चयन कर सकें। सूचनाओं को नियमित रूप से साझा करना और अपडेट करना इस पोर्टल की सफलता की कुंजी है। इसका लक्ष्य प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, नवाचार को प्रोत्साहित करके और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाकर भारतीय कृषि का आधुनिकीकरण करना है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2011 की जनगणना के अनुसार कुल कार्यबल का 54.6 प्रतिशत हिस्सा कृषि और संबद्ध क्षेत्र की गतिविधियों में लगा हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024.25 के अनुसार कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ क्षेत्र लंबे समय से भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है जो राष्ट्रीय आय और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाल के वर्षों में भारत में कृषि क्षेत्र ने मजबूत वृद्धि दिखाई हैए जो वित्त वर्ष 17 से वित्त वर्ष 23 तक औसतन 5 प्रतिशत सालाना रही है। वित्त वर्ष 20240-25 की दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र ने 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की। कृषि और संबंधित क्षेत्रों का सकल मूल्य वर्धित जीवीए वित्त वर्ष 15 में 24.38 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 23 तक 30.23 प्रतिशत हो गया है। अर्थव्यवस्था में समग्र जीवीए में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ कृषि की लगातार और स्थिर वृद्धि लगभग 5 प्रतिशत है जो जीवीए में 1 प्रतिशत की वृद्धि में योगदान देगी। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछले एक दशक में कृषि आय में सालाना 5.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**– पुनीत उपाध्याय**

# बिहार में आकाशीय बिजली से 6 की मौत

## पटना समेत 11 जिलों में बारिश, 26 में यलो अलर्ट

## गयाजी में गर्मी से मर रहीं मछलियां

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

सोमवार को बिहार में मौसम में अचानक करवट ली है। पटना, नालंदा, हाजीपुर, भागलपुर में बारिश हुई है। इसके साथी ही सीवान, सहरसा,लखीसराय,मधेपुरा, बेतिया, बक्सर और बगहा में तेज बारिश हुई है। बारिश के साथ कई जिलों में आकाशीय बिजली भी गिरी है। बक्सर में बिजली की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 4 झुलस गए। वहीं बगहा के रामनगर थाना इलाके के मेघवाल मठिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 2 छात्रों की मौत हो गई,जबकि 3 छात्र झुलस गए। गयाजी में गर्मी के कारण मछलियां मर रही हैं।



**बक्सर में गंगा किनारे बैठे लोगों पर गिरी बिजली**

बक्सर में आकाशीय बिजली से 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में चौसा बाजार के मिथलेश राम (22), नरबतपुर के श्रीभगवान उर्फ झोला सिंह (60) और चौसा बाजार के वीरेंद्र गोंड (45) शामिल हैं। ये सभी गंगा किनारे बैठे थे तभी मौसम बदला और बिजली गिर गई।

### बगहा में बगीचे में खेलने के दौरान गिरी बिजली

बगहा के रामनगर थाना क्षेत्र स्थित मेघवाल मठिया गांव में सोमवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 2 छात्रों की मौत हो गई। ठनका की चपेट में आने से 3 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। मृतकों की पहचान शमीम अंसारी (22), अजीम मियां (11 ) के रूप में हुई है। दोनों ही छात्र थे और आम के बगीचे में खेल रहे थे।

### 26 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने बिहार के पूर्वी और उत्तरी इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है। आज राज्य के 12 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट तो 26 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग ने दक्षिण बिहार में देर शाम से मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। कुछ इलाकों में तेज बारिश हो सकती है। आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। हालांकि, उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बिहार में 17 से 20 जून के बीच मानसून की एंट्री हो सकती हैं। 25 जून तक पूरे बिहार में मानसूनी बारिश शुरू हो जाएगी। इस बार प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

वहीं जिले के राजपुर थाना के देवढ़िया में भी 2 लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जिसमे देवढ़िया निवासी अंकुश राम(12) मौत की मौत हो गई। जबकि अन्नत नाम का लड़का झुलस गया है।

# मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का CM नीतीश ने किया उद्घाटन

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना को एक और बड़ी सौगात दी है। सोमवार को सीएम ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच22) तक एलिवेटेड-एटग्रेड रोड का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें। सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे, और सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एलिवेटेड-एटग्रेड पथांश का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी,




जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी। इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी। आपको बता दें मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य दो फेज में चल रहा है। पहला फेज सिपारा से महुली तक है। फेज-एक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

# प्यार करते हो तो मेरे लिए मर के दिखाओ'

## प्रेमी ने मानी प्रेमिका की ये बात और कर ली आत्महत्या




**महानगर नेटवर्क**

**भागलपुर**

जिले से एकतरफा मोहब्बत की डराने वाली प्रेम कहानी सामने आई है, जिसमें एक हस्ती खेलती जिंदगी मौत के मुंह में समा गई। यहां एक प्रेमी युवक ने युवती के प्यार में जान दे दी। मृतक का नाम दीपक (19) बताया जा रहा है। दीपक बांका के अमरपुर के रहने वाले धनंजय मंडल का एकलौता पुत्र था। मृतक भागलपुर के खंजरपुर में किराए के मकान में रहता था।

वह भागलपुर में किसी निजी क्लीनिक में काम करता था. बताया जा रहा है कि एक महीने पहले वह एक शादी समारोह में शामिल हुआ था, जहां उसकी मुलाकात एक लड़की से हुई थी. फिर दोनों में नजदीकियां बढ़ीं. दीपक को धीरे-धीरे युवती से प्यार हो गया। मिलने के 10 दिन बाद ही सोशल मीडिया पर दोनों की बातें होने लगी थीं। दीपक के दोस्त मनीष के मुताबिक, दोनों एक माह से भी कम समय से रिलेशनशिप में थे. 7 मई को रिश्तेदार की शादी में दीपक की मुलाकात उस लड़की से हुई थी. इतने दिनों में ही उसने दीपक से करीब 50 हजार रुपए खर्च करवा दिए. फिर कुछ दिनों से लड़की ने दीपक से बात करना ही बंद कर दिया।

### लड़की बोली-प्यार साबित करो, मेरे लिए मर जाओ

लड़की के अचानक बात नहीं करने पर दीपक कुछ दिनों से बेहद परेशान था. मौत के बाद उसके दोस्तों ने दीपक का मोबाइल चेक किया जिससे मालूम चला कि उसने सोशल मीडिया अकाउंट पर लड़की के चैट बॉक्स में कई मैसेज डाले थे, जिसमें दीपक बार-बार उससे मिन्नतें कर रहा था. वह बार-बार मैसेज में लिख रहा था मुझसे बात कर लो, जिस पर सामने से लड़की का रिप्लाई है, कि प्यार करते हो तो साबित करके दिखाओ, मेरे लिए मर जाओ इस बात पर ही दीपक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली।

# तेज रफ्तार वाहनों ने ली दो जिंदगी

## 20-30 मीटर तक घसीटता गया मासूम

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

राज्य में दो अलग-अलग जगहों पर तेज रफ्तार वाहनों ने दो मासूमों की जान ले ली। पहला मामला सुपौल जिले के वीरपुर-बसमतिया रोड का है, जहां बारात जा रही स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े 5 साल के बच्चे को कुचल दिया। वहीं दूसरा मामला बेगूसराय के बखरी थाना क्षेत्र का है, जहां एक बोलेरो की चपेट में आकर 8 साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

**मासूम को स्कॉर्पियो ने रौंदा**

सुपौल जिले के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत बनैलीपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 6 के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े सुंदरतम कुमार (5) को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि बच्चा करीब 20-30 मीटर तक घसीटता चला गया। बच्चे को आनन-फानन में वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।




### सिर और शरीर में गहरी चोट से मौत

डॉक्टर के मुताबिक, सिर और शरीर पर गहरी चोट के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्कॉर्पियो की पहचान की जा रही है। मृतक के पिता सिकंदर पासवान आंध्र प्रदेश में मजदूरी करते हैं।

# पटना के अथर्व ने फ्लड सेफ्टी कार का प्रोटोटाइप बना दिया

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

पेटेंट करवाने में मदद करेगी सरकार

अक्सर आपने समाचारों में देखा और सुना होगा कि गाड़ी पुल से गिरी और नदी या पानी में डूब गई। यहां तक कि बारिश में भी कार डूब जा रही है। सवारियों की मौत हो जा रही है। गाड़ी पानी में गिरे लेकिन उसमें बैठे लोगों की जान बच जाए, इस पर पटना के एक स्कूली छात्र ने प्रोटोटाइप मॉडल बनाया है। केंद्रीय विद्यालय खगौल के दसवीं के छात्र (जब आइडिया दिया तब नौवीं में थे) मास्टर अथर्व ने गाड़ियों के डूबने की समस्या के समाधान के रूप में 'फ्लड सेफ्टी कार' नाम से एक प्रोटोटाइप मॉडल तैयार किया है।

गाड़ी में एयर बैलून का इस्तेमाल किया गया है,जो एयर पंप की



मदद से फूल जाएगा। गाड़ी पानी में गिरते ही एयर बैलून खुद खुल जाएगा और गाड़ी पानी में तैरने लगेगी। अथर्व को प्रोटोटाइप मॉडल विकसित करने का विचार तब आया, जब उसने एक गाड़ी को डूबते हुए देखा था। स्कूल में इसके लिए शिक्षकों से मदद मिली। इस प्रोटोटाइप मॉडल को नीति आयोग ने सराहा है। इस प्रोटोटाइप को आगे विकसित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल की ओर से इस प्रोटोटाइप को पेटेंटिंग सपोर्ट भी दिया जाएगा।

# बगहा के 5 गांवों में जंगली भैंसे की दहशत

**महानगर नेटवर्क**

**मंगुराहा**

मंगुराहा वन क्षेत्र के आसपास के गांवों में जंगली भैंसे की आवाजाही से तनाव का माहौल है। वहीं परसौनी, एकवा, सूर्यपुर, भवानीपुर और परसा गांव के लोग दहशत में हैं। जंगली भैंसा बार-बार आबादी वाले इलाकों में आ रहा है। धमौरा गांव के नगीना यादव और परसौनी के कमलेश चौधरी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में भैंसा कई बार गांव की तरफ आया। इससे ग्रामीण खेतों में काम करने से भी डर रहे हैं। मंगुराहा वन रेंज के रेंजर सुनील कुमार पाठक ने कहा कि जंगल जानवरों का प्राकृतिक आवास है। वे अपने क्षेत्र में घूमते रहते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने की सलाह दी है। वन विभाग ने वनकर्मियों की ट्रैकिंग टीम को इलाके में तैनात किया है। टीम जंगली जानवरों की गतिविधियों पर नजर रख रही है।

# शक, शराब और झगड़ा

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में मशहूर आर्केस्ट्रा डांसर नेहा सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका नेहा सिंह दिल्ली की रहने वाली थी. पिछले 3 साल से वह औरंगाबाद के महुआ शाहिद मोहल्ला में बाबूलाल प्रसाद के मकान में किराए पर रह रही थी. उसके साथ उसका 10 साल का एक बेटा शिवांश और आर्केस्ट्रा में काम करने वाली अन्य लड़कियां भी वही रहती थी. उसका पति दर्पण पासवान भी उसके साथ ही रहता था. पति किसी जरूरी काम के लिए अपने पैतृक गांव डिहरी गया हुआ था. आत्महत्या से पहले नेहा झारखंड के हरिहरगंज एक प्रोग्राम करके तकरीबन 3 बजे सुबह रुम पर लौटी थी।

# मुर्गी की हत्या की FIR दर्ज

## महिला ने देवर पर थाना में केस किया, पुलिस जांच शुरू

**महानगर नेटवर्क**

**सीवान**

सीवान में हत्या का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। एक महिला ने मुर्गी की हत्या का एफआईआर दर्ज कराया है। उनके आवेदन पर देवर समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया है। मामला मुफस्सिल थाना इलाके का है। मुर्गी की गला दबाकर हत्या का आरोप है। रिंकी देवी के आवेदन पर मुफस्सिल थाने में दर्ज प्राथमिकी में अन्य धाराओं के अलावा बीएनएस की धारा 325 भी लगाई गई है, जो जानवरों को मारने पर लगता है। इस धारा के तहत




आरोप प्रमाणित होने पर 5 साल तक की सजा हो सकती है।

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टड़वा गांव की निवासी रिंकी देवी ने अपने पट्टीदारों के खिलाफ यह केस दर्ज कराया है। कहा है कि मारपीट करने के दौरान आरोपियों ने अंडा देने वाली मुर्गी की गला दबाकर हत्या कर दी। महिला ने मीडिया कर्मियों को बताया कि वह अपनी मुर्गी से बहुत प्यार करती थी। वह उसके परिवार का हिस्सा थी। उसकी मौत से उसे बहुत सदमा लगा है। थाने में दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महिला मरी हुई मुर्गी लेकर थाने पर पहुंच गई थी। पुलिस की ओर से कार्रवाई के आश्वासन पर उसे दफना दिया। रिंकी देवी ने दिए आवेदन में कहा है कि तीन पट्टीदारों ने मिलकर उनके सात मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

# भागलपुर में करंट से बिजली मिस्त्री की मौत

**महानगर नेटवर्क**

**भागलपुर**

भागलपुर में सोमवार को बिजली मिस्त्री की करंट से झुलस गया। गांव में 5 दिन से बिजली नहीं थी। वो कनेक्शन ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा था। इसी दौरान पावर सप्लाई हो गया। मिस्त्री करीब 5 मिनट तक तार से चिपका रहा। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। घटना मामला भागलपुर-बांका बॉर्डर के धनकुंड थाना क्षेत्र के बबुरा गांव की है।

**ग्रामीण मायागंज अस्पताल ले गए**

घटना की जानकारी के बाद लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई, हादसे



की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। जिसके बाद लाइन काटी गई। घायल की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी हेमंत कुमार के रूप में की गई है। वह बिजली विभाग में कार्यरत है। घायल को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया गया है।

## व्यापार

# कम हो सकते हैं बासमती चावल के दाम

## ईरान को एक्सपोर्ट कम होगा

## FY25 में 6,374 करोड़ का चावल खरीदा था

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

इजराइल और ईरान के बीच तनाव की वजह से भारत में बासमती चावल की कीमतें कम हो सकती है। आने वाले हफ्तों में इजराइल से जंग के चलते ईरान, भारत से बासमती राइस का इंपोर्ट कम कर सकता है। देश में बासमती चावल की कीमतों में पिछले दो महीनों में ज्यादा एक्सपोर्ट के कारण 15-20% की ग्रोथ देखने को मिली थी। एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट एजेंसी यानी APEDA के मुताबिक, सऊदी अरब और इराक के बाद ईरान भारतीय बासमती चावल का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार है। 2024-25



के दौरान भारत ने 6,374 करोड़ की वैल्यू का बासमती चावल ईरान को एक्सपोर्ट किया था, जो उस अवधि के लिए भारत के टोटल बासमती एक्सपोर्ट का 12.6% था। भारतीय बासमती चावल की कीमतें 75-90 रुपए प्रति किलोग्राम तक गिर जाने के बाद वेस्ट एशिया और ईरान के प्रमुख इंपोर्टर्स देशों ने अपनी खरीद बढ़ा दी थी। इसके बाद देश में बासमती चावल की कीमतों में तेजी आई थी।

### ट्रांसशिपमेंट संबंधी समस्याओं के कारण कीमतों में सुधार

रिपोर्ट के अनुसार, बासमती चावल के एक्सपोर्टर राजेश जैन पहाड़िया ने कहा, 'एक्सपोर्ट प्राइस एक महीने पहले के 1000 डॉलर (85,988 रुपए) प्रति टन से घटकर 900 डॉलर (77,390 रुपए) प्रति टन पर आ गई हैं। ट्रांसशिपमेंट संबंधी समस्याओं के कारण कीमतों में सुधार हुआ है।' महाराष्ट्र में बासमती चावल के एक्सपोर्टर और डोमेस्टिक ट्रेडर धवल शाह ने कहा, 'भारतीय बासमती चावल की कीमतें अप्रैल में अपने निचले स्तर पर पहुंच गई थीं, क्योंकि कई कारकों की वजह से तब ग्लोबल एक्सपोर्ट डिमांड कम रही थी।

# सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर 81,796 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में 16 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर 81,796 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 227 अंक की तेजी रही, ये 24,946 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 3 में गिरावट देखने को मिली। आज एनर्जी, बैंकिंग,IT और FMCG शेयर्स में बढत रही। टेक महिंद्रा, ITC और इंफोसिस के शेयर करीब 2% चढ़कर बंद हुए। पंप और मोटर बनाने वाली कंपनी ओसवाल पंप्स का IPO यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग 13 जून से ओपन हो गया है। निवेशक इसमें 17 जून तक अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 20 जून को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे।

# यूग्रो कैपिटल ने महाराष्ट्र में खोली 20 नई शाखाएं

**महानगर नेटवर्क**

**मुंबई**

एमएसएमई कर्ज पर फोकस करने वाली देश की अग्रणी डेटा टेक एनबीएफसी यूग्रो कैपिटल महाराष्ट्र में 20 से ज्यादा नई शाखाएं खोलने का ऐलान किया। कंपनी ने गर्व के साथ कहा कि यह कदम वित्तीय समावेशन और अंतिम पायदान के व्यक्ति तक कर्ज का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। इस रणनीतिक विस्तार के बाद महाराष्ट्र में यूग्रो कैपिटल केशाखाओं की संख्या बढ़कर 42 हो गई हैं। अब महाराष्ट्र यूग्रो कैपिटल की सबसे ज्यादा शाखाओं वाला राज्य बन गया है। कंपनी ने आज अहमदनगर, औरंगाबाद, जलगांव, नासिक, संगमनेर, कल्याण, पनवेल, पिंपरी, बारामती, भंडारा, ब्रह्मपुरी, चंद्रपुर, गोंदिया, खोपोली, कोल्हापुर, पांडरगवड़ा, पेन, रत्नागिरी, सांगली और वाघोड़ी में यह शाखाएं खोली हैं। जो इन क्षेत्रों में स्थित एमएसएमई की अब तक अनसुलझी कर्ज की जरूरत पूरी करेंगी। कंपनी की यह पहल वित्तीय सेवाओं से अब तक अछूते एमएसएमई को किफायती दरों पर कर्ज उपलब्ध कराने और उनके कारोबार को बढ़ाने में सक्षम बनाने के यूग्रो कैपिटल के मिशन को आगे ले जाती है। इस विस्तार पर यूग्रो कैपिटल के चीफ बिजनेस ऑफिसर (सुक्ष्म उद्यम) जे. साथियान ने कहा, "महाराष्ट्र हमेशा से ही यूग्रो कैपिटल के लिए प्राथमिकता वाले राज्यों में शामिल रहा है।

# पीएनबी ने एससीसीएल से किया करार

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने एससीसीएल कर्मचारियों के लिए 1.25 करोड़ रुपये के बढ़े हुए दुर्घटना बीमा कवरेज वाली व्यापक पीएनबी वेतन बचत योजना शुरू करने के लिए सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। इस करार पर हैदराबाद में पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र व दोनो संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये, जो कोयला खदान श्रमिकों व उनके परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मिल का पत्थर (माइलस्टोन) है।

# HMSI ने अपनी नई बाईक के लॉन्च की घोषणा की

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने अपनी नई और बहुप्रतीक्षित 2025 Honda XL750 Transalp के लॉन्च की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल उन राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई है जो सीमाओं से परे स्वतंत्रता की तलाश करते हैं। चाहे वह शहरी सड़कों पर आवागमन हो, लंबी क्रॉस-कंट्री रोड ट्रिप्स हों या फिर दुर्गम ऑफ-रोड एडवेंचर्स। नई XL750 ट्रांसऐल्प को 10,99,990 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम - हरियाणा) की कीमत पर पेश किया गया है। इसके लिए बुकिंग्स अब होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर भारतभर में शुरू हो चुकी हैं। ग्राहकों को इसका डिलीवरी चरण जुलाई 2025 से शुरू होगा। लॉन्च की घोषणा करते हुए, त्सुत्सुमु ओटानी, प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहाः"हम भारत में नई XL750 ट्रांसऐल्प को पेश करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं।

# डाबर आंवला का 'जेलस डैड' अभियान



**मुंबई।** डाबर आंवला हेयर ऑयल, भारत का सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित हेयर केयर ब्रांड, ने फादर्स डे के लिए एक नई डिजिटल फिल्म 'जेलस डैड' लॉन्च की है, जो भारतीय पिताओं की अनकही भावनात्मक ज़रूरतों पर प्रकाश डालती है। इंस्टामार्ट के सहयोग से बनाया गया यह दिल को छू लेने वाला अभियान, फादर्स डे पर उपहार देने के तरीके को फिर से परिभाषित करता है, एक साधारण, सांस्कृतिक रूप से निहित हावभाव-चंम्पी की भावनात्मक शक्ति का जश्न मनाते हुए। यह फिल्म एक पिता की कहानी है जो अपनी बेटी को अपनी माँ पर प्यार बरसाते हुए रीलों, सेल्फी और साझा पलों के माध्यम से देखकर तेजी से ईर्ष्यालु हो जाते हैं। खुद को उपेक्षित महसूस करते हुए, वह व्यंगात्मक ढंग से पूछते हैं कि क्या फिर से मदर्स डे है। बेटी, अपनी गलती का एहसास करते हुए, तुरंत इंस्टामार्ट के माध्यम से डाबर आंवला हेयर ऑयल का ऑर्डर देकर कार्रवाई करती है।

# स्विगी ने भारत भर की 7000 कंपनियों में कॉर्पोरेट रिवॉर्ड प्रोग्राम शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म स्विगी लिमिटेड ने अपना कॉर्पोरेट रिवार्ड्स प्रोग्राम लॉन्च किया है, जो देश भर में कार्यरत पेशेवरों के लिए ऐडेड वैल्यू, सुविधा और प्रसन्नता लाने के लिए डिज़ाइन की गई अपनी तरह की अनूठी और पहली पहल है। कंपनी ने बताया कि उसने भारत में 7000 कंपनियों में कॉर्पोरेट रिवॉर्ड प्रोग्राम शुरू किया है। स्विगी को इस प्रोग्राम के लिए शानदार प्रतिक्रिया मिली है और वह साल 2025 के अंत तक इसे पूरे भारत में 15,000 से ज़्यादा संगठनों तक ले जाने की प्रक्रिया में है। इस प्रोग्राम के ज़रिए, पार्टनर कंपनियों के कर्मचारी स्विगी ऐप पर अपने आधिकारिक ऑफिस ईमेल पते की पुष्टि करके कई तरह के खास ऑफ़र प्राप्त कर सकते हैं। अभी कॉर्पोरेट रिवॉर्ड प्रोग्राम दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, नोएडा, पुणे और कोलकाता सहित देश के शीर्ष 10 कॉर्पोरेट हब की कंपनियों में चल रहा है।

# फोर्ब्स बिलियनेयर्स लिस्ट में बड़ा फेरबदल

## बेजोस-जुकरबर्ग को इस शख्स ने पछाड़ा

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

ऑरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। फोर्ब्स बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार, हाल ही में ऑरेकल के शेयरों में जबरदस्त तेजी आने के बाद एलिसन की नेटवर्थ 258.8 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। इस बढ़ोतरी के साथ उन्होंने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को पीछे छोड़ दिया है। इस सूची में टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क अभी भी शीर्ष पर काबिज हैं। उनकी कुल संपत्ति 410.8 अरब डॉलर आंकी गई है। हाल ही में अमेरिकी राजनीति से जुड़ी बहसों के चलते मस्क फिर सुर्खियों में रहे लेकिन उनकी संपत्ति में लगातार इजाफा जारी है। बेजोस की स्थिति पिछले कुछ वर्षों में बार-बार बदलती रही है। अक्टूबर 2024 में भी जुकरबर्ग ने उन्हें कुछ समय के लिए पछाड़ा था, जब उनकी संपत्ति 206.2 अरब डॉलर तक पहुंच गई थी।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# योगी सरकार पहली बार किसानों से MSP पर खरीदेगी मक्का

## 2225 रुपये प्रति क्विंटल दाम तय

महानगर संवाददाता

लखनऊ

यूपी के किसानों के लिए अच्छी खबर है। योगी सरकार ने किसानों से मक्के की खरीद शुरू कर दी है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से रबी फसल में पहली बार सीधे मक्का खरीदेगी। यह खरीद 15 जून से प्रारंभ हो गई है, जो 31 जुलाई तक चलेगी।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्रय केंद्रों पर सुबह 9 से शाम छह बजे तक खरीद की जाएगी। विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किसानों से मक्का की खरीद 2225 रुपये प्रति कुंतल पर होगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों औरैया पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्का किसानों द्वारा की जा रही मक्का की खेती की जानकारी ली थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार नियमित रूप से उनकी उन्नति व



शिकायत, सुझाव एवं समस्या निराकरण हेतु विभाग का टोल फ्री नम्बर 18001800150 है। मक्का खरीद के लिए अन्य जानकारी के लिये जिला खाद्य विपणन अधिकारी के मोबाइल नंबर 9415248592 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी। बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, औरैया, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, बहराइच, बलिया, गोंडा, संभल, रामपुर, अयोध्या व मीरजापुर में क्रय केंद्रों पर मक्का की खरीद की जायेगी। सूत्रों के अनुसार मक्का की बिक्री के लिए किसानों को http://fcs.up.gov.in/या मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से ही मक्का क्रय किया जाएगा। इससे उन्हें एमएसपी का भी लाभ मिलेगा। किसान प्रयोगरत मोबाइल नंबर से ही पंजीकरण कराएं, जिससे प्राप्त ओटीपी भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सकें।

समस्त मक्का क्रय केन्द्र सम्बन्धित तहसील के मण्डी समिति परिषर में संचालित किये जाएंगे। जिला कृषि

### हाथरस में मक्का की खरीद के लिए सात क्रय केंद्र तय

वहीं दूसरी ओर हाथरस में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (रबी फसल) में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिले में मक्का खरीद प्रक्रिया के सत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदारी तय कर दी है। डीएम ने अपर जिलाधिकारी राजस्व को जिला खरीद अधिकारी नामित किया गया है। अपर जिलाधिकारी राजस्व समय-समय पर मक्का खरीद के सम्बन्ध में निर्गत सुसंगत शासनादेशों के अनुसार जनपद में मक्का खरीद कार्य सम्पादित करायेंगे। जिलाधिकारी ने जनपद में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत मक्का क्रय हेतु क्रय संस्था खाद्य विभाग के सात (07) मक्का क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं। जिले की तहसील हाथरस में दो (02), तहसील सादाबाद दो (02), तहसील सिकन्द्राराऊ में दो (02) तथा तहसील सासनी में एक (01) कुल सात (07) मक्का क्रय केन्द्र संचालित किए जाएंगे।

अधिकारी ने बताया कि जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मक्का के बोआई का सम्भावित क्षेत्रफल 4661 है0 तथा प्रति हैक्टेयर सम्भावित उत्पादकता 25.40 कुंतल है। मक्का खरीद 15 जून से 31 जुलाई तक जारी रहेगी। कृषकों को अधिक से अधिक लाभान्वित कराये जाने की मंशा से शासन द्वारा जायद मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225-प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। मक्का विक्रय के लिए कृषकों द्वारा खाद्य विभाग के पोर्टल पर पूर्व से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा तथा पंजीकृत कृषकों से ही मक्का क्रय किया जायेगा।

# केशव प्रसाद मौर्य 2057 तक कोई चुनाव नहीं जीत पाएंगे

### सपा सांसद राजीव राय का पलटवार

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश 2027 विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों की तैयारी और जुबानी जंग भी तेज होती जा रही है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी और उनके मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोल दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने पोस्ट के जरिये निशाना साधते हुए कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी का आखिरी अध्याय लिखा जाएगा। इस पर सपा सांसद राजीव राय ने जोरदार पलटवार कर दिया। राजीव राय ने केशव प्रसाद मौर्य के चुनाव जीतने को लेकर कर भविष्यवाणी भी कर दी। सपा सांसद ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य 2057 तक कोई भी चुनाव नहीं जीत पाएंगे।

दरअसल, उपमुख्यमंत्री केशव





प्रसाद मौर्य लगातार मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी पर निशाना साध रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट के जरिये कहा कि सपा बहादुर अखिलेश यादव को बीजेपी सरकार की पारदर्शी भर्तियां देख कर बेचैनी हो रही है। क्योंकि अब न वसूली चल रही है, न सैफई मंडली की सिफारिश। लेकिन यह पारदर्शिता अब 2047 तक स्थायी है। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सपा अब यूपी में आयेगी नहीं और बीजेपी सरकार जायेगी नहीं। इतना ही नहीं, केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी का आखिरी अध्याय लिखा जाएगा। योग्यता जीतेगी, सपा हारेगी।

वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सपा मुखिया को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आ गई। मऊ के घोसी से समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने उपमुख्यमंत्री के बयान पर पलटवार कर दिया है।

# यूपी के चार जिलों में हुए सड़क हादसों में 14 लोगों की मौत

महानगर संवाददाता

लखनऊ

राजधानी से सटे चार जिलों में रविवार को जानलेवा रफ्तार की चपेट में आकर 14 लोगों की जान चली गई। दो बड़े हादसे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए, जिनमें आठ लोगों की मौत हो गई तो रायबरेली में बस ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। इसी तरह सीतापुर में लोडेड ट्रक पलटने से उसकी चपेट में आकर बाइक सवार चार नाबालिगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहला हादसा अमेठी के शुकुल बाजार क्षेत्र में हुआ। यहां हरियाणा के फरीदाबाद में बीमारी से मृत अशोक शर्मा पुत्र मंगलू का शव लेकर जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर आगे जा रही पिकअप में पीछे से जा टकराई। इस हादसे में एंबुलेंस के दो चालक सरफराज निवासी नालहर हरियाणा और आबिद निवासी फिरोजपुर नूह हरियाणा के साथ ही शव लेकर जा रहे समस्तीपुर बिहार के रामभद्रपुर थाना कल्याणपुर निवासी राजकुमार शर्मा पुत्र अशोक शर्मा, रवि शर्मा पुत्र बलराम शर्मा व फूलो शर्मा पुत्र स्व. रामप्रसाद शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। समस्तीपुर बिहार के ही पुरी नाही निवासी शम्भूराय पुत्र योगेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया है।

दूसरी घटना में सुल्तानपुर के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में हुई। इसमें खाटू श्याम से दर्शन कर स्कार्पियो चालक टिंकू के साथ घर लौट रहे बिहार के



### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पिकअप से एंबुलेंस की टक्कर में 5 मरे

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के कृष्णा बाजार निवासी कुमार विनय (70), उनकी पत्नी कलावती देवी (65), नातिन नूतन पत्नी राजेश और नूतन की मासूम बेटी पुग्गी की स्कार्पियो अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। इस हादसे में स्कार्पियो सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाने पर कुमार विनय व उनकी पत्नी कलावती तथा पुग्गी को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कार चालक टिंकू और नूतन का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अमेठी/सुल्तानपुर/ रायबरेली, हिटी। राजधानी से सटे चार जिलों में रविवार को जानलेवा रफ्तार की चपेट में आकर 14 लोगों की जान चली गई। दो बड़े हादसे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए, जिनमें आठ लोगों की मौत हो गई तो रायबरेली में बस ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। इसी तरह सीतापुर में लोडेड ट्रक पलटने से उसकी चपेट में आकर बाइक सवार चार नाबालिगों की दर्दनाक मौत हो गई।

पहला हादसा अमेठी के शुकुल बाजार क्षेत्र में हुआ। यहां हरियाणा के फरीदाबाद में बीमारी से मृत अशोक शर्मा पुत्र मंगलू का शव लेकर जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर आगे जा रही पिकअप में पीछे से जा टकराई। इस हादसे में एंबुलेंस के दो चालक सरफराज निवासी नालहर हरियाणा और आबिद निवासी फिरोजपुर नूह हरियाणा के साथ ही शव लेकर जा रहे समस्तीपुर बिहार के रामभद्रपुर थाना कल्याणपुर निवासी राजकुमार शर्मा पुत्र अशोक शर्मा, रवि शर्मा पुत्र बलराम शर्मा व फूलो शर्मा पुत्र स्व. रामप्रसाद शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। समस्तीपुर बिहार के ही पुरी नाही निवासी शम्भूराय पुत्र योगेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए।

दूसरी घटना में सुल्तानपुर के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में हुई। इसमें खाटू श्याम से दर्शन कर स्कार्पियो चालक टिंकू के साथ घर लौट रहे बिहार के मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के कृष्णा बाजार निवासी कुमार विनय (70), उनकी पत्नी कलावती देवी (65), नातिन नूतन पत्नी राजेश और नूतन की मासूम बेटी पुग्गी की स्कार्पियो अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी।

# कुंभ में 33 की मौत बताई, आंकड़े 82 के आ गए

### अखिलेश ने पूछा- बांटा गया कैश किसका?



महानगर संवाददाता

लखनऊ

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुंभ भगड़ में मारे गए लोगों को लेकर एक बार फिर सोमवार को योगी सरकार पर हमला बोला। अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर कहा कि जो लोग दावा करते थे कि कुंभ में 33 की जान गई, अब तो 82 की मौत के आंकड़े आ गए हैं। अखिलेश ने कहा कि अब भी सरकार कई चीजें छिपा रही है। अभी भी सच्चाई सामने नहीं आई है। अखिलेश ने सवाल किया कि सरकार क्या कर रही थी। कहा कि मुआवजा न देना पड़े इसलिए, आंकड़े छिपाए गए। अखिलेश ने कहा कि मारे गए लोगों के परिजन कुछ दावा न करें, मुआवजा की मांग न करें, इसलिए घर-घर जाकर कैश बांटा गया। पूछा कि आखिरकार यह पैसे किसने दिए, जो घर घर बांटे गए। सरकार ने मौतों पर जो मुआवजा तय किया था उसका क्या हुआ? जो कैश दिया जा रहा था, वह कैश किसका था। अगर कैश परिवार को नहीं दिया गया तो वह नगदी वापस किसे मिली? अखिलेश ने कहा कि जो लोग ऐसे पवित्र काम में झूठ बोल सकते हैं, किसी भी काम में झूठ बोल सकते हैं। ऐसे में हमें वोटर लिस्ट को लेकर भी सावधान रहना होगा। आने वाले समय में सेंसेक्स भी होने जा रहा है। उसे लेकर सावधान रहना होगा। भाजपा के आंकड़ों पर किसी का भरोसा नहीं रह गया है। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। इन्होंने रोजगार और नौकरी के सर्टिफिकेट नहीं दिए हैं। दिल्ली और लखनऊ की नीतियों ने बड़े पैमाने पर बेरोजगार बनाने का काम किया है। अगर अपना ही घोषणा पत्र बार-बार पढ़ते तो लाखों का आंकड़ा नहीं करोड़ों का आंकड़ा देते।

# माफिया मुख्तार अंसारी की फरार पत्नी आफ्सा अंसारी का बैंक खाता सीज

## गाजीपुर पुलिस की लखनऊ से जुड़ी बड़ी कार्रवाई

महानगर संवाददाता

गाजीपुर

उत्तर प्रदेश की गाजीपुर पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। IS-191 गैंग के पूर्व सरगना मुख्तार अंसारी की पत्नी और 50 हजार की इनामी फरार अपराधी आफ्सा अंसारी के बैंक खाते में जमा 8.91 लाख रुपये को फ्रीज कर दिया है। यह राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लखनऊ सिविल सचिवालय शाखा में खाता संख्या 10223102494 में जमा थी। इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने कार्रवाई की। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक ने इस खाते की जानकारी मिलने के बाद बैंक से समन्वय स्थापित कर राशि को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू की। यह कार्रवाई कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 96/2023 (धारा 406, 420, 386, 506 भादवि) और मुकदमा संख्या 667/2020 (धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट) के तहत की गई।



पुलिस ने नियमानुसार रिपोर्ट भेजकर इस राशि को तत्काल प्रभाव से फ्रीज करवाया। मामले में आगे की जांच जारी है। आफ्सा अंसारी के खिलाफ गाजीपुर के कोतवाली और नंदगंज थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें धोखाधड़ी, जालसाजी, चोरी, आपराधिक साजिश, जबरन वसूली, और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप शामिल हैं। उनके खिलाफ दर्ज प्रमुख मुकदमों में कोतवाली थाने में 2019, 2020, और 2023 के मामले और नंदगंज थाने में 2021 और 2022 के मामले शामिल हैं।

# दूल्हे की शक्ल देखते ही भड़क गई दुल्हन

भरी महफिल में सुनाया फैसला

चकनाचूर हुए बारातियों के अरमान

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

यूपी के प्रयागराज जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के संडलपुर गांव में आई एक बारात में अच्छा-खासा हंगामा हो गया। बारात एमपी से आई थी। दुल्हन को दूल्हे का चेहरा देखने की बेचैनी हो रही थी। मौका पाता ही दुल्हन ने खिड़की से दूल्हे की चेहरा देखा तो वह भड़क गई। दूल्हे की शक्ल देखकर दुल्हन ने शादी करने से मना कर दिया। इसकी जानकारी जब लड़की वालों को लगी तो उन्होंने बेटी को समझाने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बनी। भरी महफिल में दुल्हन ने अपना फैसला सुना दिया। दुल्हन का फैसला सुनकर परिजन और रिश्तेदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। शादी न करने के दुल्हन के फैसले को सुनकर बारातियों के भी अरमान पूरी तरह से चकनाचूर हो गए। लड़की वालों की तरफ से दूल्हे को बदलने का आरोप लगाया जाने लगा। सूचना पर यूपी 112 और फूलपुर पुलिस पहुंचकर गर्म माहौल को शांत कराया। हालांकि बिना दुल्हन की बारात लौट गई।



फूलपुर के संडलपुर गांव में 12 जून को एमपी के इंदौर से बारात आई हुई थी। बिंद समाज की बारात में सब ठीक-ठाक चल रहा था लेकिन द्वारचार के समय खिड़की से दूल्हे को देखने की रस्म ने दुल्हन का पारा गर्म कर दिया। अपने पिता की उम्र की दूल्हे को देख दुल्हन बेकाबू हो गई। वह तुरंत रिश्ता तोड़ने का फैसला कर दिया। दुल्हन के फैसले को नात रिश्तेदार परिजन भी दुल्हन का पक्ष ले लिया। जिससे दूल्हे बदलने का आरोप लगाते हुए खूब जमकर बारात में हंगामा होने लगा। बवाल देख अगुवा भी फरार हो गया।

हंगामा देख सूचना पर यूपी 112 पुलिस और फिर थाने की पुलिस पहुँच गयी। डंडे पटककर बवाल को शांत कराया। घरातियों के रुख को देख ज्यादा तर बाराती रात को ही इंदौर के लिए खिसक लिए। और रुके बारातियों को घरातियों ने इंसानियत का परिचय देते हुए भोजन कर सुबह घर जाने की नसीहत दिया।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग में विमान के टायर से निकली चिंगारी

महानगर संवाददाता

लखनऊ

लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के बाद टैक्सी-वे पर जाते वक्त सऊदी अरबिया एयरलाइंस के विमान के बाएं पहिये से चिंगारी और तेज धुआं उठने लगा। सोशल मीडिया पर सऊदी की फ्लाइट के पहियों से धुआं निकलने और 250 यात्रियों के बाल-बाल बचने की वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि बताया जा रहा है कि रनवे भीगा हो तो अक्सर पायलट एक्वा मैनेमेंट प्लान लैंडिंग कराते हैं। यह हार्ड लैंडिंग होती है जिसमें पहिये को रनवे की सतह पर रगड़ खाने दिया



जाता है ताकि प्लेन स्केट न करे। यह सामान्य घटना है लेकिन किसी यात्री ने वीडियो बना ली तो उस पर पोस्ट होते जा रहे हैं। अभी तक सऊदी अरबिया एयरलाइंस के ग्राउंड टीम ने कोई इंसिडेंट रिपोर्ट ही नहीं किया है।

बताया जा रहा है कि सऊदी अरबिया एयरलाइंस के विमान एसवी 3112 ने शनिवार रात करीब 11:30 बजे जेद्दा एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए उड़ान भरी थी। इस विमान में कुल 242 हज यात्री सवार थे। यह विमान रविवार सुबह करीब 6:30 बजे लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पहुंचा। रन-वे पर लैंडिंग के बाद विमान टैक्सी-वे पर आ रहा था। तभी इसके बाएं पहिए के पास से धुएं के साथ चिंगारी उठने लगी। इसका किसी ने वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।

आपको बता दें कि अहमदाबाद हादसे के बाद अभी लोग उबर नहीं पाए। ऐसे में लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय बाएं पहिए के पास से धुएं के साथ चिंगारी उठने के वायरल वीडियो से लोग सकते में आ गए। हालांकि का जानकारों की मानें तो रनवे भीगा होने पर हार्ड लैंडिंग होती है। इस दौरान पहिये को रनवे की सतह पर रगड़ खाने दिया जाता है ताकि प्लेन स्केट न करे। यह सामान्य घटना है।

# अमरोहा की पटाखा फैक्ट्री में धमाका ताश के पत्तों की तरह बिखरी इमारत, चार महिलाओं की मौत

**अमरोहा।** यूपी की अमरोहा के गांव अतरासी कलां में खेतों के बीच संचालित एक पटाखा फैक्ट्री में सोमवार दोपहर तेज धमाका हुआ। पूरी फैक्ट्री ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई। दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस-प्रशासनिक और दमकल टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अधिकारी मामले की जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। मलबे के नीचे दबे मजदूरों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। सोमवार दिन में करीब 11:45 बजे अतरासी कलां में संचालित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। धमाका इतना तेज था कि पूरी पटाखा फैक्ट्री ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। आसपास मलबा फैला गया। धमाके की आवाज सुन ग्रामीणों के बीच भी हड़कंप मच गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव का कार्य शुरू किया। वहीं सूचना पर पुलिस-प्रशासनिक एवं दमकल टीमें भी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव की कवायद में जुट गईं।

# यूपी में ननिहाल आई 8 साल की मासूम से रेप

### डरी सहमी बच्ची की आपबीती सुनकर परिवार सन्न

महानगर संवाददाता

रायबरेली

यूपी के रायबरेली में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपनी मां के साथ ननिहाल आई आठ साल की बच्ची के साथ गांव के ही रहने वाले युवक ने रेप किया। आरोपी ने बच्ची को डराया धमकाया। डरी सहमी बच्ची ने कई दिन बाद घरवालों को आपबीती बताई तो परिवार सन्न रह गया। शिकायत युवक के घरवालों से की गई। शिकायत पर आरोपी के घरवाले बच्ची का इलाज कराने के लिए राजी हुए, लेकिन बच्ची के परिजनों ने इससे इंकार कर दिया। मामले में कोतवाली में दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी को



गिरफ्तार कर लिया। छह जून को क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपनी आठ साल की बच्ची के साथ मायके आई थी। उसकी बच्ची के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने बच्ची को इस कदर डराया धमकाया था कि बच्ची ने एक सप्ताह तक घर में कुछ नहीं बताया। वहीं बच्ची की हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती चली गई। बच्ची ने कई दिन घटना की आपबीती घरवालों को बताई। इसके घर के लोग आरोपी युवक के घर शिकायत करने पहुंचे। इस पर आरोपी के घरवाले बच्ची का इलाज कराने के लिए दो हजार रुपए दे रहे थे। बच्ची के घरवालों ने रुपए लेने से इंकार कर दिया। बच्ची की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर युवक पर उनकी आठ साल की बेटी पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। कोतवाली पुलिस ने मामले में मिली तहरीर पर आरोपी युवक बबलू के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

# यूपी में 'हैदरी दल' से जुड़े मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्र गिरफ्तार



**बरेली।** यूपी के बरेली में कट्टरपंथी संगठन 'हैदरी दल' से जुड़े दो छात्रों को भड़काऊ गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात मेडिकल छात्र डॉ. जैश अहमद और इंजीनियरिंग छात्र शानू को गिरफ्तार किया गया जिन पर संगठन की सक्रिय गतिविधियों में शामिल होने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने और धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने बताया कि दोनों युवक हैदरी दल से सक्रिय रूप से जुड़े हैं। एक ने संगठन के प्रचार के लिए सोशल मीडिया मंच का इस्तेमाल किया, जबकि दूसरा अपने क्लीनिक पर बैठकों की व्यवस्था करता था। इस पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच की जा रही है। अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच जारी है। जिले के बारादरी का निवासी डॉ. जैश अहमद एक प्राइवेट होम्योपैथिक कॉलेज का छात्र है और अपने घर के पास ही क्लीनिक संचालित करता है। पुलिस जांच में सामने आया कि जैश अपने क्लीनिक को हैदरी दल की बैठक स्थल के रूप में इस्तेमाल करता था। उन्होंने बताया कि जिलेभर से संगठन के सदस्य वहीं जुटते थे और आगे की रणनीति तय करते थे।

# इतनी गोली मारूंगी कि पहचान नहीं बचेगी

### पंप पर महिला ने सेल्समैन के सीने पर तान दी पिस्तौल

महानगर संवाददाता

हरदोई

यूपी के हरदोई में सीएनजी भरवाते समय कार से उतरने को कहने पर एक महिला बुरी तरह भड़क गई। महिला ने सेल्समैन के सीने पर पिस्तौल तान दी। उसने सेल्समैन को धमकी देते हुए कहा, 'इतनी गोली मारूंगी कि घरवाले भी पहचानने से इनकार कर देंगे।' इस मामले में पुलिस ने एक पुरुष और दो महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर है। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया है। इसके साथ पुलिस ने पिस्तौल समेत 25 जिंदा कारतूस भी जब्त कर लिए हैं। घटना का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि 'लाइव हिन्दुस्तान' इसकी पुष्टि नहीं करता है। हरदोई के बिलग्राम क्षेत्र में रविवार की देर



शाम पसनेर के पास पेट्रोल पंप पर कार में सीएनजी भरवाने के लिए यह परिवार पहुंचा था। कार ड्राइवर चला रहा था। उसमें दो महिलाएं और एक पुरुष बैठे हुए थे। सीएनजी भरवाते समय सबकी सुरक्षा की खातिर पंप के कर्मचारी (सेल्समैन) रजनीश ने उन्हें कार से उतर जाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर उनमें कहासुनी होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान महिला अचानक से उग्र हो गई। उसने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल निकाल ली और रजनीश के ऊपर तान दी। महिला की मां हुस्नबानो और पिता एहसान से भी सेल्समैन की कहासुनी हुई। आरोप है कि उन दोनों ने भी हाथापाई की। आरोपी महिला की पहचान सुरीश खान उर्फ अरीबा पुत्री एहसान खां के रूप में हुई। मामले में पीड़ित सेल्समैन ने थाने में तहरीर दी है जिसके आधार पर धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस और 30 आर्म्स एक्ट में नामजद एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के पास से मिले लाइसेंसी हथियार और कारतूसों को भी जब्त कर लिया गया है। उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे कार्रवाई जारी रहेगी। इस घटना की इलाके में काफी चर्चा है। लोग एक महिला द्वारा इस तरह उग्र रवैया अख्तियार करने और पंप कर्मचारी पर पिस्तौल तानने की घटना को लेकर हैरानगी जता रहे हैं।

# नाना का जन्मदिन मनाने गए 2 सगे भाइयों समेत 3 की सरयू नदी में डूबकर मौत

**देवरिया।** यूपी के देवरिया में सोमवार की सुबह हादसा हो गया। जिले के बरहज में सरयू नदी में नहाने गए 2 सगे भाइयों सहित 3 युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई। तीनों गोरखपुर के रहने वाले थे। वे अपने नाना का जन्मदिन मनाने देवरिया के बरहज गए थे। रविवार की रात नाना के जन्मदिन समारोह में हिस्सा लेने के बाद वे वहीं रुक गए थे। सोमवार की सुबह वे सरयू नदी में नहाने चले गए। इस दौरान वे अचानक डूबने लगे। आसपास मौजूद नाविकों ने उन्हें देखा तो बचाने की कोशिशों में जुट गए। तीनों को बड़ी मुश्किल से नदी के बाहर निकाला गया। लोग उन्हें लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर गए



जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

रविवार की रात देवरिया के बरहज नगर के पटेल नगर के रहने वाले तुफानी बांसफोर का जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए, गोरखपुर के मोहद्दीपुर की रहने वाली बेटी के लड़के प्रदीप (उम्र 24 वर्ष) पुत्र संजय बांसफोर, रोहित (उम्र 20 वर्ष) पुत्र संजय बांसफोर और बंटी (उम्र 21 वर्ष) पुत्र रंजय बांसफोर, बरहज के पटेल नगर आए हुए थे। रात में तीनों जन्मदिन समारोह में शामिल हुए और सो गए।

# परमाणु हथियार बनाने ही नहीं हैं..

इजरायल से युद्ध के बीच ईरान के राष्ट्रपति का बयान



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

इजरायल और ईरान के बीच लगातार ड्रोन्स और मिसाइलों के जरिए युद्ध जारी है। इस दौरान ईरान के राष्ट्रपति पेजशकियान ने सोमवार को कहा कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है। लेकिन वह अपने परमाणु ऊर्जा और रिसर्च के अधिकार की लड़ाई लड़ता रहेगा। इतना ही नहीं पेजशिकयान ने अपने सर्वोच्च नेता अली खामनेई द्वारा परमाणु हथियारों के खिलाफ दिए गए मजहबी आदेश को भी दोहराया।

ईरानी संसद को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति पेजशिकयान ने कहा कि वह लोग अपने-अपने देशों में बैठे-बैठे कह रहे हैं कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं होने देंगे, जबकि हमारा इन हथियारों को हासिल करने का कोई इरादा है ही नहीं। ईरान के राष्ट्रपति का यह बयान इजरायल सहित पश्चिमी देशों के उन दावों के संदर्भ में आया है, जिसमें वह लगातार तेहरान के ऊपर परमाणु हथियार बनाने का आरोप लगाते रहते हैं, जबकि तेहरान यह लंबे समय से कहता आ रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल और केवल नागरिक उद्देश्यों के लिए है।

इसी बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने सोमवार को कहा कि ईरान की संसद परमाणु अप्रसार संधि से हटने के लिए एक विधेयक का मसौदा तैयार कर रही है। हालांकि उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि तेहरान सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास का विरोध करता है। आपको बता दें परमाणु हथियार की बात को लेकर ईरान और पश्चिमी देशों के बीच में लगातार तनाव बना रहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान ईरान के यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने वाले एक समझौते से खुद को अलग कर लिया था।



## साइप्रस की महिला सांसद ने पीएम मोदी के छूए पैर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ सेंटर ऑफ निकोसिया पहुंचे। यहां मोदी के प्रति आदर भाव दिखाते हुए साइप्रस की एक सांसद ने प्रधानमंत्री के पैर छुए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में निकोसिया परिषद की सदस्य मिकेला किथ्रेओटी म्लापा पीएम मोदी का पारंपरिक तरीके से पैर छूकर स्वागत करती हुई दिख रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान बड़ी विनम्रता से उनका अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने महिला सांसद के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।

साइप्रस की सांसद का पीएम मोदी के प्रति यह सम्मान भारत के गहरे सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है।

एयर इंडिया प्लेन क्रैश...

# कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर मिला, तस्वीर आई सामने



**महानगर नेटवर्क**
**अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे के बाद कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (CVR) की तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि 12 जून को हुए विमान हादसे के बाद लगी आग से CVR बुरी तरह झुलस गया है। CVR और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (FDR) को मिलाकर आम तौर पर ब्लैक बॉक्स कहा जाता है। इन दोनों उपकरणों की मदद से विमान हादसे की वजह जानने में मदद मिलती है। हालांकि ये दोनों ही असल में गहरे नारंगी रंग के होते हैं ताकि दुर्घटनास्थल पर इन्हें आसानी से ढूंढा जा सके। लेकिन आग की वजह से CVR काला पड़ गया है। इसकी हालत देखकर लग रहा है कि इसमें मौजूद डेटा सुरक्षित है या नहीं, इस पर संदेह है।

### क्या होता है सीवीआर

CVR कॉकपिट में होने वाली रेडियो ट्रांसमिशन और अन्य आवाजों को रिकॉर्ड करता है। इसमें पायलटों की बातचीत और इंजन की आवाजें शामिल होती हैं। संभावित कारण का पता लगाने में मदद कर सकता है। इस हादसे में 241 यात्रियों सहित 270 लोगों की जान चली गई थी। बहरहाल CVR मिलने से अब जांच और तेजी से आगे बढ़ सकेगी। इससे पता चल सकेगा कि हादसे के समय पायलटों के बीच क्या बात हुई थी और विमान के इंजन की क्या स्थिति थी। यह जानकारी हादसे मददगार साबित होगी।

ब्लैक बॉक्स की खोज एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। सरकार और जांच एजेंसियां इस मामले को गंभीरता से ले रही हैं और जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाने की कोशिश कर रही हैं।

### फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर पहले ही मिल चुका है

पहले विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) ने बताया था कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का सिर्फ फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (FDR) ही मिला है। अधिकारियों ने बताया कि ब्लैक बॉक्स मिलने की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा को दी गई है। उन्होंने रविवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटनास्थल का दौरा किया। यह दुर्घटना 12 जून को हुई थी। उन्होंने सिविल अस्पताल का भी दौरा किया, जहां घायल लोगों का इलाज चल रहा है।

विमान के दोनों ब्लैक बॉक्स मिलने से जांचकर्ताओं को दुर्घटना का कारण पता लगाने में आसानी होगी। बोइंग 787-8 (AI 171) में सवार 242 यात्रियों और चालक दल में से एक को छोड़कर बाकी सभी की मौत हो गई। इसके अलावा, विमान हादसे की चपेट में आने से अन्य 29 लोगों की भी मौत हो गई, जिनमें पांच MBBS के छात्र भी शामिल है। लंदन जाने वाला यह विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद मेघानीनगर इलाके में एक मेडिकल कॉलेज के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई।

# राज्यपाल आवास पर RSS नेताओं की तस्वीरें लगाने पर हंगामा

**SFI का केरल राजभवन के सामने प्रदर्शन**



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की छात्र शाखा स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजभवन के सामने प्रदर्शन किया। ये लोग राज्यपाल के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के नेताओं की तस्वीरें लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने राज्यपाल के सरकारी आवास के परिसर में घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें तुरंत रोक दिया। हाल में राजभवन में भारत माता के साथ आरएसएस के संस्थापक केबी हेडगेवार और विचारक गोलवलकर की तस्वीरें लगाए जाने के बारे में खबरें आई थीं। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के खिलाफ नारे लगाते हुए एसएफआई के कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में महात्मा गांधी और बीआर आंबेडकर की तस्वीरें ले रखी थीं और उन्हें राजभवन परिसर की दीवारों पर चिपकाने पर जोर दिया। पुलिस वाहन में जबरन ले जाए जाने के दौरान कई प्रदर्शनकारियों को यह कहते हुए सुना गया कि राजभवन राज्यपाल की निजी संपत्ति नहीं है। इससे पहले एसएफआई के प्रदेश सचिव संजीव पीएस ने फेसबुक पर पोस्ट में आर्लेकर को आरएसएस नेता बताया। उन्होंने कहा कि राजभवन उनकी पैतृक संपत्ति नहीं है। हालांकि, उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कोई अन्य विवरण नहीं दिया।

### भारत माता की तस्वीर पर भी बवाल

यह विवाद ऐसे समय में शुरू हुआ है जब कुछ दिनों पहले राजभवन में पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भारत माता के चित्र का इस्तेमाल किया गया था।

सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा में दूसरी सबसे बड़ी गठबंधन सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेतृत्व ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने वाले भाकपा नेता और कृषि मंत्री पी प्रसाद ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग आधिकारिक कार्यक्रमों को राजनीतिक कार्यक्रमों में नहीं बदल सकते।

**2026 में भाजपा सरकार**

# वरना बंगाल को मिलेगा मुस्लिम मुख्यमंत्री

**BJP नेता का बड़ा दावा**



**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में सियासत एक बार फिर गरमा गई है। भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल ने ममता बनर्जी पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार सिर्फ राज्य के 33% मुस्लिम समुदाय के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ मुसलमानों की है।अग्निमित्रा पॉल ने दावा किया कि 2026 में बंगाल में मोदी सरकार ही आएगी, भगवान न करे यदि ऐसा नहीं हुआ तो बंगाल में एक मुस्लिम मुख्यमंत्री देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल के हिंदू लोगों को यह जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने ममता बनर्जी पर घटनाओं के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में हिंदू भाई-बहनों को शरणार्थी बनना पड़ा, लेकिन मुख्यमंत्री को वहां जाने में एक महीना लग गया। वहीं बड़ा बाजार की आग में भी उन्होंने तीन-चार दिन बाद दौरा किया, जबकि खिदिरपुर, जो अल्पसंख्यक बहुल इलाका है, वहां आग लगने के कुछ घंटों के भीतर ही मुख्यमंत्री पहुंच गईं। भाजपा नेता ने तीखा हमला करते हुए कहा कि ममता बनर्जी जो मुस्लिम तुष्टिकरण कर रही हैं, वह अब बर्दाश्त के बाहर है। बंगाल के हिंदुओं और राष्ट्रवादी मुसलमानों को अब आंखें खोल लेनी चाहिए। इस बयान से पश्चिम बंगाल की सियासत में हलचल मच गई है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से अब तक इस पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि विधानसभा चुनाव 2026 से पहले हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण का यह बयान एक बड़ी बहस को जन्म दे सकता है।

## हरियाणा में मॉडल शीतल की गला रेत कर हत्या

**पानीपत।** हरियाणा में एक युवती की लाश मिली है, जिसकी पहचान शीतल के रूप में हुई है। हालांकि परिवार की तरफ से शव की पुष्टि की जानी बाकी है। खबर है कि युवती पेशे से मॉडल थी। उसकी गला रेत कर हत्या की गई है। यह कांड ऐसे समय पर हुआ है जब पड़ोसी राज्य पंजाब के बठिंडा में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कमल कौर भाभी की हत्या की जांच जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मृतका की पहचान शीतल के रूप में हुई है, जो हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़ी हुई थी। युवती का शव खांडा और झरोठी गांव के बीच एनसीआर नहर में मिला है। वह पानीपत के खलीला माजरा गांव की रहने वाली थी।

# खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों पर भड़के केंद्रीय मंत्री पुरी

- कहा-ये किराये के टट्टू हैं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले प्रदर्शन कर रहे खालिस्तानी समर्थकों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इन प्रदर्शनकारियों को किराए के टट्टू करार देते हुए कहा कि इन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पुरी ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इनका एक और वीडियो कल वायरल हो रहा है। ये लोग पड़ोसी देश (पाकिस्तान) से फंडिंग लेते हैं, लेकिन जब फंडिंग नहीं मिली तो वे उसी के खिलाफ हो गए। इन किराए के टट्टुओं को गंभीरता से मत लीजिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस की यात्रा के बाद 16-17 जून को कनाडा के कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर यह उनकी छठी लगातार G-7 भागीदारी होगी। पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा कि यह शिखर सम्मेलन वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा।

# इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच जयशंकर ने इन 2 देशों से की बात



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

ईरान और इजरायल के बीच जारी सैन्य संघर्ष पर भारत ने नजरें बना रखी हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और कूटनीति की भूमिका पर चर्चा पश्चिम एशिया में घटनाक्रम लगातार बदल रहा है।

### करीबी सहयोग पर की चर्चा

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपने आर्मेनियाई समकक्ष अरारत मिर्जोयान से भी बात की। इस दौरान क्षेत्र के घटनाक्रम और हमारे करीबी सहयोग पर चर्चा की। इजराइल ने दो दिन पहले ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य परिसरों को निशाना बनाकर हमले किए, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया और ईरान ने जवाबी कार्रवाई की। भारत ने कहा था कि वह दोनों देशों के बीच हाल के घटनाक्रम को लेकर बहुत चिंतित है और उभरती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

अब तो युद्ध ही एकमात्र विकल्प...

# बिलावल भुट्टो को भारत पर क्यों आया गुस्सा

**बोले- अपना हिस्सा नहीं छोड़ेंगे**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। बिलावल ने चेतावनी दी है कि अगर भारत पाकिस्तान का पानी रोकने की कोशिश करता है तो देश के लिए युद्ध ही एकमात्र विकल्प रह जाएगा। जर्मन समाचार आउटलेट डीडब्ल्यू उर्दू के साथ एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां पाकिस्तान के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करती हैं... पानी हमारी जीवन रेखा है और हम किसी भी परिस्थिति में अपना उचित हिस्सा नहीं छोड़ेंगे। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत ने कहा था कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। भारत ने पहले भी कई बार पाकिस्तान को सिंधु जल संधि की समीक्षा करने का अनुरोध किया था, लेकिन इसे अनसुना कर दिया गया था। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के स्पष्ट सबूत मिले थे। जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके अलावा पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर दिया था और अटारी-वाघा सीमा क्रॉसिंग को भी बंद किया था।

### दुनिया में झूठ फैला रहे बिलावल

बिलावल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ संघर्ष के बाद अपने देश का पक्ष रखने के लिए वाशिंगटन, न्यूयॉर्क और लंदन पहुंचा था। यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में भारी बेइज्जती के बाद भी यूरोपीय यूनियन के नेताओं को बरगलाने के लिए ब्रसेल्स पहुंचा है।

## भारत ने उत्तर कोरिया में आलियावेती लोंगेकुमेर को बनाया राजदूत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया या उत्तर कोरिया में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी। लोंगकुमेर वर्तमान में पैराग्वे में भारतीय दूतावास के प्रभारी हैं। ऐसी संभावना है कि वह जल्दी ही उत्तर कोरिया में भारत के अगले राजदूत के रूप में अपना कार्यभार संभाल लेंगे। आपको बता दें भारत ने 2 जुलाई 2021 को उत्तर कोरिया में अपना दूतावास बंद कर दिया था, उस वक्त वहां पर अतुल गोतसुर्वे बतौर राजदूत तैनात थे। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि भारत और उत्तर कोरिया के बीच संबंधों की विशेषता हमेशा से मित्रता, सहयोग और आपसी समझ रही है।

# मिल गया राजा रघुवंशी की हत्या वाला औजार

**पुलिस ने बताई आखिरी वक्त वाली बात**



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

मेघालय हनीमून मनाने गए कपल राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी केस में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मेघालय पुलिस को वह हथियार भी मिल गया है जिससे राजा रघुवंशी की हत्या की गई थी। पुलिस ने बताया है कि राजा रघुवंशी ने आसानी से हार नहीं मानी थी। उन्होंने आरोपियों से लड़ने और खुद को बचाने की पूरी कोशिश की। हालांकि उन पर पीछे से वार कर दिया गया। रिपोर्ट की मानें तो विशाल चौहान ने सबसे पहले राजा पर वार किया था। राजा खुद को बचाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं आरोपियों ने उन पर कई बार धारदार हथियार से वार किया। यह कुल्हाड़े जैसा हथियार था, जिसे आरोपियों ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से खरीदा था। बता दें कि 23 मई को राजा और सोनम रघुवंशी मेघालय से ही गायब हो गए थे। 2 जून को राजा का शव एक खाईं से बरामद किया गया। पुलिस ने जांच शुरू की, तो पता चला कि सोनम सही सलामत है और वह गाजीपुर पहुंच गई है। इंदौर की रहने वाली सोनम को गाजीपुर में एक ढाबे से गिरफ्तार किया गया। सोनम पर आरोप है कि उसने अपने प्रेमी राज कुशवाहा के साथ राजा की हत्या की साजिश रची। राज ने यह काम अपने तीन दोस्तों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को सौंपा था। अब एक और वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि राजा और सोनम चेरापूंजी में ट्रेकिंग कर रहे हैं। बताया गया कि यह हत्या से कुछ घंटे पहले का ही वीडियो है। होम स्टे से चेकआउट करने के बाद दोनों चेरापूंजी में ट्रेकिंग करने पहुंचे थे। यह वीडियो किसी टूरिस्ट ने बनाया था। रिपोर्ट के मुताबिक राजा की हत्या करने वाले तीन आरोपी यहीं से उनके साथ हो लिए थे। एक गाइड ने उनकी मदद की पेशकश की थी।

यह तो डराने वाला कदम है...

# अब सुप्रीम कोर्ट के वकील और ED क्यों आमने-सामने?

**नई दिल्ली।** केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय हाल के कुछ महीनों में अपनी कार्यशैली की वजह से कई बार सुप्रीम कोर्ट के निशाने पर आ चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड्स ने प्रवर्तन निदेशालय की एक कार्रवाई पर ना सिर्फ आपत्ति जताई है, बल्कि एक बयान जारी कर ईडी के इस एक्शन के तहत छिपे निहितार्थ को भी उजागर किया है। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार को हाल ही में एक समन जारी किया है। इस पर SCAORA ने आपत्ति जताते हुए एक बयान जारी किया है, जिसमें कानूनी पेशेवरों के लिए चिंता जताई गई है। 16 जून को SCAORA के मानद सचिव निखिल जैन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में ED की कार्रवाई को अनुचित करार दिया गया है और कहा गया है कि यह कानूनी पेशे और कानून के शासन के कामकाज को प्रभावित करने वाली प्रवृत्ति है।

### ED की कार्रवाई कैसे अनुचित?

बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक बयान में कहा गया है कि दातार एक सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, जिनकी ईमानदारी पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। उन्होंने पेशेवर आचरण और कानूनी नैतिकता के उच्चतम मानकों को लगातार बनाए रखा है।

# ईरान से तनाव के बीच दूसरे देशों में फंस गए 2 लाख इजरायली

**सरकार पर क्यों भड़की एयरलाइन्स**



**नई दिल्ली।** ईरान के साथ तनाव के बीच कम से कम दो लाख इजरायली देश के बाहर ही फंस गए हैं। इसरार और अरकिया एयरलान के हेड ने कहा है कि इजरायली सरकार अपने लोगों को वापस लाने के प्रयास ठीक से नहीं कर पा रही है। ऐसे में लोगों को वापस लाने में सप्ताहभर से ज्यादा का समय लग सकता है। बता दें कि इजरायली सरकार ने विमानों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में गुरुवार तक बाहर से भी कोई फ्लाइट नहीं आ पाएगी। ऐसे में बाहर फंसे लोगों को वापस लाने का काम ही नहीं शुरू हो पाएगा। इजरायल को डर है कि ईरान ऐसी जगहों पर हमला कर सकता है जहां भारी भीड़ हो। ऐसे में बेन गुरियन एयरपोर्ट पर भीड़ इकट्ठी होने से रोकने के लिए विमानों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। वहीं एयरलाइन्स के चीफ ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि इस तरह से तो लोगों को वापस लाने में कई हफ्ते लग जाएंगे। इसरार एयरलाइन के सीईओ उरी सिरकिस ने कहा कि सप्ताह के आखिरी में लोगों को वापस लाने का काम शुरू हो पाएगा।


**नाम मे परिवर्तन**

मैं, PRIYANKA BASARIKATTI नंबर 14831164P की पत्नी पद: HAV, नाम VINAYAK BASARIKATTI वर्तमान में पोस्टेड 23 RR (RAJPUT) C/O 56 APO निवास गांव: कंग्राळी (केएच), पद: कंग्राळी (केएच), तहसील: बेलगावी, जिला: बेलगावी, राज्य कर्नाटक पिन 590010 घोषित करती हूं मेरे पती के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम PRIYANKA BASARIKATTI दर्ज हैं सही नाम PRIYANKA VINAYAK BASARIKATTI है शपथपत्र 02.05.2025 की तारीख को सब डिविजनल मजिस्ट्रेट बेलगावी (कर्नाटक) इनके सामने कर लिया है।


पूर्व ट्रस्टी चेतन मेहता का

# एचडीएफसी बैंक के सीईओ के खिलाफ लगाए गए आरोपों से कोई लेना-देना नहीं

**नई दिल्ली।** लीलावती अस्पताल के ट्रस्टी चेतन मेहता की कानूनी सलाहकार एडवोकेट सिमरन सिंह ने स्पष्टीकरण जारी किया कि उनके मुवक्किल चेतन का हाल ही में जारी उस प्रेस विज्ञप्ति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसमें एचडीएफसी बैंक के सीईओ के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। 7 जून, 2025 की प्रेस विज्ञप्ति, जिसमें एचडीएफसी बैंक के सीईओ के खिलाफ आरोप लगाए गए थे, चेतन मेहता के कुछ रिश्तेदारों द्वारा जारी की गई थी, जो लीलावती ट्रस्ट के 'ट्रस्टी' होने का दावा करते हैं, जो मुंबई के बांद्रा पश्चिम में लीलावती अस्पताल चलाता है, अधिवक्ता सिमरन सिंह ने कहा। 'कीर्तिलाल मणिलाल मेहता के बेटे किशोर मेहता, उनकी पत्नी चारु मेहता और उनके बेटे राजेश मेहता, प्रशांत मेहता और राजीव मेहता, कुटिल उपायों के माध्यम से और लीलावती ट्रस्ट के संस्थापक की इच्छा के विरुद्ध, मेरे मुवक्किल चेतन मेहता जैसे अन्य सही ट्रस्टियों को बाहर करके लीलावती ट्रस्ट और लीलावती अस्पताल को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं, अधिवक्ता सिमरन सिंह ने स्पष्ट किया।

# ईरान के हमले का जश्न मना रहे थे फिलिस्तीनी कैदी

- इजरायल ने जेल में ही मार दी रेड



**नई दिल्ली।** इजरायल की पुलिस ने अपनी जेलों में छापेमारी की है। इजरायली अधिकारियों को पता चला कि ईरान के हवाई हमलों के दौरान कुछ कैदी खुशी का इजहार कर रहे थे। इजरायल की जेल सर्विस ने बताया कि मध्य इजरायल की एक जेल में फिलिस्तीन के आपराधिक कैदियों से उत्सव की आवाजें सुनाई दीं। इसके बाद जेल सर्विस की स्पेशल यूनिट मेत्जादा ने कैदियों की सेल पर छापा मारा। इस दौरान दोषी पाए गए कैदियों को अलग-अलग हटा दिया गया।

जेल सर्विस की ओर से शेयर किए गए वीडियो में सशस्त्र सैनिक जेल में घुसते दिखाई दे रहे हैं। वे कैदियों पर बंदूकें ताने हुए थे, जबकि कैदी अपनी सेल के फर्श पर छिप रहे थे। एक व्यक्ति चेहरा नीचे करके लेटा हुआ था, जबकि एक अधिकारी ने उसकी कलाइयों को जिप टाई से बांध रहा था। एक अन्य शख्स की आंखों पर पट्टी बांधी गई थी। कई कैदियों को उनके हाथ पीछे बंधे हुए, झुके हुए हालत में सेल से बाहर ले जाया गया। जेल सर्विस ने कहा कि इन कैदियों को ट्रिब्यूनल के सामने पेश किया गया। इसके खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। हालांकि, इसका विवरण नहीं दिया गया।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभाग : जल अभियंता का विभाग

क्र. ई.ई.(एम.) एम. डब्ल्यू./1392/मेंटे. दि. 12.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभिक तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय महाटेंडर पोर्टल पर और बीएमसी की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट हैं.

| अ.क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1186396_1 | ए.ई. (मेंटे.) डब्ल्यू. डब्ल्यू. डब्ल्यू. एस. एस. डिविजन अंतर्गत एच एवं के वार्ड्स में जलापूर्ति नेटवर्क हेतु 10 बार एवं 16 बार प्रेशर रेटिंग्स के साथ 1200 एमएम बटरफ्लाइ वॉल्व्स की आपूर्ति. |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए http://portal.mcgm.gov.in पर बीएमसी वेबसाइट और http://mahatenders.gov.in पर महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट का अवलोकन करें.

हस्ता./-
ई.ई. (एम.) एम. डब्ल्यू.

पीआरओ/664/विज्ञा./2025-26

खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह साफ करें

# बहुत शुभ मानी जाती है केले के पेड़ की पूजा

**आषाढ़ का महीना बेहद पवित्र माना जाता है। हिंदू कैलेंडर का यह चौथा महीना है। धार्मिक दृष्टि से भी यह माह बहुत शुभ माना जाता है। इस दौरान भगवान विष्णु और सूर्य देव की पूजा का विधान है। इस वर्ष आषाढ़ माह 12 जून 2025 से शुरू हो चुका है और इस माह की समाप्ति 10 जुलाई को होगी। इस दिन के बाद सावन महीना शुरू हो जाएगा। इस मास में केले के पेड़ की पूजा भी बहुत शुभ मानी जाती है, तो चलिए इसकी पूजा विधि जानते हैं।**

## केले के पेड़ की पूजा जरूर करें

आषाढ़ मास के गुरुवार को केले के वृक्ष की पूजा फलदायी मानी जाती है। ऐसे में सुबह उठकर पवित्र स्नान के बाद केले के वृक्ष के आसपास का स्थान साफ करें। उसकी जड़ों में हल्दी डालकर जल अर्पित करें। गंगाजल से उसके तने को साफ करें। फिर उसपर गोपी चंदन, हल्दी, रोली का तिलक लगाएं। पीले रंग का वस्त्र अर्पित करें। चने और गुड़ का प्रसाद अर्पित करें। केले के पेड़ के साथ भगवान विष्णु की पूजा अवश्य करें। इसके साथ ही पूजा का समापन आरती से करें।



## भगवान विष्णु पूजा मंत्र

**ॐ भूरिदा भूरि देहिनो, मा दभ्रं भूर्या भर। भूरि घेदिन्द्र दित्ससि।**
**ॐ भूरिदा त्यसि श्रुतः पुरूत्रा शूर वृत्रहन्। आ नो भजस्व राधसि।**

## आषाढ़ माह के नियम

आषाढ़ मास में 'ॐ नमः शिवाय और ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें।



इस दौरान तामसिक चीजों से दूर रहें। इस माह में सूर्योदय से पहले उठना चाहिए। इस दौरान जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। इस माह तीर्थ यात्रा बेहद पुण्यदायी मानी जाती है। इस माह किसी के साथ गलत व्यवहार करने से बचना चाहिए।



# आपके और आपके बच्चे के बीच का रिश्ता कितना मजबूत

**छोटे-छोटे व्यवहारों के माध्यम से आपका बच्चा अपने प्यार को जाहिर करता है। ये संकेत बताते हैं कि आपके और आपके बच्चे के बीच का रिश्ता कितना मजबूत और प्यारा है। बच्चे का प्यार सच्चा और मासूम होता है। उनके कुछ छोटे-छोटे व्यवहार दिखाते हैं कि वे आपसे कितना प्यार करते हैं। आइए जानें आपके बच्चे के ऐसे पांच व्यवहार जो उनके दिल में आपके लिए बसे गहरे प्यार को दर्शाते हैं।**

**आपकी नकल करना :** बच्चे अक्सर अपने माता-पिता की नकल करते हैं। अगर आपका बच्चा आपकी तरह बोलता, चलता या आपके हावभाव अपनाता है, तो यह दिखाता है कि वह आपसे कितना प्रभावित है और आपको कितना पसंद करता है।

**आपकी गोद में बैठना :** जब आपका बच्चा आपकी गोद में बैठना चाहता है या आपको गले लगाता है, तो यह उसके आपसे गहरे लगाव का संकेत है। यह उसकी सुरक्षा और स्नेह की भावना को दर्शाता है।

**आपकी बातें सुनना :** अगर आपका बच्चा ध्यान से आपकी बातें सुनता है और आपकी सलाह को मानता है, तो यह उसका आपके प्रति सम्मान और प्यार को दर्शाता है। वह जानता है कि आपकी बातें उसके लिए महत्वपूर्ण हैं।

**आपके साथ समय बिताना :** जब आपका बच्चा अपने खेल और दोस्तों को छोड़कर आपके साथ समय बिताना पसंद करता है, तो यह साफ संकेत है कि वह आपसे कितना प्यार करता है। यह उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि वह आपके साथ समय बिताए।

**आपकी मदद करना :** बच्चे का छोटी-छोटी चीजों में आपकी मदद करना, जैसे कमरे को साफ करना या खाना बनाते समय आपकी सहायता करना, यह दिखाता है कि वह आपसे प्यार करता है और आपका ख्याल रखता है।

# ओवर एक्सरसाइज शरीर को फायदा नहीं, नुकसान

**अगर आप खुद को फिटनेस फ्रीक मनाते हैं और एक दिन भी अपना जिम मिस नहीं करते हैं तो ये खबर आपके इंटरेस्ट की हो सकती है। जी हां, रोजाना कुछ देर वर्कआउट करने से व्यक्ति एक्टिव बने रहने के साथ सेहतमंद भी बना रहता है,लेकिन कई बार खुद को फिट और टोन्ड रखने की चाहत मन में लिए लोग घंटों जिम में पसीना बहाते रहते हैं। क्या आप जानते हैं जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज सेहत को फायदा नहीं बल्कि नुकसान तक पहुंचा सकती है। ऐसे लोग वर्कआउट करते समय यह बात भूल जाते हैं कि एक्सरसाइज बॉडी को फिट रखने के लिए की जाती है, न कि बॉडी को थकाने और नुकसान पहुंचाने के लिए। आइए जानते हैं जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने से सेहत को होते हैं क्या नुकसान।**



**कैल्शियम की कमी–** जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने की वजह से शरीर में कैल्शियम की कमी हो सकती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी होता है। जिसकी वजह से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा भी बढ़ सकता है।

**कमजोर इम्यूनिटी–** अत्यधिक व्यायाम बॉडी के इम्यून सिस्टम को भी कमजोर बना सकता है। ओवर एक्सरसाइज करने से शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ जाता है, जो इम्यून सिस्टम को कमजोर बना सकता है।

**दिल से जुड़ी समस्याएं–** ओवर वर्कआउट करने से व्यक्ति का शरीर ज्यादा एनर्जी बनाने लगता है, जिसकी वजह से कई लोगों को वर्कआउट के दौरान सांस फूलने की समस्या होने लगती है। जिससे निपटने के लिए व्यक्ति का दिल शरीर को ज्यादा ऑक्सीजन सप्लाई करने लगता है, जिससे हार्ट डिजीज होने का खतरा बढ़ सकता है।

**एक दिन में कितनी एक्सरसाइज करना सही–** सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार हफ्ते में 150 मिनट तक वर्कआउट करना सही रहता है। इसे एक दिन में करने की जगह सप्ताह के 5 दिन में बांट देना ज्यादा फायदेमंद होता है।

**मांसपेशियों में दर्द–** जरूरत से ज्यादा वर्कआउट करने से व्यक्ति की मांसपेशियों पर बुरा असर पड़ सकता है। जिसकी वजह से उसे बदन दर्द या कमजोरी महसूस होने लगती है। इतना ही नहीं ओवर वर्कआउट कई बार हड्डियों के ढ़ाचे पर भी बुरा असर डालता है। दरअसल, अत्यधिक व्यायाम से हड्डियों पर लगातार दबाव पड़ता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को स्ट्रेस फ्रैक्चर हो सकते हैं। स्ट्रेस फ्रैक्चर बहुत छोटे-छोटे फ्रैक्चर होते हैं,जो बाद में गंभीर चोटों में बदल सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी के दौरान सोने से पहले गर्भवती महिला ध्यान रखें ये बातें

**किसी भी महिला के लिए मां बनने का सुख और अनुभव सबसे अनमोल होता है, लेकिन यह सफर आसान बिल्कुल भी नहीं होता है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं का शरीर कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलाव से होकर गुजरता है। जिसका सीधा असर महिला के चलने-फिरने, खाने-पीने, वजन, मूड और यहां तक की उनकी नींद तक पर पड़ता है। यही वजह है कि नवजात शिशु और मां की सेहत को बनाए रखने के लिए मां को अपने चलने-फिरने और उठने-बैठने के साथ अच्छी नींद लेने की भी सलाह दी जाती है, लेकिन गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को सोने में काफी परेशानी होती है। कई बार ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि मां को सोने के सही तरीके की जानकारी नहीं होती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान सोने से पहले गर्भवती महिला ध्यान रखें ये बातें-**



**पीठ या पेट के बल ना सोएं**
गर्भावस्था के दौरान महिला को कभी भी अपनी पीठ या पेट के बल लेटकर नहीं सोना चाहिए। ऐसा करने से महिला के गर्भाशय का दबाव कमर, रीढ़ की हड्डी और आंतों पर पड़ता है। जिसकी वजह से शरीर में रक्त का संचार अच्छी तरह नहीं हो पाता है और महिला मांसपेशियों में दर्द, क्रैंप जैसी समस्याओं से पीड़ित रहती है।

**घुटनों के बीच तकिए का यूज**
प्रेग्नेंसी के दौरान सोते समय बाईं तरफ घुटनों के बीच कम से कम दो तकिए लगाकर सोना चाहिए। ऐसा करने से आपके पेल्विक एरिया, जिसमें ब्लैडर, यूटेरस, वजाइना और रेक्टम से जुड़ी मांसपेशियों पर से दबाव कम होता है और महिला को आराम से सोने में मदद मिलती है। घुटनों के बीच तकिया लगाकर सोने से पीठ दर्द से भी आराम मिलता है।

**सोने से पहले तरल पदार्थ का कम सेवन-**
गर्भावस्था के दौरान बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए पानी पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन बात जब रात को सोने की आती है तो रात को सोने से पहले ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से रात को बार-बार पेशाब आती है, जिससे नींद खराब होती है।

**मसालेदार भोजन करने से बचें-**
गर्भावस्था के दौरान रात को अधिक मसालेदार भोजन करने से बचना चाहिए। ऐसा भोजन रात को करने से एसिडिटी, सीने में जलन की शिकायत हो सकती है। जिससे महिला की नींद टूट सकती है। गर्भावस्था के दौरान अच्छी नींद पाने के लिए महिला को खुद को रिलैक्स रखना चाहिए। इसके लिए महिला रात को सोने से पहले एक कप गर्म दूध पी सकती है।

## सोने के लिए करें प्रेग्नेंसी पिलो का इस्तेमाल

*आजकल गर्भवती महिलाओं के लिए बाजार में प्रेग्नेंसी पिलो आने लगे हैं। जिसे आप अपनी डॉक्टर की सलाह के बाद खरीदकर ला सकते हैं। यह खास तरह के तकिए सोते समय महसूस होने वाली परेशानी को कम करने में मदद करते हैं।*

# बालों के लिए कॉफी के फायदे

**बाल और त्वचा को लेकर अधिकतर लोग परेशान रहते हैं। कई बार जरूरत से ज्यादा बाल झड़ते हैं, जिससे लोग परेशान हो जाते हैं। इससे बचने के लिए लोग कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। यही नहीं कुछ लोग तो मेडिकल ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं, लेकिन जरूरत से ज्यादा दवाइयों का सेवन करना सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जो बालों के लिए ही नहीं त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद है।**



## कॉफी का इस्तेमाल

इस चीज का इस्तेमाल कर आप बाल और त्वचा दोनों को स्वस्थ रख सकते हैं। कॉफी पीने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ बाल और त्वचा के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। इसका इस्तेमाल कर आप अपने बालों को मजबूत और चमकदार बना सकते हैं। वही चेहरे को चमकदार और खूबसूरत बनाने में भी यह काफी मदद करती है।



## कॉफी और शहद

आप कॉफी और शहद का हेयर मास्क भी बना सकते हैं, इसके लिए आपको एक चम्मच कॉफी में एक चम्मच शहद मिलाकर अपने बालों पर इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए लगाना होगा। ऐसा आप हफ्ते में एक बार कर सकते हैं।

## कॉफी और नारियल तेल

आप कॉफी और नारियल तेल का हेयर मास्क बना सकते हैं, इसके लिए आपको एक चम्मच कॉफी में एक चम्मच नारियल तेल मिलाकर बालों में 1 घंटे के लिए इस पेस्ट को लगाना होगा। इसके बाद बाल को शैंपू से धो लें, ऐसा हफ्ते में एक से दो बार कर सकते हैं।

## कॉफी और अंडे

कॉफी और अंडे का हेयर मास्क भी काफी फायदेमंद माना गया है, इसे बनाने के लिए एक चम्मच कॉफी में एक चम्मच अंडे के सफेद भाग को अच्छी तरह मिला लें। इसे अपने बालों पर आधे घंटे के लिए लगाएं, फिर शैंपू से अपने बाल धो लें। ऐसा हफ्ते में एक से दो बार कर सकते हैं।

# घी लगी रोटी खाने से सेहत को मिलते हैं गजब के फायदे

**रोटी हमारी जिंदगी में सबसे महत्वपूर्ण और जरूरी आवश्यकता है। रोटी का सेवन करने से शरीर को कई प्रकार के फायदे होते हैं, लेकिन यदि आप रोटी पर घी लगाकर खाते हैं तो यह फायदे दोगुने हो जाते हैं। रोटी पर घी लगाकर खाने से सेहत को क्या फायदे होते हैं।**



- रोटी पर घी लगाने का सबसे बड़ा फायदा है कि आपका पेट ज्यादा समय तक भरा-भरा रहता है और इसी वजह से आप थोड़ी-थोड़ी देर में अधिक नमकीन, मीठा या स्नैक्स वग़ैरह खाने से बचते हैं।
- रोटी पर घी लगाकर खाने से हार्मोन्स का संतुलन बना रहता है।
- वहीं कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित रखने में भी ये मदद करता है रोटी के साथ ही का सेवन करने से इंडेक्स को नीचे लाने में मदद मिलती है।
- घी का सेवन यदि सही मात्रा में करें तो स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद फ़ायदेमंद होता है।
- यदि आप मोटे हैं और वजन कम करना चाहते हैं तो रोटी पर घी लगाकर खाएं, ये वजन घटाने में भी मददगार है।
- शुद्ध देसी घी को रोटी पर प्रतिदिन लगाने से हार्ट, स्किन और पेट संबंधी रोग नहीं होते हैं।
- यदि आप गेंहू की रोटी के अलावा बाजरा, ज्वार, मक्का, जौ और मल्टीग्रेन रोटी शुद्ध घी लगाकर खाते हैं तो इससे आपकी हेल्थ को काफी फायदा मिलता है।

# बच्चों को उत्तम संस्कार देना महत्वपूर्ण कार्य

बच्चों को ज्ञान के साथ उत्तम संस्कार देना और समाज में धर्म के प्रति विश्वास का वातावरण निर्माण करना – यह श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ का निरंतर चलने वाला एक महत्वपूर्ण कार्य है। आने वाले समय में संस्था द्वारा शुरू किए जाने वाले विविध उपक्रमों को सरकार की ओर से यथासंभव सहयोग दिलाने का आश्वासन महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे ने आज मुंबई में दिया। श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा देशभर में 1000 से अधिक जैन पाठशालाएँ स्थापित करने का संकल्प लिया गया है, जिससे हर वर्ष पाँच लाख विद्यार्थी तैयार होंगे। मुंबई महानगरपालिका की स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक किट्स का वितरण किया जाएगा। 75 वर्ष पहले स्थापित की गई श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ संस्था, आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। इस संस्था के माध्यम से 455 पाठशालाओं में 50,000 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। समाज में विश्वास का वातावरण निर्माण करने का कार्य इस संस्था ने किया है। अपने विभिन्न उपक्रमों के माध्यम से भगवान महावीर द्वारा दिए गए संयम और शांति के संदेश को समाज तक पहुँचाकर भावी पीढ़ी के निर्माण का कार्य इस संस्था ने किया है। मुंबई में श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा आयोजित संस्था के 75वें अमृत महोत्सव समारोह में वे मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।



इस अवसर पर उनके साथ राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा संस्था के अध्यक्ष जवाहरलाल शाह, उपाध्यक्ष संजय शाह, महिला विभाग की उपाध्यक्षा आपाबेन संजय शाह, और ट्रस्टी अशोकभाई चरला भी मंच पर उपस्थित थे। श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ ने हाल ही में अपना 75वाँ अमृत महोत्सव अत्यंत भव्यता के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्था की नई वेबसाइट का उद्घाटन और स्मारिका का प्रकाशन मान्यवरों के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा देशभर में 1000 से अधिक जैन पाठशालाएँ स्थापित करने का संकल्प लिया गया, जिससे हर वर्ष 5 लाख विद्यार्थी तैयार होंगे। साथ ही, मुंबई महानगरपालिका की स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक किट्स का वितरण किया जाएगा। इस समारोह में मुंबई के 3000 से अधिक जैन बंधु, पंडित, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभाग लिया।

सभी मान्यवरों का सत्कारपूर्वक स्वागत किया गया, और पंडितों, शिक्षकों व विद्यार्थियों का सत्कार भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि "युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक ज्ञान देकर समाज में चेतना फैलाने का जो कार्य श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ कर रहा है, उसकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। वैराग्य देशनादक्ष आचार्य भगवंत पूज्यपाद श्री हेमचंद्र सूरीश्वरजी महाराजा के शिष्य रत्न आचार्य भगवंत पूज्यपाद श्री अपराजित सूरीश्वरजी महाराजा, पन्यास प्रवरा श्री तत्वभूषण विजयजी म.सा., और मुनिराज पूज्यपाद युगंधर विजयजी म.सा. आदि ठाणा ने निश्रा प्रदान की थी, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया था। आचार्य भगवंतों ने जैन धर्म के शाश्वत सिद्धांतों, अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैन धर्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है जो आत्मा की शुद्धि और मोक्ष के मार्ग पर ले जाती है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री जवाहरलाल मोतीलाल शाह, संस्था के अध्यक्ष श्री सुरेशभाई देवचंद संघवी, उपाध्यक्ष श्री संजयभाई शाह, महिला विभाग की अध्यक्ष श्रीमती उषाबेन हेमेंद्र दोशी, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्पाबेन संजयभाई शाह और मंत्रीवर्य श्री विमलेशभाई तथा श्री किरीटभाई फोपाणी ने अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए थे। इन सभी महानुभावों ने जैन धार्मिक शिक्षा के महत्व और संस्था के भविष्य के लक्ष्यों पर जोर दिया था।

### हाइब्रिड समझौते के कारण लिया गया बड़ा फैसला

# महिला क्रिकेट विश्व कप का आया पूरा शेड्यूल

## पांच अक्टूबर को होगी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत



### टूर्नामेंट में कौन सी टीमें भाग ले रही हैं?

मेजबान भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने सीधे टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने क्वालीफायर मैच खेलकर टूर्नामेंट में जगह बनाने में कामयाब रहा। उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज क्वालीफाई करने में असफल रहा, क्योंकि क्वालीफायर के दौरान नेट रन रेट के आधार पर वह बांग्लादेश से जीतकर भी हार गया, और टूर्नामेंट से बाहर हो गया। ये टूर्नामेंट पांच स्थानों– बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और कोलंबो खेले में जाएंगे।

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण हाइब्रिड मॉडल उस वक्त वजूद में आया, जब बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। जिसके बाद हाइब्रिड समझौते के तहत भारत के तमाम मैच पाकिसितान के बजाए यूएई में खेले गए थे। इस समझौते में एक पॉइंट ये भी था कि अब पाकिस्तान की टीम भी भारत में अपने मैच नहीं खेलेगी. दिलचस्प बात ये है कि 30 सितंबर से महिला वनडे विश्व कप 2025 (Women's ODI World Cup 2025) की शुरुआत होने वाली है, जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है। पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। लेकिन भारतीय फैंस के मन में सवाल है कि पाकिस्तान अगर भारत नहीं आ रहा है तो फिर वो किस देश में क्रिकेट में खेलेंगे? ईएसपीएन क्रिकइंफो के रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान की महिला टीम अपने सभी मैच श्रीलंका में कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेलेगी. रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच महिला वनडे विश्व कप का ग्रुप मैच 5 अक्टूबर को कोलंबो में होगा। भारत के अलावा पाकिस्तान के ग्रुप मैच बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) को कोलंबो में खेले जाएंगे। महिला वनडे विश्व कप 2025 राउंड-रॉबिन चरण में खेला जाएगा, जिसमें सभी 8 टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी, और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो (पाकिस्तान के क्वालीफाई के आधार पर) में होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा. फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में खेला जाएगा। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फिर ये मैच कोलंबो में खेला जाएगा।



# मारिया क्वींस ने टेनिस टूर्नामेंट का जीता खिताब

**लंदन।** दो बच्चों की मां और बतौर क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलने वाली जर्मनी की 37 वर्षीय तात्याना मारिया ने प्रेरणा दायक प्रदर्शन करते हुए क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से पराजित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-3, 7-6 से हराया था। मारिया बीते पांच वर्ष में किसी टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में सेरेना विलियम्स ने 38 वर्ष की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था। विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। मारिया ने कहा कि वह इस खेल से प्यार करती हैं। वह इन क्षणों के लिए ही जी रही हैं। एनिसिमोवा ने कहा कि उनका परिवार बहुत प्यारा है। वह उनके बच्चों को हर जगह आते देखती हैं।

# इंग्लैंड दौरे पर शुभमन ब्रिगेड को मिला बिग बूस्ट...

## टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड में जुड़ने वाले हैं

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया 20 जून से इंग्लैंड के साथ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने वाली हैं। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई हैं। दरअसल, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर



टीम के साथ वापस इंग्लैंड में जुड़ने वाले हैं। आपको बता दें कि 13 जून को बीसीसीआई के एक सूत्र ने ईटीवी भारत को बताया था कि गौतम गंभीर पारिवारिक कारण कारणों के चलते भारत वापस लौट आए हैं। अब रिपोर्ट सामने आ रहीं है कि गौतम गंभीर जल्द ही इंग्लैंड में इंडियन क्रिकेट टीम के साथ फिर से जुड़ सकते हैं। गंभीर 20 जून को शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले ही इंग्लैंड पहुंच जाएंगे। गौतम 17 जून को टीम इंडिया के साथ जुड़ सकते हैं। ऐसा होता है तो ये भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी होगी, क्योंकि अपने कोच का साथ पाकर टीम काफी मजबूत महसूस करेंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, गौतम गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ा था और वो अस्पताल में भर्ती हैं। दिल्ली में आईसीयू में उनका उपचार किया जा रहा है. इसके बाद गंभीर इंग्लैंड से वापस भारत लौट आए थे। अब उनकी मां की हालत में सुधार बताया जा रहा है। ऐसे में गंभीर भारत से इंग्लैंड वापस लौटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज से पहले बड़ी भविष्यवाणी की हैं। क्लार्क के मुताबिक 20 जून से शुरू होने जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को भारत 3-2 से अपने नाम करेगा। क्लार्क ने एक इंटरव्यू में कहा, 'यह 3-2 से होने जा रही है। मैं भारत के साथ जाऊंगा। मैं लॉर्ड्स टेस्ट देखने जा रहा हूं। मैं भारत को खेलते हुए देखने जा रहा हूं।



### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

| | | |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20–24 जून | लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 2–6 जुलाई | बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10–14 जुलाई | लंदन (लॉर्ड्स) |
| चौथा टेस्ट | 23–27 जुलाई | मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई – 4 अगस्त | (लंदन) |

### इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत का स्क्वाड

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर और उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### करुण नायर का बड़ा दावा

# एक दिग्गज भारतीय क्रिकेटर ने मुझे रिटायरमेंट लेने के लिए कहा था, लेकिन...

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम में 7 साल के बाद करुण नायर की वापसी हुई है। इतने लंबे समय के बाद कमबैक करना आसान नहीं होता, लेकिन करुण नायर ने ये कर दिखाया। हालांकि, इस बीच उनको एक दिग्गज क्रिकेटर ने रिटायरमेंट की भी सलाह दी थी। इसका खुलासा उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर किया है। 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले करुण नायर ने बताया है कि एक दिग्गज क्रिकेटर ने उनको सलाह दी थी कि वे रिटायरमेंट लेकर टी-20 लीग्स पर फोकस कर सकते हैं और पैसे कमा सकते हैं। दरअसल, 2018 में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने के बाद 2022 के डोमेस्टिक सीजन के बाद कर्नाटक की टीम से भी उनको ड्रॉप कर दिया गया था। वे 14 महीने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले। हालांकि, नोर्थेम्प्टनशायर से उनको काउंटी खेलने के लिए कॉन्ट्रैक्ट मिला और उनका क्रिकेट करियर फिर से पटरी पर आ गया। नायर ने खुलासा किया कि एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने कहा था कि टी 20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने से उन्हें वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। हालांकि, उनका फोकस फिर से भारतीय टीम के लिए खेलने का था। डेली मेल को दिए इंटरव्यू में करुण नायर ने कहा, 'मुझे अभी भी याद है कि एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने मुझे फोन करके कहा था कि तुम्हें रिटायरमेंट ले लेना चाहिए, क्योंकि इन लीगों में मिलने वाला पैसा मुझे सुरक्षित रखेगा। ऐसा करना आसान होता, लेकिन मुझे पता था कि पैसे के बावजूद मैं इतनी आसानी से संन्यास लेने के लिए खुद को कोसता। मैं फिर से भारत के लिए खेलना के लिए गिवअप नहीं करना चाहता था। यह सिर्फ दो साल पहले की बात है और देखिए हम अब कहां हैं। यह पागलपन है, लेकिन अंदर से, मुझे पता था कि मैं काफी अच्छा हूं।'



# वेस्टइंडीज ने जीती टी-20I सीरीज

## एविन लुईस की तूफानी बल्लेबाजी से आयरलैंड चित





**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को उसके ही घर में शर्मनाक हार दी है। तीन मैचों की टी-20I सीरीज में वेस्टइंडीज और आयरलैंड के शुरुआती दो मैच बारिश के चलते रद्द किए गए थे। वहीं, तीसरे टी20आई मैच में दोनों टीमें जीत हासिल करने के इरादे से उतरी थी। तीसरे टी-20I मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए विंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 256 रन बनाए। एविन लुईस ने बल्ले से कोहराम मचाया और 44 गेंदों में 91 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान शाई होप ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। 257 रन का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम इसके जवाब में 7 विकेट पर 194 रन ही बना सकी और ये मैच वेस्टइंडीज ने 62 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने 1-0 से टी-20I सीरीज अपने नाम की। दरअसल, वेस्टइंडीज (WI vs IRE 3rd T-20I) ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20I सीरीज का तीसरा मैच 62 रनों से जीतकर सीरीज 1-0 से अपने नाम की। ब्रैडी में खेले गए इस मैच में वेस्टइंडीज के लिए डेब्यू कर रहे कीसी कार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले दो मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज ने धमाकेदार बल्लेबाजी की।

# भारतीय हॉकी पुरुष और महिला टीम को ऑस्ट्रेलिया से मिली हार



### भारतीय महिला टीम ने 1–2 से गंवाया मैच

एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) में सलीमा टेटे की कप्तानी वाली इंडियन विमेंस टीम को शानदार मुकाबले में अंतिम 30 सेकेंड में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार नसीब हुई। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ तक 1–0 की बढ़त बना रखी थी। मैच के दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया ने गोल कर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया. इस मैच में अब अंतिम 31 सेकंड बचे थे तब ऑस्ट्रेलिया ने पेनल्टी कार्नर हासिल किया और भारतीय बिछु देवी गोल नहीं रोक पाईं और भारत 1–2 से मैच हार गई। ये लगातार दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के सामने भारतीय महिला टीम की दूसरी हार है।

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के लिए रविवार का दिन निराशाजनक रहा। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों के ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला हॉकी टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही भारत की दोनों टीमों को लगातार 2 दिन के अंदर ऑस्ट्रेलिया से दूसरी हार मिली है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (पुरुष) में हार्दिक सिंह की कप्तानी वाली भारतीय मेंस हॉकी टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई। इस रोमांचक मैच में भारत को 2-3 से हार का सामना करना पड़ गया। एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा संस्करण में ये भारत पुरुष टीम की टूर्नामेंट में लगातार छठी हार है। भारत के लिए संजय और दिलप्रीत सिंह ने एक-एक गोल किया, जबकि ब्लेक ग्लोवर्स, टिम ब्रांड और कूपर बर्न्स ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए गोल किए। संजय ने तीसरे मिनट में गोल कर भारत को 1-0 आगे कर दिया। हाफ टाइम तक ऑस्ट्रेलिया दो गोल की बढ़त बनाए हुए था लेकिन तीसरे क्वार्टर में भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने मैच के 36वें मिनट में गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम कोई और गोल नहीं कर पाई और 2-3 से हार गई। इस हार के साथ ही भारत अब अंक तालिका में 15 प्वाइंट्स के साथ छठे स्थान पर खिसक गया है। इससे पहले लेग में भारतीय टीम नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच हार चुकी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टीम की हार का सिलसिला जारी रहा और ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ लगातार दो मैच हार गई।

# पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस ने 12वीं बार तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

## पहली बार घर पर बनाया कीर्तिमान



**स्वीडन।** मोंडो डुप्लांटिस ने अपने करियर में 12वीं बार पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने और फिर उसे तोड़ने में माहिर स्वीडिश एथलीट ने 12वीं बार ऐसा किया। यह उपलब्धि स्टॉकहोम में वांडा डायमंड लीग मीटिंग में हासिल की गई। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने 1912 ओलंपिक स्टेडियम में 6.28 मीटर की छलांग लगाई और फरवरी में क्लेरमोंट-फेरैंड में बनाए गए 6.27 मीटर के अपने पिछले वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के कुर्टिस मार्शल डुप्लांटिस को कड़ी टक्कर दे रहे थे, लेकिन वे 5.90 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने में सफल रहे, लेकिन छह मीटर के निशान को पार करने के लिए तीन असफल प्रयास किए। इससे डुप्लांटिस एकमात्र दावेदार रह गए और उन्होंने अपने अंतिम प्रयास में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। स्वीडिश पोल वॉल्टर इस उपलब्धि के बाद खुशी से उछलते हुए देखे गए। उन्होंने उपलब्धि के बाद स्टेडियम में अपनी पहली छलांग को याद किया। अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के बाद डुप्लांटिस ने कहा, 'मैं अभी पूरी तरह से संतुष्ट महसूस कर रहा हूं. यहां मेरे बहुत सारे परिवार हैं। जब मैं 11 साल का था, तब मैंने पहली बार इस स्टेडियम में छलांग लगाई थी, तब बारिश और ठंड थी, और मैं चार मीटर से भी कम की छलांग लगा पाया था- यह मेरी उम्र के हिसाब से काफी अधिक थी। मैं अभी इसका आनंद लेने जा रहा हूं, इस पल का आनंद लेने जा रहा हूं'।

### शतरंज टूर्नामेंट दिल्ली ओपन 2025

# अभिजीत गुप्ता ने चौथी बार जीता खिताब



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़ी पुरूस्कार राशि वाले इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट दिल्ली ओपन 2025 का खिताब भारत के ग्रांडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने अपने नाम कर लिया है  यह दिल्ली ओपन का 21वां संस्करण था । अंतिम राउंड में उन्होंने हमवतन इंटरनेशनल मास्टर अरोण्यक  घोष से  ड्रॉ खेला और 8.5/10 अंकों के साथ चैंपियन बन गए। यह अभिजीत का इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में चौथा खिताब है-इससे पहले वे 2008, 2014 और 2020 में विजेता रह चुके हैं। दूसरे स्थान के लिए पाँच खिलाड़ियों मे बराबरी के अंक पर टक्कर थी और क्यूंकी सभी नें 8 अंक बनाए पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर मिखाइल निकितेंको (बेलारूस), दीप्तयान घोष, अरोण्यक घोष, आदित्य एस समंत और जीएम डक हुआ गुयेन (वियतनाम) क्रमशः  दूसरे से छठे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में कुल 419 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनमें 24 ग्रांडमास्टर, 20 इंटरनेशनल मास्टर और 2 महिला इंटरनेशनल मास्टर शामिल थे। यह आठ दिवसीय 10 राउंड की फिडे रेटेड स्पर्धा दिल्ली शतरंज संघ द्वारा 7 से 14 जून 2025 तक नई दिल्ली के तिवोली गार्डन में आयोजित की गई। समय नियंत्रण 90 मिनट + 30 सेकंड प्रति चाल था। कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ थी, जिसमें केवल कैटेगरी A के लिए 51 लाख निर्धारित किए गए थे। विजेता को 7 लाख, द्वितीय स्थान को 6 लाख और तृतीय स्थान को 5 लाख और ट्रॉफी दी गई।22वां दिल्ली ओपन 2026 में 11 से 18 जनवरी के बीच आयोजित होगा, जिसकी पुरस्कार राशि 1.31 करोड़ होगी।

# इंग्लैंड दौरा : डी दीपेश और नमन पुष्पक भारतीय अंडर–19 टीम में शामिल




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि डी दीपेश और नमन पुष्पक को चोटिल आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। यह दौरा 24 जून से 23 जुलाई तक चलेगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'जूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह क्रमशः डी दीपेश और नमन पुष्पक को टीम में शामिल किया है।' दीपेश और नमन दोनों ही दौरे के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चल रहे हाई परफोर्मेंस शिविर के दौरान आदित्य को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ जबकि खिलान को दाएं पैर में चोट लगी। टीम की अगुआई आयुष म्हात्रे करेंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था।



# साई सुदर्शन ने सुंदर को बताया अपनी प्रेरणा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 20 जून से इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने वाली हैं. इस सीरीज में तमिलनाडु के दो खिलाड़ी खेलते हुए नजर आयेंगे। जिनमें वाशिंगटन सुंदर और साई सुदर्शन का नाम शामिल हैं। ये दोनों ही खिलाड़ी चेन्नई के रहने वाले हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली इस सीरीज से पहले साई सुदर्शन ने वाशिंगटन सुंदर को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उनके इस बयान ने काफी क्रिकेट फैंस को हैरान कर दिया है। सुदर्शन ने सुंदर को अपनी प्रेरणा बताया है। उनकी इस बात के फैंस हैरान रह गए हैं। सुदर और सुदर्शन की उम्र में ज्यादा फर्क नहीं हैं। सुदंर की उम्र 25 साल है तो सुदर्शन की उम्र 23 साल हैं। सुदर्शन इंडियन क्रिकेट में धोनी, रोहित और कोहली जैसा नाम भी नहीं हैं। ऐसे में सुदर को अपनी प्रेरणा बताना फैंस को हैरान कर रहा है। दरअसल, बीसीसीआई की ओर से दोनों खिलाड़ियों के टीम फोटोशूट का एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में साई सुदर्शन और वाशिंगटन सुंदर एक साथ नजर आ रहे हैं और दोनों एक दूसरे को लेकर बात भी करते हुए देखे जा सकते हैं। इस वीडियो में सुदर्शन ने कहा, 'मैं बहुत छोटी उम्र से ही वाशिंग्टन सुंदर के साथ खेल रहा हूं। हमने चेन्नई के लिए भी उनकी ओर से खेला है. हमने एक दूसरे के खिलाफ भी खेला है। हम साथ में अभ्यास भी करते हैं। उन्होंने जिस तरह से क्रिकेट खेला है वो बहुत जल्द इंडिया के लिए खेल लिए। इसके बाद उन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। वह मेरे लिए अच्छे मोटिवेर रहे हैं। मैं उनसे सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ हूं। वह मेरे प्रेरणास्रोतों में से एक हैं'। इसी वीडियो में आगे वाशिंगटन सुंदर ने कहा, 'पिछले 3-4 सालों में साई सुदर्शन का प्रदर्शन और बेहतर होता गया है। मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मैंने जितनी बार उन्हें टीवी पर देखा हैं. मैं उससे बहुत कुछ सीखा है। वो बहुत से बच्चों को जो क्रिकेटर बनना चाहते हैं उन्हें प्रेरित किया है खास कर चेन्नई के युवा क्रिकेटर्स को।

# बारिश के बीच घर के बाहर भीड़ देख इमोशनल हुए बिग बी




अमिताभ बच्चन बारिश के बावजूद रविवार को उनके घर के बाहर पहुंचने वाले फैन्स का आभार जताया है। उन्होंने अपने ब्लॉग में लिखा है कि उन्होंने बहुत समझाया कि बारिश में न खड़े हों, घर जाएं पर फैन्स अड़े रहे। अमिताभ ने लिखा के उनके मन सबके लिए दिल से सम्मान है। बिग बी ने यह भी लिखा कि वह नहीं चाहते थे कि वहां से हटें लेकिन बारिश तेज थी और उनकी वजह से लोग भीग रहे थे। उन्होंने बारिश में खड़े लोगोंस की कई तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा है. 'मूसलाधार बारिश लेकिन वो खड़े रहे, अड़े रहे।

इस स्नेह का मेरे पास कोई उत्तर नहीं, न कोई शब्द। बस ईश्वर की कृपा बनी रहे मुझ पर नहीं– उन पर जिनका स्नेह कोई भी बारिश नहीं रोक सकती। बहुत कहा कि घर जाओ, पानी बरस रहा है, लेकिन नहीं, खड़े रहे, अड़े रहे। मैं नतमस्तक हूं उनके सामने।' बिग बी आगे लिखते हैं, 'भारी बारिश थी और वे अनुशासन और सम्मान में खड़े थ... नहीं ऐसा नहीं है, मैं उन लोगों के लिए सम्मान व्यक्त करता हूं... बगल की बिल्डिंगों से वे प्यार से हाथ हिला रहे थे... मैंने उनको और उनकी हर कोशिश को नोटिस करने का प्रयास किया उन्होंने इसे देखा भी, यह बहुत अच्छी फीलिंग थी।' अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'मैं पलटना नहीं चाहता था लेकिन बारिश... वे भीग रहे थे। जब मैं मुड़ जाऊंगा तो वे भी चले जाएंगे और भीगेंगे नहीं। यह ईश्वर की कृपा है...भगवान करें ये प्यार और स्नेह हमेशा बना रहे...मेरा प्यार और सम्मान हमेशा रहेगा।'



# कियारा अडवानी ने शेयर की बेबी शावर की तस्वीर



## बच्चे के लिए मन्नत मांगते नजर आए दोनों

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा अडवानी अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर को एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं और जल्द मां बनने वाली हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा भी एक अच्छे पति और होने वाले पिता की तरह एक्ट्रेस का ख्याल रख रही हैं। ऐसे में एक्ट्रेस ने फादर्स डे के मौके पर अपने बेबी शावर की अनदेखी तस्वीर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया।

कियारा ने अपने पिता, ससुर और सिद्धार्थ को फादर्स डे की बधाई देते हुए तस्वीरें शेयर की थी। कियारा प्रेग्नेंसी में भी सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं और अपने फैंस को अपडेट देती रहती हैं। फादर्स डे के मौके पर एक्ट्रेस ने चार खूबसूरत तस्वीरें शेयर की थीं। पहली तस्वीर में वो अपने पिता को गले लगाए हुए हैं। अगली तस्वीर उनके बचपन की है जिसमें वो अपने पिता और भाई के साथ हैं। तीसरी तस्वीर में सिद्धार्थ और उनके पिता यानी एक्ट्रेस के ससुर हैं। चौथी तस्वीर में कियारा और सिद्धार्थ केक कटिंग सेरेमनी एन्जॉय करते दिख रहे हैं। इस तस्वीर में कियारा और सिद्धार्थ केक कटिंग से पहले कोई मन्नत मांगते दिख रहे हैं। केक पर बेबी लिखा हुआ है, ये बेबी शावर की तस्वीर है। बता दें, कियारा और सिद्धार्थ ने जनवरी 2023 में राजस्थान जाकर शादी कर ली थी। इस शादी में इंडस्ट्री के कुछ खास लोग शामिल हुए थे। शादी के करीब दो साल बाद इस साल फरवरी में स्टार कपल ने एक जॉइंट पोस्ट के जरिए बताया कि वो दोनों पेरेंट्स बनने वाले हैं। एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की वजह से उनके हाथ से डॉन 3 जैसी जाने की खबर है। वहीं सिद्धार्थ अपनी फिल्म परम सुंदरी के अंतिम चरण की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म में जाह्नवी कपूर के साथ वो रोमांस करते नजर आएंगे।

# द ट्रेटर्स में कैमरा बंद होते ही उर्फी ने अपूर्वा को दी गालियां



## कहा-तुम्हारी औकात नहीं है मुझसे बात करने की

द ट्रेटर्स में नजर आ रही उर्फी जावेद और अपूर्वा मखीजा के बीच विवाद हो गया है। अपूर्वा ने हाल में बताया कि शो के दौरान उर्फी ने कैमरा बंद होते ही उन्हें गाली दी थी और औकात में रहने की बात कही थी। करण जौहर का नया शो द ट्रेटर्स की धमाकेदार शुरुआत के बाद कंटेस्टेंट के बीच विवाद होते देखे जा रहे हैं। शो की शुरुआत ने एक दूसरे को दोस्त कहने वाली, बहन–कोड शेयर करने वाली उर्फी जावेद और अपूर्वा मखीजा का रिश्ता अब दोस्ती भरा नहीं रहा।दोनों के बीच जबरदस्त टकराव हुआ है। बात इतनी बढ़ गई कि उर्फी ने अपूर्वा को उनकी औकात से बाहर का बता दिया। जन्नत जुबेर ने रोती हुई अपूर्वा को सहारा दिया। दरअसल, शो के दौरान अपूर्वा रो रही थीं और उर्फी उनसे उनके रोने की वजह बार–बार पूछ रही थीं।



ऐसे में अपूर्वा ने परेशान होते हुए जवाव दिया कि सब कुछ तुम्हारे बारे में नहीं होता है। उर्फी को ये बात बुरी लगी और उन्होंने खुद को सीनियर बताते हुए खुद को इज्जत देने की बात कही। रविवार को अपूर्वा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने उर्फी के साथ हुए विवाद की पूरी बात सामने रखी। उन्होंने बताया कि शो में आने से पहले उनका अपनी मां से झगड़ा हुआ था और उन्हें वादा किया गया था कि शो के दौरान दिन में तीन बार फोन कर सकेंगी। लेकिन जब उन्होंने कॉल करने की रिक्वेस्ट की तो शो की टीम ने मना कर दिया, जिससे वह बेहद इमोशनल हो गईं और रोने लगीं। अपूर्वा ने बताया कि जन्नत ने उन्हें संभाला, लेकिन उर्फी के बार–बार सवाल करने से वो चिढ़ गई थीं और उन्होंने जवाब दिया। अपूर्वा ने आगे बताया कि कैमरे बंद हो चुके थे और सभी पैलेस की तरफ जा रहे थे तब उर्फी ने उन्हें गाली थी, आगे अपूर्वा ने उन्हें शांति से कहा कि उन्हें आराम से कहना चाहिए।

# कृति होंगी डॉन 3 में रणवीर की रोमा?

## एक्ट्रेस का रिएक्शन हो रहा है वायरल






फरहान अख्तर एक्टर रणवीर सिंह को लेकर अपनी सबसे खास फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट बना रहे हैं। फिल्म अनाउंसमेंट का वीडियो भी शेयर किया गया था। इस फिल्म में कियारा अडवानी लीड हीरोइन के तौर पर नजर आने वाली थीं। लेकिन अपनी प्रेग्नेंसी और मैटरनिटी लीव की वजह से एक्ट्रेस इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गईं। ऐसे में मेकर्स को डॉन 3 के लिए एक नई एक्ट्रेस की तलाश थी। उनकी तलाश कृति पर खत्म हुई। हाल में ऐसी खबर सामने आई थी कि कियारा अडवानी को रिप्लेस कर कृति सेनन लीड हीरोइन के तौर पर नजर आ सकती हैं। इस खबर को कन्फर्म तो नहीं किया गया है, लेकिन हाल में कृति के रिएक्शन ने बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें कृति सेनन को देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने नीले रंग की खूबसूरत ड्रेस पहनी हुई है। इस दौरान पैपराजी उनसे डॉन 3 में कास्ट किए जाने का सवाल करते हैं, उन्हें लेडी डॉन कहकर पुकारते हैं। कृति, बिना कुछ कहे पैपराजी की इन बातों पर मुस्कुराती हुई नजर आती हैं। पैपराजी कहते हैं, 'कृति जी, डॉन 3, लेडी डॉन, रुकिए न यहां पे लेडी डॉन। इस दौरान कृति अपनी मुस्कराहट नहीं रोक पाती। इस वीडियो में कृति के रिएक्शन देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को यकीन हो गया है कि डॉन 3 में कृति सेनन की एंट्री हो चुकी है। एक यूजर ने लिखा, 'परम सुंदरी अब डॉन लेडी', एक और यूजर ने लिखा, 'मैं हूं डॉन, उफ़ ये अदाएं', एक और यूजर ने लिखा, 'डॉन में इन्हें देखने में मजा आएगा।'

# 'उसकी जीने की इच्छा खत्म हो गई थी...'

## राहुल देव ने बताया भाई मुकुल देव की मौत का सही कारण

बॉलीवुड एक्टर मुकुल देव के अचानक निधन ने फिल्म इंडस्ट्री को हैरान कर दिया था। एक्टर के निधन के पीछे डिप्रेशन और उनके बढ़े हुए वजन को बताया गया था। लेकिन अब उनके बड़े भाई राहुल देव ने हाल में दिए एक इंटरव्यू में मुकुल के निधन के सही कारण को बताया है। साथ ही ऐसे लोगों को करारा जवाब दिया है जो उनके भाई की मौत पर टिप्पणी कर रहे हैं। एक्टर ने बताया कि जो लोग आज उसकी मौत का कारण बता रहे हैं, उन्होंने उनके भाई को पूछा तक नहीं। एक्टर ने कहा, 'वह साढ़े आठ दिन तक आईसीयू में रहा। डॉक्टर्स और मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक मुकुल का निधन उनकी खराब खान–पान की आदतों की वजह से हुआ। पिछले चार–पांच दिनों में उसने खाना–पीना बिल्कुल बंद कर दिया था। वह अकेला महसूस करता था, और उसकी जिंदगी जीने की इच्छा खत्म हो गई थी। उसने कई काम के ऑफर ठुकरा दिए। अब जाकर, सभी रस्में पूरी करने के बाद, उसे सच्चाई का एहसास हो रहा है, और मुझे पता है कि दर्द और गहरा होगा।' राहुल ने बताया कि मुकुल अपने पिता की देखभाल के लिए साल 2019 में ही दिल्ली शिफ्ट हो गए थे। उसी साल एक्टर के पिता का निधन हो गया और साल 2023 में मां भी चल बसी। एक्टर ने बताया कि उनके भाई मुकुल अपनी बेटी को बहुत याद करते थे। उन्होंने अपना ध्यान रखना बंद कर दिया था, अकेले रह रहे थे। राहुल ने बताया कि उनका भाई डिप्रेशन का शिकार नहीं था। राहुल ने उनके भाई के निधन पर कमेंट करने वालों को जवाब देते हुए कहा, जो लोग अब बोल रहे हैं, वो उनके संपर्क में भी नहीं थे।





## आमिर खान ने बताया

# हिंदू बीवियां होने के बाद भी बच्चों के नाम क्यों हैं आइरा, जुनैद और आजाद खान



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान दो बार हिंदू धर्म की महिलाओं से शादी करके तलाक ले चुके हैं। तीसरी बार भी उन्हें गौरी नाम की हिंदू लड़की से प्यार हुआ। वह एक टॉक शो में पहुंचे तो उनसे सवाल किया गया कि उनकी उनकी बीवियां हिंदू हैं फिर भी बच्चों के नाम मुस्लिम क्यों रखे हैं। इस सवाल का आमिर ने काफी इंट्रेस्टिंग जवाब दिया। बता दें कि आमिर के बच्चों के नाम आइरा (इरा), जुनैद और आजाद हैं। आपकी अदालत में आमिर खान ने खुद पर लगे कई आरोपों का जवाब दिया। रजत शर्मा ने उनसे पूछा कि आमिर की पहली पत्नी का नाम रीना है, दूसरी का किरण और होने वाली पत्नी का नाम गौरी है। ये तीनों देवियों के नाम हैं लेकिन बच्चों के नाम आइरा खान, जुनैद खान और आजाद खान क्यों हैं? इस पर आमिर ने जवाब दिया, 'मेरे बच्चों के नाम जो रखे हैं, ये मेरी बीवियों ने रखे हैं। इसमें मेरी दखलंदाजी नहीं थी। आप भी एक पति हैं और आप जानते हैं कि पतियों की चलती नहीं है। बीवियां ही तय करती हैं कि बच्चे का नाम क्या होगा। रीना ने जुनैद और आइरा (इरा) नाम चुना था।' आमिर आगे बोलते हैं, 'आपको एक और बात बताऊं इरा सरस्वती का एक नाम है। आपने इरावती सुना होगा। इरा उसी का शॉर्ट फॉर्म है। रीना ने यह नाम मेनका गांधी की किताब से लिया था जिसका टाइटल है Book Of Hindu Names. आमिर ने बताया, 'आजाद का नाम किरण ने रखा है। यह नाम इसलिए चुना क्योंकि हम मौलाना आजाद के परिवार से हैं। उन्होंने हमारे देश की आजादी के लिए बहुत त्याग किए थे। वह नेहरूजी, गांधीजी और पटेलजी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। वह हमारे लिए प्रेरणा हैं। पर आजाद मुस्लिम नाम नहीं है। आपने चंद्रशेखर आजाद के बारे में सुना है? इसलिए आजाद किसी धर्म से जुड़ा नहीं है,

# गौरी खान ने बनवाया है एक गुप्त दरवाजा

**उसी से आते-जाते हैं शाहरुख, आर्यन और सुहाना**



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान का मुंबई स्थित रेस्त्रां तोरी (Torii) सिर्फ टेस्ट ही नहीं, इसके इंटीरियर की वजह से भी बहुत खास है। गौरी खान ने खुद इसे डिजाइन किया है और कम लोग जानते हैं कि इसमें गौरी ने एक गुप्त दरवाजा भी बनवाया है जिससे उनके पति शाहरुख खान और बच्चे (आर्यन, अबराम और सुहाना) आ जा सकते हैं। एक इंटरव्यू में रेस्त्रां के हेड शेफ स्टीफेन गदित ने इस गुप्त दरवाजे के बारे में बताया जिसे रेस्त्रां में खासतौर पर खान परिवार के लिए बनाया गया है। शाहरुख खान और उनके परिवार का कोई भी सदस्य कहीं जाता है तो भीड़ लग जाती है। बेहिसाब फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए वहां जमा हो जाते हैं। रेस्त्रां में बनाया गया यह गुप्त दरवाजा इसी मुश्किल का हल है। हेड शेफ स्टीफन ने द इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में बताया कि शाहरुख खान और उनका परिवार अक्सर यहां पर खाने आता है, या कई बार जब वो नहीं आ पाते हैं तो घर पर खाना ऑर्डर कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि रेस्त्रां में एक खासतौर पर बनाया गया गुप्त दरवाजा है जो कि खान परिवार के आने–जाने के लिए है। स्टीफन ने बताया कि इस गुप्त दरवाजे से आने–जाने की अनुमति हर किसी को नहीं है। सिर्फ खान परिवार के सदस्य और कुछ खास सेलेब्रिटी ही यहां से आते–जाते हैं। इसी इंटरव्यू में स्टीफन ने बताया कि अबराम कई बार घर बैठे खाना ऑर्डर करते हैं। वहीं सुहाना और आर्यन कई बार अपने दोस्तों के साथ यहां इस रेस्त्रां में आते हैं। शेफ ने बताया कि शाहरुख खान और गौरी के सबसे छोटे बेटे को रेस्त्रां में सुशी खाना पसंद है, जबकि वह खुद लैम्ब चॉप्स खान पसंद करते हैं, वहीं गौरी खान थाई करी खाना पसंद करती हैं। स्टीफन ने बताया कि शाहरुख खान की मैनेजर पूजा का बर्थडे सेलिब्रेशन भी इसी रेस्त्रां में किया जा चुका है।

# जियो हॉटस्टार पर 11 जुलाई से शुरू होगी डिजिटल जंग

## हिम्मत सिंह की दमदार वापसी

जब दुश्मन परदे के पीछे छिपकर वार करता है और कोई आवाज़ नहीं होती, तब हालात को समझकर सुलझाने वाला बस एक ही शख्स होता है – हिम्मत सिंह। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुचर्चित सीरीज़ स्पेशल ऑप्स के दूसरे सीज़न का धमाकेदार ट्रेलर लॉन्च कर दिया है, जिसमें असल मुद्दों को रोमांचक अंदाज़ में पेश किया गया है। केके मेनन एक बार फिर आरएंडएडब्ल्यू अधिकारी हिम्मत सिंह के किरदार में लौट रहे हैं। यह नया सीज़न पहले से कहीं ज़्यादा गंभीर, गहराई से भरा और अत्यावश्यक मिशन के साथ तैयार है।

एक अस्थिर वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में सेट स्पेशल ऑप्स 2 आज की बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को उजागर करता है। युद्ध अब सीमाओं पर नहीं बल्कि क्लाउड में लड़े जा रहे हैं, और दुश्मन हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में शामिल हो चुका है। जैसे–जैसे समन्वित साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती देने लगते हैं, हिम्मत सिंह और उनकी विशेष टीम एक खामोश जंग में कूद पड़ती है—एक ऐसी लड़ाई जिसमें न तो कोई शोर है, न धुआं और न ही कोई साफ़ निशान, लेकिन असर पूरी तरह झकझोर देने वाला है।



शिवम नायर के निर्देशन में बनी इस सीरीज़ में प्रकाश राज, विनय पाठक, करण टैकर, सायमी खेर, मुज़म्मिल इब्राहिम, गौतमी कपूर, परमीत सेठी और काली प्रसाद मुखर्जी जैसे बेहतरीन कलाकार शामिल हैं, जो स्पेशल ऑप्स 2 की दुनिया में गहराई और बारीकी लेकर आते हैं। जियोस्टार के आलोक जैन ने कहा कि स्पेशल ऑप्स 2 के साथ हमने रोमांचक, साहसिक और असरदार कहानियाँ पेश करने के अपने वादे को निभाया है। यह सीज़न सीरीज़ की वापसी नहीं है, बल्कि मौजूदा साइबर खतरों और डिजिटल युद्ध के जटिल माहौल के लिए एक प्रासंगिक और सिनेमाई प्रतिक्रिया भी है।

# अजय देवगन की रेड 2 की OTT प्रीमियर डेट आई सामने

अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' को थिएटर ऑडियंस से जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी और एक्टर्स की परफॉर्मेंस ने ऑडियंस को इम्प्रेस कर दिया। अब ये फिल्म अपनी रिलीज के करीब दो महीने बाद OTT प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में रितेश देशमुख ने विलेन का रोल निभाया है और वाणी कपूर की एंट्री हुई है। OTT ऑडियंस फिल्म का इंतजार कर रही थी। जानिए किस दिन से किस प्लेटफार्म पर देखी जा सकेगी अजय देवगन की ये फिल्म।



अजय देवगन की रेड 2, 27 जून 2025 यानी अगले हफ्ते से नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकेगी। फिल्म में अजय देवगन IRS ऑफिसर अमय पटनायक के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी अमय पटनायक पर रिश्वत मांगने के आरोपों से शुरू होती है। इस किरदार का ट्रांसफर होता है जहां किरदार की मुलाकात फिल्म के विलन दादा भाई यानी रितेश देशमुख से होती है और यहीं से शुरू होती है रेड। एक ऐसी कहानी जिससे ऑडियंस जुड़ जाती है। 120 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनिया भर में 238।33 करोड़ की कमाई की। ये एक हिट फिल्म है।राज कुमार गुप्ता के डायरेक्शन में बनी फिल्म में अजय देवगन और रितेश देशमुख के अलावा, सौरभ शुक्ला, रजत कपूर, वाणी कपूर, अमित सियाल, सुप्रिया पाठक, यशपाल शर्मा, श्रुति पांडे और बृजेंद्र काला जैसे एक्टर्स नजर आए हैं। फिल्म को प्रोड्यूस किया है भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत और अभिषेक पाठक ने।